# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# कैमरा लगवाने में नहीं किया जागरूक दारोगा और सिपाही लाइन हाजिर

## एडीजी ने तिवारीपुर इलाके का रात में लिया था जायजा

**गोरखपुर(एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने गोरखपुर सहित जोन के सभी जिले में त्रिनेत्र अभियान के तहत हर घर कैमरा लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी दी है। बहुत हद तक कायमबी मिल गयी जिसकी वजह से अपराधों में कमी आयी है। बीती रात एडीजी खुद तिवारीपुर इलाके में दौरा कर जमीनी हकीकत जानने की कोशिश की तो पता चला कि इस अभियान में तिवारीपुर थाने के नरसिंहपुर, घासी कटरा इलाके के हल्का दरोगा विनय कुमार पांडेय व बीट सिपाही दीपक शुक्ला की लापवाही सामने आयी जहां वह तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया है।

**तिवारीपुर थाने के बीट दारोगा और सिपाही पर गिरी गाज**

**इंजीनियरिंग कालेज के दीवान को एडीजी ने किया सम्मानित**

वही एडीजी ने इस काम में उत्कृट प्रदर्शन करने वाले व जनता के बीच में अच्छी छवि बनाने वाले कैन्ट थाने के इंजीनियरिंग कालेज चौकी के दिव्यनगर इलाके के बीट दीवान अजीत कुमार तिवारी को प्रशस्ति पत्र देकर मंगलवार को सम्मानित किया है। दरअसल एडीजी अखिल कुमार जिले में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए त्रिनेत्र अभियान चला रहे हैं। इसमे एक अभियान हर घर कैमरा अभियान है। जिसके तहत पुलिसकर्मियों को अपने इलाके में लोगो को कैमरा लगवाने के लिए जागरूक करना है।

अपने घर पर कैमरा लगवाने वाले लोगो को त्रिनेत्र मित्र व चौराहों को गोद लेकर कैमरा लगवाने वाले प्रधान, व्यापारी, गड़मान्य व्यक्तियों व सांसद विधायक को सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में एडीजी 12 नवम्बर 2022 को कैन्ट के दिव्यनगर गए थे और वंहा लोगो से जानकारी ली थी। जहां उन्होंने पाया कि दीवान का काम सराहनीय है वही 14 नवम्बर 2022 को एडीजी तिवारीपुर इलाके में गए तो इस काम मे वंहा के हल्का दरोगा व सिपाही की इस काम मे कोई रुचि नही दिखी जिसके बाद मंगलवार को एडीजी ने यह कार्यवाई की।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर(एसएनबी)।** महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के तरकुलवां तिवारी निवासी जालसाज अजीम पुत्र अमीन अपना नाम बदलकर प्रिंस सिंह के नाम से बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाता था। जालसाज केखिलाफ कैंपियरगंज और शाहपुर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओं में पहले से ही केस दर्ज है। जालसाजी के मामले में कुछ माह पहले ही जेल से बाहर आया है। गुलरिहा पुलिस ने आरोपी अजीम को गिरफ्तार कर लिया।

### कैंपियरगंज और शाहपुर थाने में दर्ज है कई मुकदमे

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाते हैं। जालसाज अजीम ने बिहार प्रांत के मिलन साह , सुभाष दुबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से अनलाइन पैसा भारत कंप्यूटर के खाते में दुबई जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट बनवाने के नाम पर मंगवा लिया इसके पश्चात दुकान के संचालक से कहा कि जो लोग पैसा भेजे हैं , उनका विदेश जाने का कार्यक्रम निरस्त हो गया हैऐसे में उन्हें नगद पैसा वापस कर दिलिए। कंप्यूटर के संचालक ने अजीम को टिकट के नाम पर खाते में आने वाले पैसे को नगद वापस कर दिया। उधर आरोपी ने बिहार प्रांत के बेरोजगारों को दूसरे के हवाई जहाज टिकट पर कूट रचित तरीके से फर्जी नाम लिखकर दे दिया. जब विदेश जाने के लिए बेरोजगार दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो , वहां उन्हें टिकट फर्जी बताकर वापस कर दिया गया।

परेशान होकर बेरोजगार भटहट स्थित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे भारत कंप्यूटर के संचालक महफूजुर रहमान को उसके दुकान के नाम पर जालसाजी की जानकारी मिली तो उसने आरोपी अजीम के विरुद्ध गुलरिहां थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया। जालसाज अजीम को बिहार प्रांत के ठगी के शिकार हुए बेरोजगार प्रिंस सिंह निवासी शाहपुर थाना के नाम से जानते थे। जालसाज ने बेरोजगारों को इसी नाम से आधार कार्ड भी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा था।पुलिस जालसाज की खोज शुरू की तो उसका लोकेशन गुलरिहां थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में एक महिला मित्र के घर मिला ,पुलिस ने छापेमारी कर जालसाज को गिरफ्तार कर लिया।

जालसाज से पूछताछ के आधार पर हवाई जहाज के टिकट व आधार कार्ड को एडिट करने के आरोप में महराजगंज जनपद के परतावल बाजार में कंप्यूटर की दुकान चलाने वाले गुफरान पुत्र बहाउद्दीन निवासी छातीराम थाना श्यामदेउरवां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जालसाज के पास से तीन अदद कूट रचित हवाई यात्रा टिकट की प्रति, दो अदद कूट रचित आधार कार्ड एवं उसके सहयोगी दुकानदार से एक अदद कलर्ड प्रिन्टर, एक अदद सीपीयू बरामद हुआ है. जांच में यह भी जानकारी मिली कि उसकी पहली पत्नी बच्चों के साथ तरकुलवां तिवारी में रहती है जबकि वह अन्य महिला के साथ रिलेशनशिप में इधर-उधर ठिकाना बनाकर रहता था।




धोखाधडी के मामले में गिरफ्तार अपराधी के साथ पत्रकार वार्ता करती पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

# तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम सभा इब्राहिमपुर गांव के सामने एक युवक को एक 315 बोर अवैध तमंचे व 315 का एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सोनू उर्फ जय प्रकाश पुत्र द्वारिका सिंह निवासी भटगांवा थाना चौरी चौरा जिल गोरखपुर का रहने वाला है।

# दो घंटे तक चला पोस्टमार्टम वीडियो रिकार्डिंग भी हुई

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिता व दो पुत्रियों के शवों का पोस्टमार्टम लगभग दो घंटे तक चला। इस दौरान इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी करायी गयी। दो चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। फिलहाल अभी तक तो यही निकलकर आ रहा है कि तीनों ने खुदकुशी की है।

धोबी गली घोसीपुरवा मुहल्ला निवासी ओमप्रकाश श्रीवास्तव के दिव्यांग पुत्र जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव बीती रात अपनी दो पुत्रियों संग फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह ओमप्रकाश को उस समय हुई जब वे गार्ड की ड्यूटी खत्म करके अपने घर पहुंचे। इधर इसकी जानकारी पाकर पुलिस-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और शाहपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम भी संग थी। इसके बाद तीनों शवों को कमरे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। वहां दो डाक्टरों की टीम ने लगभग दो घंटे तक शवों का पोस्टमार्टम किया और इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी करायी गयी।

# मौत के पीछे की वजह खंगालेगी पुलिस : एसएसपी

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मौत की वजह जानने के लिए पुलिस को जांच करने को आदेश दिया है। जिससे यह बात सामने आ सके कि पिता और पुत्री मौत को गले लगाने के पीछे राज क्या हैं?। कुछ लोगों का कहना है कि शाहपुर इलाके में सूदखोरों का बड़ा रैकेट काम करता है। जिस व्यक्ति को सूद पर पैसा देते है। उससे पैसा लेते समय पूरे परिवार को कंगाल कर देते है। जानकारों का मानना है कि पुलिस सूद पर पैसा लेने वाले एंगल पर जांच करें तो कुछ हद तक मौत की वजह सामने आ सकती हैं। घटना स्थल पर पहुंचे एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर का कहना है कि पिता और दो बेटियों की मौत की वजह आर्थिक तंगी नहीं लग रही है। पूरे जांच के दौरान मामला साफ हो जाएगा।

**अलर्ट** पब्लिक के पास ट्विटर हैंडल पर ब्ल्यू टिक दिलाने के आ रहे मैसेज

# ब्ल्यू टिक के लिए जालसाज एक्टिव, मांग रहे पैसा

**i ALERT**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (15 Nov): सावधान क्या आपको ऐसे मैसेज आ रहे हैं... 'प्रिय ट्विटर यूजर आपको क्रिसमस से पहले ब्ल्यू टिक मंजूरी के लिए डिस्काउंट के साथ स्पेशल ऑफर दिया जा रहा है, इस ऑफर का फायदा उठाने के लिए नीचे दिए गए लिंक को खोलें'. अगर ऐसे मैसेज आपके मोबाइल या मेल पर आ रहे हैं तब गलती से भी ब्ल्यू टिक की लालच में किसी भी अननोन नंबर से आए लिंक पर क्लिक ना करें. लिंक पर क्लिक करते ही आपकी सारी डिटेल जालसाज को मिल जाएगी और वो आपको अपनी बातों में उलझाकर आपकी जेब ढीली करा देगा. साइबर एक्सपर्ट की मानें तो जालसाजों ने एक बार फिर नया तरीका जालसाजी का अपनाया है.

### अपनाए ऐसे आइडियाज

- ट्विटर पर ब्ल्यू टिक दिलाने के नाम पर ठगी.
- अकाउंट में पैसा भेजकर वापस कराने के नाम पर फ्रॉड.
- वाट्सएप कॉल करके ब्लैकमेलिंग.
- बिजली बिल बकाया के नाम पर भेज रहे मोबाइल पर मैसेज.
- शॉर्ट टाइम लोन के लिए एप डाउन लोड कराकर ठगी.
- गर्ल्स को एयर होस्टेज बनाने के लिए गर्ल्स का फिटनेस चेक कर उनकी फोटो बनाकर ब्लैकमेलिंग.
- लोन दिलाने के नाम पर एप डाउनलोड कराकर ठगी.
- रिमोर्ट कंट्रोल एप डाउनलोड कराकर ठगी.
- फर्जी शादी डॉट कॉम वेबसाइट बनाकर ठगी.

### एलन मस्क ने ब्ल्यू टिक पर लगाया चार्ज

अभी हाल ही में सोशल मीडिया के सबसे लोकप्रिय माध्यम ट्विटर हैंडल पर ब्ल्यू टिक का पैसा लेने की घोषणा एलन मस्क ने की थी. इसके बाद से ही इंडिया समेत सभी देशों में इस पर चर्चा हो रही है. ब्ल्यू टिक पर छिड़ी जंग के बीच जालसाजों ने भी अब इस चर्चित मामले से अपनी जेब भरने के लिए नया तरीका अपनाया है.



### गोरखपुराइट्स के पास आया मैसेज

गोरखपुर में हड़हवा फाटक निवासी रविन्द्र के पास ब्ल्यू टिक के लिए त्रिप्पल एक्स डिसकाउंट ब्ल्यू टिक क्रिसमस सेल डॉट कॉम से मैसेज आया, जिसके बाद रविन्द्र ने लिंक पर क्लिक किया और जैसे ही पैसे की डिमांड आई, वो बैक हो गए. इसी तरह तारामंडल के संतोष के पास भी मैसेज आया. जिसे उन्होंने इग्नोर कर दिया. साथ ही और लोग जालसाजी का शिकार न हों. इसके लिए अवेयर भी किया.

### अपनाते हैं नया-नया तरीका

साइबर एक्सपर्ट ने बताया कि डिजिटल क्राइम इधर तेजी से बढा है. डिजिटल क्राइम को अंजाम देने वाले जालसाज बड़े शातिर होते हैं. ये हमेशा नए-नए आइडियाज अपनाकर पब्लिक को मूर्ख बनाकर जालसाजी करते हैं. इस समय ब्ल्यू टिक का मामला गरम देख वे इसके जरिए फ्रॉड करने उतरे हैं.



**"जालसाज हमेशा हाईलाइटेड मामले को उठाकर उसको जालसाजी के लिए यूज करते हैं. इस समय ट्विटर पर ब्ल्यू टिक को लेकर हर देश में चर्चा चल रही है. इस समय ट्विटर की ओर से कोई मैसेज नहीं भेजा जा रहा है. ऐसे में पब्लिक को ध्यान देना होगा कि कहीं वो ब्ल्यू टिक के चक्कर में फ्रॉड का शिकार ना हो जाए.**

उपेन्द्र सिंह,
एक्सपर्ट, साइबर क्राइम थाना

# आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गाँव की 14 वर्षीय किशोरी को नगदी एवं जेवरात के साथ गांव के एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में किशोरी की माँ की तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ धारा 363, 366, 380, 504, 506 आई पी सी व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के माता पिता रविवार की रात घर के समीप अपने निर्माणाधीन मकान पर सोयें थे। गांव के मकान पर किशोरी अपने छोटे भाईयों के साथ सोई हुई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव का एक लड़का किशोरी के पास आया और बहलाफुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के माँ की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 363, 366, 380, 504, 506 आई पी सी व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# एसपी ट्रैफिक ने किया 17 बसों का चालान

यूनिवर्सिटी चौराहे से मोहद्दीपुर चौराहे के बीच में खड़ी होने वाली बिहार जाने वाली बसों का ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा. एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर कार्रवाई की गई. 17 बसों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए चालान किया. एसपी ट्रैफिक ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा.

# बच्ची से दुष्कर्म के जुर्म में सात साल कैद की सजा

गोरखपुर, निसं। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी अभियुक्त रजनीश को सात साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 7 अप्रैल 2018 की है। अभियुक्त वादिनी की नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# फाइनेंस कंपनी पर रुपये हड़पने का केस

हरपुर बुदहट। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी खोलकर उसमे खाताधारकों से लाखों रुपये जमा कराकर डकारने वाले घोठवा निवासी विनोद दूबे व घघसरा के रामकेशपर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# प्रिंस सिंह के नाम पर जालसाजी करता था अजीम

गोरखपुर, निज संवाददाता। महराजगंज के श्यामदेउरवां क्षेत्र के तरकुलवां निवासी अजीम बेरोजगार युवकों से प्रिंस सिंह के नाम पर विदेश भेजने के नाम पर ठगी का शिकार बनाता था। गुलरिहा पुलिस ने उसके साथी के साथ गिरफ्तार कर जालसाली के गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि श्यामदेउरवा के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाते हैं। जालसाज अजीम ने बिहार के मिलन साह, सुभाष दुबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से दुबई भेजने के नाम पर ऑनलाइन रुपया भारत कंप्यूटर के खाते में मंगाया। कूटरचित तरीके से दूसरे के हवाई जहाज टिकट पर उनका नाम अंकित कर उनको टिकट दे दिया। बाद में दुकान संचालक से उनके विदेश जाने का कार्यक्रम निरस्त बताकर अजीम ने रुपया ले लिया।

उधर, विदेश जाने के लिए बेरोजगार दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो वहां उन्हें टिकट फर्जी बताकर वापस कर दिया गया। बेरोजगार भटहट स्थित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे। भारत कंप्यूटर के संचालक महफूजुर रहमान को उसके दुकान के नाम पर जालसाजी की जानकारी मिली तो उसने आरोपित अजीम के विरुद्ध केस दर्ज कराया।

पुलिस की जांच में मालूम चला कि अजीम बेरोजगारों से शाहपुर निवासी प्रिंस सिंह के नाम पर जालसाजी करता है। जालसाज ने बेरोजगारों को इसी नाम से आधार कार्ड भी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा था। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की तो उसको लोकेशन गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में एक महिला मित्र के घर मिला।

पूछताछ के आधार पर हवाई जहाज के टिकट व आधार कार्ड को एडिट करने के आरोप में महराजगंज जनपद के परतावल बाजार में कंप्यूटर की दुकान चलाने वाले गुफरान निवासी छातीराम थाना श्यामदेउरवां को दबोच लिया। पुलिस ने जालसाज के पास से तीन कूटरचित हवाई यात्रा टिकट की प्रति, दो कूटरचित आधार कार्ड एवं उसके सहयोगी दुकानदार से एक कलर प्रिन्टर, एक सीपीयू बरामद किया।

**03** कूटरचित हवाई यात्रा के टिकट व दो आधार कार्ड मिला



## महिला मित्र के साथ रहता था आरोपित

पुलिस की जांच में यह भी जानकारी मिली कि आरोपित अजीम की पहली पत्नी बच्चों के साथ तरकुलवां तिवारी में रहती है। जबकि वह दूसरी महिला के साथ रिलेशनशिप में इधर-उधर ठिकाना बनाकर रहता था ।

# सपा नेता के खिलाफ शिकायत

गोरखपुर, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध पर उत्तर प्रदेश पंजाब अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू ने सपा नेता के खिलाफ मंगलवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर सपा नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

जगनैन सिंह नीटू ने बताया कि टीवी डिबेट के दौरान सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व एमएलसी अनुराग भदौरिया द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी की गई। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने एसएसपी से सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

**बुधवार को फूकेंगे पुतला :** उत्तर प्रदेश पंजाब अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू ने बताया कि सीएम योगी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में बुधवार को 11 बजे गुरुद्वारा जटाशंकर से पर लोग एकत्रित होंगे। वह धर्मशाला बाजार रामलीला तिराहा पहुंच कर अनुराग भदौरिया का पुतला फूंकने का काम करेंगे।

# आर्थिक तंगी में मां-बेटे ने उठाया आत्मघाती कदम

गोरखपुर, निज संवाददाता। गोरखनाथ थानाक्षेत्र की जनप्रिय विहार कॉलोनी में मंगलवार रात पारिवारिक कलह में मां-बेटे ने जहर खा लिया। पार्षद ऋषि मोहन वर्मा मोहल्ले के लोगों की मदद से उनको गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। मेडिकल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

जनप्रिय विहार कॉलोनी निवासी 55 वर्षीया सरोज देवी ने पीएनबी में कार्यरत पति सत्यनारायन राव की मौत के बाद अपना मकान 69 लाख में बेच दिया। रकम सरोज और बड़े बेटे श्रीश के संयुक्त खाते में रखी गई। मोहल्ले वालों के अनुसार श्रीश ने खाते को एकल करा रकम निकाल ली। मां नाराज हुईं तो वह पत्नी के साथ ससुराल में रहने लगा। छोटा बेटा मनीष मोहद्दीपुर पुल के पास एक सर्विसिंग सेंटर पर गाड़ी धुलाई का काम कर रहा था। श्रीश द्वारा रकम हड़पने के बाद मां और मनीष आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इस बीच मां ने कई लोगों से ब्याज पर भी पैसा ले लिया। समूह से भी करीब डेढ़ लाख रुपये ले रखे थे। मनीष की शादी की बात कहीं चल रही थी। मां उसकी शादी की तैयारी में थी पर पैसों की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। इसी बीच मंगलवार की रात वह छोटे बेटे के साथ जहर खा ली। रात तकरीबन 10 बजे उनके घर काम करनेवाली लड़की पहुंची तो घटना का पता चला।



सरोज देवी दोनों बेटे व बहू के साथ। स्लेटी ब्लेजर में छोटा बेटा मनीष। (फाइल फोटो)

## बिके मकान में ही रह रहे थे

जनप्रिय विहार के जिस मकान को उन्होंने 69 लाख में बेचा था वह अभी उसी मकान में रह रहे थे। मकान खरीदने वाले बक्शीपुर निवासी सज्जाद अली से उन्होंने मकान खाली करने के लिए छह महीने की मोहलत मांगी थी, जो पूरी हो चुकी थी। अब सज्जाद सरोज से मकान खाली करने को कह रहे थे। सज्जाद ने बताया कि एक दिन पहले ही सरोज ने उन्हें घर का कुछ सामान 25 हजार रुपये में बेचा था।



जनप्रिय विहार कॉलोनी में मां-बेटे की खुदकुशी की सूचना पर जुटे लोग।

## दोपहर में गए थे मिलने

बताया जा रहा है कि सरोज और मनीष मंगलवार दोपहर में श्रीश से मिलने खलीलाबाद में उसके बैंक गए थे। वहां से लौटने के बाद शाम को उन्होंने जहर खा लिया। माना जा रहा है कि वहां श्रीश और सरोज व मनीष के बीच कुछ विवाद हुआ, जिस कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

## मौत की सूचना पर पहुंचा भाई

मेडिकल कॉलेज में मां और छोटे भाई की मौत की सूचना पर बड़ा भाई श्रीश राव ससुराल के लोगों के साथ पहुंचा। श्रीश खलीलाबाद में पीएनबी में कैशियर पद पर कार्यरत है। दिवाली के दिन मां के साथ विवाद के बाद वह घर छोड़कर ससुराल में रहने लगा था। शास्त्रीनगर इलाके में इन दिनों मकान बनवा रहा है।

## पहले भी हुई हैं घटनाएं

- 8 दिसम्बर 2015 : खोराबार के पोखिया ब्रह्मस्थान कैथटार टोले पर दिलीप निषाद ने पत्नी माया और 10 माह के बच्चे लक्की के सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी थी और खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी।
- 7 सितम्बर 2017 : शाहपुर क्षेत्र के शक्तिनगर में शोभा ने बड़ी बेटी एंजल, बेटे अर्थव व छोटी बेटी आराध्या संग पंखे से लटक गई थी। शोभा व उसकी बड़ी बेटी एंजल की मौत हुई था, दो बच्चे बच गए थे।
- 18 मई 2018 : महादेव झारखंडी में शशि सिंह ने बेटी दीक्षा उर्फ एंजल व बेटे नवेद्य को गला दबाकर मार दिया था और खुद सुसाइड कर लिया था। बच्चों का शव बिस्तर पर पड़ा था और शशि फंदे से लटकी थी।
- 4 फरवरी 2019 : राजघाट निवासी व्यापारी रमेश गुप्ता ने पूरे परिवार संग आत्मघाती कदम उठाया था। पत्नी सरिता, बेटी रचना, पायल व छोटे बेटे आयुष को खाने में जहर दे दिया फिर खुद ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। घटना में रमेश, पत्नी सरिता, पायल, आयुष की मौत हो गई थी, जबकि बड़ा बेटा व बेटी बच गई।
- 6 मई 2020 : पिपराइच के उनौला स्टेशन के पास पूजा नाम की महिला ने अपनी तीन बेटियों संग ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी।
- 22 अक्तूबर 2021 : खोराबार के भैसहा निवासी मंजू देवी ने बेटे अनुज और बेटी अमृता के साथ आग लगा ली थी। बच्चों की मौत हो गई थी और मंजू बच गई थी।

# जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने मंगलवार को जानलेवा हमला करने के दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपितों की पहचान क्षेत्र के पोखिया ब्रह्मस्थान निवासी अंगेश पासवान और अवधेश पासवान के रूप में हुई। वह दोनों सगे भाई है। पुलिस उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# त्रिनेत्र अभियान में लापरवाही पर दरोगा-सिपाही लाइन हाजिर

गोरखपुर। जिले में त्रिनेत्र अभियान के तहत हर घर कैमरा लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने में फिसड्डी साबित होने पर तिवारीपुर थाने के नरसिंहपुर घासीकटरा इलाके के हल्का दरोगा विनय कुमार पाण्डेय और बीट सिपाही दीपक शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई एडीजी जोन अखिल कुमार ने सोमवार की रात की।

एडीजी अखिल कुमार जिले में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए त्रिनेत्र अभियान चला रहे हैं। इसके तहत पुलिसकर्मियों को अपने इलाके में लोगों को कैमरा लगवाने के लिए जागरूक करना है। अपने घर पर कैमरा लगवाने वाले लोगों को त्रिनेत्र मित्र और चौराहों को गोद लेकर कैमरा लगवाने वाले प्रधान, व्यापारी, गड़मान्य व्यक्तियों और सांसद विधायक को सम्मानित किया जाता है। सोमवार को एडीजी तिवारीपुर थानाक्षेत्र के नरसिंहपुर इलाके में पहुंचे तो वहां के हल्का दरोगा और सिपाही की लापरवाही दिखी। इस पर उन्होंने दोनों को लाइन हाजिर करने का आदेश दिया।

**दीवान को किया सम्मानित :** एडीजी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और जनता के बीच मे अच्छी छवि बनाने वाले कैंट थाने के इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी के दिव्यनगर इलाके के बीट दीवान अजीत कुमार तिवारी को प्रशस्ति पत्र देकर मंगलवार को सम्मानित किया। एडीजी 12 नवम्बर को कैंट क्षेत्र के दिव्यनगर गए और वहां के लोगों से जानकारी ली तो दीवान का काम सराहनीय मिला था।

# मोर्चरी हाउस पर हंगामा

मेडिकल कालेज। बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्चरी हाउस में नेवला देख शव रखने पहुंचे परिजन भड़क गए। घटना सोमवार शाम की है। मेडिकल कालेज के मोर्चरी हाउस मे एक शव रखा जा रहा था। इस दौरान वहां मौजूद परिजनों ने नेवला और छछूंदर देख शव रखने से इन्कार किया। मोर्चरी हाउस के बाहर आधे घंटे तक स्ट्रेचर पर शव पड़ा रहा। पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के समझाने पर परिजन शव मोर्चरी में रखने को तैयार हुए।

# मारपीट में दो घायल, आठ पर केस दर्ज

सहजनवा। माड़र में भूमि विवाद में हुई मारपीट मामले में रानू पत्नी संतोष साहनी की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को गुड्डू, संतोष, आशा देवी और मानसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया है कि माड़र में उसका मायका है। वह भूमि लेकर मकान का निर्माण करा रही है। 13 नंवबर की शाम वह गांव के एक दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान गांव के चार लोगों ने लाठी और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

# किशोरी को भगाने का केस दर्ज

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गांव की कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली छात्रा को रविवार रात गांव का युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। वह अपने साथ घर में रखा 50 हजार नकदी और जेवरात भी साथ लेते गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर का आरोपित तमंचा के साथ गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार**: चौरीचौरा पुलिस ने सोमवार की देर रात तमंचा व कारतूस के साथ गैंगस्टर के आरोपित भटगांवा निवासी सोनू उर्फ जय प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि रात में गश्त के दौरान आरोपित को इब्राहिमपुर के पास गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# जिला कारागार में मेन्यू के अनुसार नहीं मिला भोजन, की गई पूछताछ

- **विशेष कार्याधिकारी ने जिला जेल का किया निरीक्षण बंदियों का जाना हाल**
- **बैरकों की सफाई करने और मेन्यू के अनुसार भोजन बनवाने का दिया निर्देश**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी भागीरथ वर्मा ने मंगलवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। पाकशाला में मेन्यू के हिसाब से भोजन नहीं बनने पर उन्होंने जेल अधीक्षक से पूछताछ की। साथ ही जेल अधीक्षक से बैरकों की नियमित सफाई कराने का निर्देश दिया। कहा कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं, उनके प्रार्थना पत्र तैयार कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भिजवाएं।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगन्नाथ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार द्वितीय और वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार के साथ मंगलवार को जिला जेल पहुंचे विशेष कार्याधिकारी ने महिला बैरक, बच्चा बैरक, पाकशाला, पाठशाला, चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया।

पाकशाला में भोजन बना रहे बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं बनने पर उन्होंने जेल अधीक्षक से कारण पूछा और मेन्यू का पालन करने का निर्देश दिया।

उन्होंने लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत सिद्धदोष बंदियों (पैरालीगल वालण्टियर) को प्रोत्साहित किया तथा जेल में पैरालीगल वालण्टियर की संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सालय में भर्ती बंदी चंदू के स्वास्थ्य आदि की जानकारी ली। विशेष कार्याधिकारी द्वारा जेल में बंद बंदियों से समस्या के बारे में पूछताछ करने पर किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक व डिप्टी जेलर भी उपस्थित रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# लापरवाही में दारोगा व बीपीओ लाइनहाजिर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर मोहल्ले में सोमवार की रात एडीजी जोन अखिल कुमार आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगने वाले सीसी कैमरे को देखने पहुंचे। मोहल्ले में पैदल गश्त कर उन्होंने नागरिकों से पूछा कि आपके हलका दारोगा व बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) कौन है? आपसे मिलने कोई आता है या नहीं। नागरिकों के अनभिज्ञता जताने पर एडीजी ने नाराजगी जताते हुए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को फोन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। देर रात एसएसपी ने हलका दारोगा व नरसिंहपुर मोहल्ले के बीट पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया।



तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर मोहल्ले में निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार •

आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है। आमजन को जागरूक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें। सोमवार की रात एडीजी जोन, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व तिवारीपुर थानेदार के साथ नरसिंहपुर मोहल्ले में पहुंचे। घोषीपुर तक फोर्स के साथ पैदल मार्च करने के साथ ही अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए एडीजी ने सभी से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की।

बातचीत के दौरान एडीजी ने मोहल्ले के लोगों से पूछा कि हलका दारोगा व बीट पुलिस अधिकारी आते हैं या नहीं। आप लोगों को उनका नाम पता है। नहीं में जवाब मिलने के बाद एडीजी जोन ने एसएसपी को फोन कर हलका दारोगा विनय पांडेय व बीट पुलिस अधिकारी दीपक शुक्ल को लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। इसके बाद देर रात एसएसपी ने दोनों को लाइन हाजिर कर दिया।

# मारपीट के पांच आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : जान से मारने की नीयत और घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने वाले पांच आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। उनके ऊपर विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा है।

खोराबार थाने के दारोगा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ब्रह्मस्थान निवासी अंगेश पासवान व अवधेश पासवान पुत्रगण स्व. रामबचन पासवान गिरफ्तार किया गया है। इनके ऊपर जान से मारने की नीयत से मारपीट कर घायल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

वहीं, बेलघाट थाने के दारोगा आरिफ अली ने बताया कि घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपित बगही निवासी धीरेन्द्र यादव पुत्र हरिशंकर यादव, विनोद उर्फ आदर्श यादव पुत्र बीरबल यादव और संजीत यादव पुत्र लालमन यादव को गिरफ्तार किया गया है।

## जानलेवा हमला करने वाले दो भाई गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने मंगलवार को जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान क्षेत्र के पोछिया ब्रह्म स्थान निवासी अंगेश पासवान और अवधेश पासवान के रूप में हुई। इनके खिलाफ पुलिस ने पूर्व में मारपीट सहित हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपित को सात वर्ष का कठोर कारावास

गोरखपुर : नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी रजनीश को सात वर्ष के कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। (जासं)



पालिटेक्निक कालेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते एसपी ट्रैफिक डा.एमपी सिंह ● जागरण

# यातायात पुलिस ने शहर में 17 बसों का किया चालान

**जासं, गोरखपुर**: यातायात पुलिस ने अनाधिकृत रूप से खड़ी 17 बसों का चालान किया। एसपी यातायात ने बताया कि कुलपति आवास के बने पार्किंग के बाहर और विश्वविद्यालय चौराहा से मोहद्दीपुर चौराहे के बीच सड़क पर खड़ी बसों का चालान किया गया। इस मौके पर चौराहों पर अतिक्रमण किए ठेले वालों को भी हटाया गया।

**यातायात नियमों की दी जानकारी**: यातायात माह के तहत एसपी यातायात ने पालिटेक्निक कालेज के विद्यार्थियों को मैपल ऐप की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार मिश्र, विभागाध्यक्ष केमिकल इंजीनियरिंग दिनेश कुमार, यातायात निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विनीत यादव आदि मौजूद रहे।

**ई-रिक्शा चालकों की आंखों का परीक्षण**: यातायात पुलिस ने पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर लगाकर आटो और ई-रिक्शा चालकों की आंखों का परीक्षण कराया। साथ ही समय-समय पर परीक्षण कराते रहने का सुझाव दिया गया। चालकों को बताया गया कि नियम के अनुसार ही वाहन चलाएं। सड़क किनारे वाहन खड़ा कर जाम न लगाएं। इस दौरान सभी के मोबाइल में मैपल ऐप डाउनलोड कराया गया।

**15 ओवरलोड ट्रक के खिलाफ कार्रवाई** : यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन एवं गोरखपुर ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन के सहयोग से परिवहन विभाग और खनन विभाग ने मंगलवार को अभियान चलाकर 15 ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की। अभियान खजांची बाजार, भटहट बाजार, रामनगर करजहां, बाघागाड़ा और बड़हलगंज रोड पर चलाया गया।

अभियान में आरपी सिंह, दिलीप पाल, विनोद सिंह, अजय शर्मा, अशोक यादव, राहुल चौधरी और कुलदीप नारायण सिंह आदि शामिल थे। यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन व गोरखपुर ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से ओवरलोड के खिलाफ अभियान शुरू किया है।

# हल्का दरोगा व बीट पुलिस को किया लाइनहाजिर

**एडीजी जोन ने पैदल गश्त के दौरान लापरवाही बरतने पर कार्रवाई का दिया था निर्देश**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एडीजी जोन अखिल कुमार सोमवार को तिवारीपुर थाने के नरसिंहपुर मोहल्ले में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगने वाले सीसीटीवी कैमरे को देखने पहुंचे।

उन्होंने नागरिकों से पूछा कि आपके हल्का का दरोगा व बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) कौन है? आपसे मिलने कोई या नहीं। नागरिकों के अनभिज्ञता जताने पर एडीजी ने नाराजगी जताते हुए एसएसपी को फोन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। देर रात एसएसपी ने हल्का दरोगा व नरसिंहपुर मोहल्ले के बीट पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया।

आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है। आमजन को जागरूक करने और सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिया है कि पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करें।

घोषीपुर तक फोर्स के साथ पैदल मार्च करने के साथ ही अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए एडीजी ने सभी से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की। बातचीत के दौरान एडीजी ने मोहल्ले के लोगों से पूछा कि हल्का दरोगा व बीट पुलिस अधिकारी आते हैं या नहीं।

ना में जवाब मिलने के बाद एडीजी जोन ने एसएसपी को फोन कर हल्का दारोगा दारोगा विनय पांडेय व बीट पुलिस अधिकारी दीपक शुक्ल को लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए।

## जमीन विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

सहजनवां। क्षेत्र के ग्राम माड़र में जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रानू पत्नी संतोष साहनी का आरोप है कि 13 नवंबर की शाम पांच बजे के करीब गांव के एक दुकान पर वह बैठी थीं। इस बीच जमीन विवाद को लेकर गांव के गुड्डू, संतोष, आशा, मानसी लाठी लेकर आईं और पिटाई की। पुलिस रानू की तहरीर पर केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# दुष्कर्म के जुर्म में सात साल कारावास की सजा

गोरखपुर। नाबालिग से दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी अभियुक्त रजनीश को सात साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद का कहना था कि घटना 7 अप्रैल 2018 की है। ब्यूरो

# बेरोजगारों से ठगी करने वाला आरोपी, उसका साथी गिरफ्तार

## विदेश भेजने के नाम पर ठगने का करते थे काम, फर्जी तीन हवाई टिकट की प्रति, दो आधार कार्ड, प्रिंटर, एक सीपीयू बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगारों को ठगने के आरोपी और उसके साथी को गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अजीम महराजगंज के श्यामदेउरवां क्षेत्र के तरकुलवां का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक अजीम साथियों के साथ मिलकर बेरोजगारों को ठगने का काम करता था।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि श्यामदेउरवा क्षेत्र के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाते हैं।

जालसाज अजीम ने बिहार प्रांत के मिलन साह, सुभाष दुबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से

**बेरोजगारों से दुबई भेजने के नाम पर ऑनलाइन रुपये भारत कंप्यूटर के खाते में मंगवाया था**

दुबई भेजने के नाम पर ऑनलाइन रुपये भारत कंप्यूटर के खाते में मंगवाया था। इस दौरान उसने विदेश न जाने की बात कहकर महफूजुर रहमान से रुपये ले लिए।

साथ ही कूटरचित तरीके से दूसरे हवाई जहाज का फर्जी टिकट बनाकर मिलन शाह सहित अन्य लोगों को दे दिया। टिकट लेकर जब पीड़ित दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो, वहां उन्हें टिकट फर्जी होने की जानकारी देते हुए वापस कर दिया गया। परेशान होकर पीड़ित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे।

संचालक महफूजुर रहमान को उसके दुकान के नाम पर जालसाजी की जानकारी मिली तो, उसने आरोपित अजीम के विरुद्ध गुलरिहा थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि अजीम बेरोजगारों से शाहपुर निवासी प्रिंस सिंह के नाम पर जालसाजी करता है। बेरोजगारों को इसी नाम से आधार कार्ड भी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजता था।

पुलिस ने उसे गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में एक महिला मित्र के घर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के आधार पर हवाई जहाज के टिकट व आधार कार्ड को एडिट करने के आरोप में महराजगंज जिले के परतावल बाजार में कंप्यूटर की दुकान चलाने वाले गुफरान, निवासी छातीराम थाना श्यामदेउरवां को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने जालसाज के पास से कूटरचित तीन हवाई यात्रा टिकट की प्रति, दो आधार कार्ड एवं उसके सहयोगी दुकानदार से एक कलर्ड प्रिंटर, एक सीपीयू बरामद किया।

# पहले भी हो चुकी हैं परिवार के साथ आत्महत्या की घटनाएं

- **आठ दिसंबर 2015 :** खोराबार के पोछिया ब्रह्म स्थान केवटान टोला निवासी दिलीप निषाद ने पत्नी माया और 10 माह के बच्चे लकी के सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी थी और खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।
- **सात सितंबर 2017 :** शाहपुर के शक्तिनगर में महिला शोभा अपनी बड़ी बेटी एंजल, बेटे अथर्व और छोटी बेटी आराध्या संग पंखे से लटक गई थी। घटना में शोभा व उसकी बड़ी बेटी की मौत हुई थी।
- **18 मई 2018 :** महादेव झारखंडी की शशि सिंह ने बेटी दीक्षा उर्फ एंजल और बेटे नववैध का गला दबाकर मार दिया था और खुद फांसी लगाकर सूसाइड कर ली थी। पति संतोष ने भी आत्महत्या की थी।
- **चार फरवरी 2019 :** राजघाट निवासी व्यापारी रमेश गुप्ता ने पूरे परिवार संग आत्मघाती कदम उठाया था। रमेश ने पत्नी सरिता, बेटी रचना, पायल व छोटे बेटे आयुष को खाने में पहले जहर दे दिया फिर खुद ट्रेन के आगे कूद गए थे। घटना में व्यापारी रमेश, पत्नी सरिता, पायल, आयुष की मौत हो गई थी।
- **6 मई 2020 :** पिपराइच के उनौला स्टेशन के पास पूजा तीन बेटियों संग ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी।
- **22 अक्टूबर 2021 :** खोराबार के भैसहा निवासी मंजू देवी बेटे अनूप व बेटी अमृता के साथ आग लगा ली थी। जिसमें बच्चों की मौत हो गई थी।

# युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

खोराबार। क्षेत्र के एक गांव में महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव एक युवक के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बेटी गांव के अंदर बने मकान पर सोई थी। हम लोग गांव के बाहर वाले घर पर सोए थे। गांव का एक युवक आया और बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। साथ ही सोने चांदी के जेवरात भी लेकर चला गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ब्यूरो

# मारपीट और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

खोराबार। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के अजय, अमित और नन्हें के खिलाफ तहरीर देकर छेड़खानी सहित मारपीट का केस दर्ज कराया है।

यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस पहले तहरीर बदलवा थी। बाद में राजनीतिक दबाव के बाद केस दर्ज किया है। खोराबार थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ब्यूरो

# पिपराइच इलाके में बकरी चराने गई महिला की गला रेत कर हत्या

## गांव के ही एक व्यक्ति पर केस दर्ज, एसपी नार्थ ने घटनास्थल का लिया जायजा

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच/बेला कांटा।** पिपराइच थाना क्षेत्र के हेमधापुर गांव में बकरी चराने गई महिला की पुराने विवाद में गला रेत कर हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस गांव के एक ही व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने घटनास्थल का जायजा लिया है।

जानकारी के मुताबिक, हेमधापुर गांव के बाहर भागवानी (48) पत्नी सुरेंद्र सिंह मंगलवार की सुबह अपने खेत के पास बकरी चराने गई थीं। 12 बजे के करीब देवर योगेंद्र भी खेत की तरफ जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में मुर्गी पालन केंद्र के पास उसने भाभी को अचेता अवस्था में देखा। नजदीक जाने पर गला रेतने का निशान था।

इसकी जानकारी जैसे ही गांव वालों को हुई मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने एसपी नार्थ को बताया कि घटना को गांव के एक ही व्यक्ति ने भागवानी की हत्या की है।

एसपी नार्थ ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के राकेश सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।



**भागवानी।** (फाइल फोटो)



**घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी नॉर्थ मनोज अवस्थी।** संवाद

### एक साल पहले जेल से छूटा है आरोपी

**परिजनों** ने बताया कि राकेश एक साल पहले जेल से छूटकर आया है। वह भागवानी की बेटी की हत्या का प्रयास कर चुका है, जिसमें केस दर्ज था और इसी मामले में उसे जेल हुई थी। आरोप है कि जेल से छूटकर आने के बाद से ही राकेश पीड़ित परिजनों को परेशान करता था। मौके मिलते ही उसने घटना को अंजाम दिया है। एसपी नार्थ ने बताया कि आरोपी ड्राइवर है और मनबढ़ किस्म का है। उसके आचरण से परेशान माता और पिता मुंबई में रहते हैं। वह अकेले घर पर रहता है।

# मारपीट की घटनाओं में दो घायल, आठ पर मुकदमा

सहजनवां : माड़र में भूमि विवाद में हुई मारपीट के मामले में रानू पत्नी संतोष साहनी की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को गुड्डू, संतोष, आशा देवी और मानसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महिला का कहना है कि माड़र में उसका मायका है। वहां वह मकान का निर्माण करा रही है। 13 नवंबर की शाम वह गांव में एक दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान चार लोगों ने लाठी और डंडे से पीटकर घायल कर दिया। वहीं घुरियापार निवासी रामानंद ने तहरीर में आरोप लगाया है कि खेत की तरफ जाते समय मनबढ़ों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने राम प्रकाश, आकाश, राजन और इंद्रजीत के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 16/11/22

# मतगणना, नामांकन स्थल व पार्टी रवानगी स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



नगर निकाय चुनाव के मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व एसडीएम।

**देवरिया ।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत सलेमपुर के बापू इंटर कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम सलेमपुर को नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के निर्धारण के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सलेमपुर, मझौलीराज, लार तथा भटनी के नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत प्रत्याशियों के नामांकन स्थल का निर्धारण करते समय चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया। नामांकन स्थल पर बैरिकेडिंग सीसीटीवी कैमरा तथा संबंधित वार्ड एवं नगर निकाय की सूचना देने वाला बैनर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवानी स्थल का निर्धारण करते समय बसों की पार्किंग एवं मतदान से जुड़ी सामग्रियों के भंडारण की पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखने का निर्देश दिया। इसी प्रकार मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के निर्धारण में राज्य चुनाव आयोग के मानकों के अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल के लिए उचित स्थल का चयन करके साइट प्लान बना लिया जाए। इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार, सीओ सलेमपुर, ईओ मझौलीराज समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 16/11/22

# दो लोगों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई

लार (एसएनबी)। लार पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से दो लोगों को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ कर 60 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। लार पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि लार थाना क्षेत्र के खरवनिया नवीन घाट के समीप नाव से कच्ची शराब लेकर एक व्यक्ति बिहार के तरफ बेचने की फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंच गए एक व्यक्ति को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया।

वहीं हेड कांस्टेबल सुधाकर सिंह ने रोपन छपरा मोड़ के पास चनुकी मोड़ से एक व्यक्ति को 9 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ कर थाना लेकर चले गए। पकड़े गए दोनों युवकों ने अपना नाम बसंत उराव पुत्र तेवासी उराव निवासी लठदाग, सिसई, गुमला झारखंड बताया। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम गौतम यादव पुत्र स्व लक्ष्मण यादव निवासी गौरा पांडेय थाना लार बताया। पुलिस ने शराब के साथ पकड़े गए दोनों लोगों के विरुद्ध 60 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 16/11/18

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**सलेमपुर।** बापू इंटर कालेज सलेमपुर में 15 नवंबर से 17 नवंबर तक चलने वाले स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ देवरिया के जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कियाद्य इस दौरान सलेमपुर के एसडीएम अरुण कुमार एवं उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ड मिथिलेश कुमार सिंह मौजूद थे। प्रशिक्षण शिविर को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने संबोधित किया तथा बच्चो को आशीर्वाद दिया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षण शिविर में प्रधानाचार्य संतोष चौरसिया ने जिलाधिकारी एवं एसपी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जबकि एसडीएम को स्मृति चिन्ह हिमांशु सिन्हा नें दियाद्य स्काउड मास्टर बलदेव यादव और राकेश कुमार राय ने अतिथियों को स्काउट, स्कार्प पहनाकर स्वागत किया



इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य संतोष चौरसिया ने स्कांउट ध्वज फहरा कर कियाद्य प्रशिक्षण शिविर को डा मिथिलेश कुमार सिंह, शिविर के प्रभारी पिंटू कुमार यादव, प्रशिक्षण गुण हौसला प्रसाद, मनीष कुमार, बेबी कुमारी, नेहा, आदित्य सैनी द्वारा 15,16 एवं 17 नवंबर को प्रशिक्षण दिया जाएगाद्य समापन समारोह 17 नवंबर को अपरा में संपन्न होगाद्य उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षको के अलावा प्रभुनाथ मिश्रा, हिमांशु सिन्हा, रवि प्रताप सिंह, दिग्विजय प्रताप सिंह, सुनील कुमार, अनिल सिंह, विकास द्विवेदी, दिवाकरराम, रामप्रसाद, नागेंद्र त्रिवेदी, ममता कुमारी, श्वेता गुप्त, नीलम चौधरी आदि मौजूद थे।

रा० सहारा दि० 16/11/22

# कोर्ट के आदेश पर लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस

**लार**। लार थाना क्षेत्र के एक गांव में गत माह जुलाई में हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर चार के विरुद्ध लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। लार थाना क्षेत्र के पिण्डी गांव निवासी रमेश धनगर पुत्र सुदामा धनगर ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में अवगत कराया था कि गत 16 जुलाई को मैं केनरा बैंक के समाने अपने दुकान पर बैठा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सुनील साहनी, संजय साहनी, जितेंद्र साहनी व सतेंद्र साहनी पुत्र श्रीकिशुन साहनी निवासी पिण्डी ने मेरे दुकान में घुस कर मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और कैश काउंटर से रखा 22 सौ रुपया भी लूट कर चले गए। जिसकी लिखित शिकायत लार पुलिस को दी गई थी लेकिन लार पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर रमेश धनगर ने न्यायालय का शरण लिया। और अन्ततः मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर लार पुलिस ने पिण्डी निवासी सुनील साहनी, संजय साहनी, जितेंद्र साहनी व सतेंद्र साहनी पुत्र श्रीकिशुन साहनी के विरुद्ध लूट की धारा 392, 323, 504, 506, 427 व 3(1) (घ) के तहत केस दर्ज किया है।

# दलित महिला से दुष्कर्म में युवक को आजीवन कैद

**सजा**

- तरकुलवा थाना क्षेत्र में 11 वर्ष पूर्व हुई थी घटना
- पिता की तहरीर पर दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न का केस

विधि संवाददाता, देवरिया। दुष्कर्म के मामले और एससीएसटी के मामले में विशेष न्यायाधीश( अनुसूचित जाति जनजाति ) छाया नैन ने मंगलवार को युवक को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाई है। घटना 11 वर्ष पूर्व तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौरसिया ने बताया कि 21 जनवरी 2011 की रात 10:30 बजे तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला चंद्र प्रकाश उर्फ गुड्डू पुत्र मुन्नी मिश्रा एक दलित के घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ रेप किया। लड़की के चिल्लाने पर परिवार के लोगों ने चंद्र प्रकाश उर्फ गुड्डू को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना तरकुलवा की पुलिस आई और उसे पकड़ कर थाने ले गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश( अनुसूचित जाति जनजाति ) छाया नैन की आदालत में हुई। अदालत ने पाया कि आरोपी सबल व निर्दयी व्यक्ति है । घटना अचानक कारित नहीं की गई है बल्कि जाड़े की रात में पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है। जज ने आरोपी को आजीवन कारावास और दस हतार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

हिन्दुस्तान दि. 16/11/22

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। सदर कोतवाली के गरुणपार पुलिस चौकी की प्रभारी सरोजिनी वर्मा ने सोमवार कीशाम को चकियवा ढाला से एक युवक को दबोच लिया। पूछाताछ में उसने अपना नाम रिसीमुनी निवासी चकियवा थाना कोतवाली बताया।

हिन्दुस्तान 18/11/22

# दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

सलेमपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को कोतवाल जितेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा थाना सलेमपुर में धारा 323, 498 ए आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट की केस दर्ज आरोपी को नगर के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कोतवाली सलेमपुर के नादघाट गांव निवासी विवेक कुमार रजक पुत्र रंगीला रजक को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान दि. 16/11/22

# 10 गोवंश सहित दो तस्कर दबोचे

**सफलता**

बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने मधवापुर से मंगलवार को दो पिकअप गाड़ी से दस गोवंश सहित दो तस्करों को दबोचा। तस्करों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बरियारपुर थानाध्यक्ष को मुखबीर से सूचना मिली की गोवंशियों को ले कर दो पिकअप गाडियां बैकुंठपुर के रास्ते बिहार जा रही है। सूचना मिलते ही बरियारपुर थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने एसआई जेपी दूबे ,सदन यादव, राजकुमार सिंह, रविंद्र चौहान आदि हमराहियों के साथ मधवापुर के पास पंहुच गए। जहां पिकअप गाड़ियों को रुकने के लिए पुलिस ने इशारा किया। लेकिन पुलिस को देखते ही तस्कर गाड़ी लेकर भागने लगे। जिसे पुलिस टीम ने पकड़ कर थाने लाई। दोनों गाड़ियों से कुल सात गाय व तीन बछड़ों को उतारा गया। जिनको मेडिकल परीक्षण के बाद गौशाला भेज दिया। पुलिस के पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम अंगद मौर्य पुत्र राम ललित गांव रसूलपुर थाना बेलघाट जिला गोरखपुर व धर्मेंद्र कुमार पुत्र रमेश सैनी निवासी चौहरा घाट थाना आलम नगर जनपद अंबेडकर नगर बताया। इस संबंध में बरियारपुर थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने कहा कि दस गोवंशियों को लेकर जा रहे दो तस्करों को पकड़ा गया है। जिनके खिलाफ गो वध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान 16/11/22

# कोर्ट के आदेश पर चार के विरुद्ध केस

लार। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पिण्डी गांव निवासी रमेश धनगर ने दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को वह केनरा बैंक के समाने अपने दुकान पर बैठा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सुनील साहनी, संजय साहनी, जितेंद्र साहनी व सतेंद्र साहनी निवासी पिण्डी ने दुकान में घुस कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और कैश काउंटर से 22 सौ रुपये लूट कर चले गए। लार पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर रमेश धनगर ने न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश पर लार पुलिस ने पिण्डी निवासी सुनील साहनी, संजय साहनी, जितेंद्र साहनी व सतेंद्र साहनी के विरुद्ध लूट की धारा के तहत केस दर्ज किया है।

# एक नामजद सहित तीन पर लूट दर्ज

रुद्रपुर। यायालय के निर्देश पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद सहित तीन के खिलाफ कार लूटने के आरोप में मुकदमा दर्ज की है।

रुद्रपुर क्षेत्र के सरंहस वह गांव के नौका टोला के रहने वाले अनिल निषाद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा है कि 22 जुलाई 2022 की सुबह करीब साढ़े आठ बजे बनिऐनी चौराहा के पास सड़क के किनारे अपनी कार रोककर लघुशंका कर रहा था। इसी बीच तीन लोग आए और ड्राइवर से गाड़ी का चाबी मांगने लगे। ड्राइवर द्वारा विरोध करने पर उसके सिर पर असलहा सटाकर कार की चाभी छिन लिए और कार लेकर भाग गए। पुलिस ने मनोज कुशवाहा ग्राम लगड़ी, थाना कोतवाली सदर दो अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज की है।

# कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ केस

भटनी। अगस्त माह में साहोपार गांव में हुए दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मारपीट तथा लूट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह केस न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया है। 26 अगस्त को निराला यादव तथा मनोज यादव के परिवार के बीच मारपीट हो गयी। जिसके आधार पर मनोज यादव, वीरबहादुर यादव, बिन्दु यादव, सुनीता आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जीआरपी ने चार को गुंडा एक्ट में निरुद्ध किया

भटनी। स्थानीय जीआरपी ने बढ़ते अपराध को देखते हुए ट्रेन तथा स्टेशन परिसर में अपराध करने वाले चार अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। सभी आरोपियों का चालान भी जीआरपी ने कर दिया। थानाध्यक्ष श्रवण कुमार शुक्ल तथा सीआईबी प्रभारी अरविन्द कुमार ने बताया कि खुखुन्दू थाना क्षेत्र के बीजापुर झंगटौर गांव निवासी अम्बिका गोड़, बेतिया बिहार के बेलागोला निवासी मुरारी, बेतिया के ही पुरन्दर गांव निवासी दिनेश चौधरी तथा बृजन चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

हिन्दुस्तान दि. 16/11/22

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों के 11 लोगों पर बलवा का केस

## कार्रवाई

- सदर कोतवाली क्षेत्र के भीमपुर गांव की है घटना
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के घरों में की थी तोड़फोड़

देवरिया, निज संवाददाता। रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में सोमवार की देर शाम को जम कर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के घर में घर में तोड़ फोड़ किया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर 11 लोगों के विरुद्ध बलवा, तोड़फोड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भीमपुर गांव के रहने वाले पिंटू यादव पुत्र महेन्द्र और फकरुद्दीन अंसारी पुत्र यूसूफ अंसारी का रास्ते को लेकर विवाद चलता है। जिसे लेकर सोमवार की शाम को दोनों पक्षों में विवाद हुआ। दोनों पक्ष एक दूसरे के घर में धुस कर मारपीटि किया। पिंटू यादव ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के लोग ट्रैक्टर से मकान की चाहर दीवारी तोड़ दिया। जिसका विरोध करने पर आधा दर्जन लोगों ने दरवाजे पर चढ़ कर मारपीट किया।

पिंटू यादव की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने खैरुल वसर उर्फ शब्बू , अमीन अंसारी , यासीनं अंसारी , सिराजुद्दीन अंसारी पुत्र इसुफ अंसारी, उमर अंसारी पुत्र यासीन अंसारी, अज्जु अंसारी पुत्र सिराजुद्दीन अंसारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

उधर फकरुद्दीन अंसारी की तहरीर पर महेन्द्र यादव पुत्र स्व.रामअवध, संजय पुत्र जवाहिर यादव, पिंटू पुत्र महेन्द्र, रवि पुत्र महेन्द्र, संदीप पुत्र कोमल यादव के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं, देवरिया: कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इन पर सात लाख रुपये लेने के बाद भी भूमि न देने का आरोप है। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

शहर के रामनाथ देवरिया के रहने वाले अकरम सिद्दीकी का कहना है कि तीन लोगों से उनकी मुलाकात हुई। तीनों ने शहर में ही एक भूमि देने की बात कही और खाते से पांच लाख तथा नकद दो हजार रुपये ले लिया। अब वह भूमि देने से इन्कार कर रहे हैं। साथ ही रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने अबुजर खान, मोतिन खान निवासी अलीनगर देवरिया, ज्योति प्रकाश जायसवाल निवासी भुजौली कालोनी देवरिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल कपिलदेव चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दस गोवंश के साथ दो धराए

**बरियारपुर थाना क्षेत्र के मधवापुर के पास पुलिस को मिली सफलता**

**पिकअप से पड़ोसी प्रांत बिहार ले जा रहे थे पशु तस्कर**

जासं, करौंदी बाजार: पुलिस ने मधवापुर के समीप से मंगलवार को पिकअप से बिहार भेंजे जा रहे दस गोवंश पशु बरामद किया। साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

बरियारपुर थानाध्यक्ष सुभाष चंद पांडेय को सूचना मिली कि बैकुंठपुर के रास्ते से पशु तस्कर पशु लेकर बिहार जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मधवापुर के समीप से पशु से भरे पिकअप को पकड़ लिया। पुलिस ने दो गाड़ियों में लदे सात गाय व तीन बछड़ों को बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर अंगद मौर्या निवासी रसूलपुर थाना बेलघाट जिला गोरखपुर व धर्मेंद्र कुमार निवासी चौहराघाट थाना आलम नगर जनपद आंबेडकर नगर शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# सात लोगों पर लूट का मुकदमा

जासं, भटनी: 15 माह पहले साहोपार गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध लूट, मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। भटनी थाना क्षेत्र के साहोपार गांव के रहने वाले निराला यादव का कहना है कि 26 अगस्त 2022 को गांव के ही कुछ लोग घर में घुस गए और धारदार हथियार से हमला बोल दिए। साथ ही घर का सामान तोड़कर उसमें रखा सोने की चेन लूट कर फरार हो गए। भटनी थाने में उन्होंने तहरीर दी, लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गांव के सात लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा, लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

- तरकुलवा थाना क्षेत्र के दलित युक्ती के साथ हुई थी दुष्कर्म की घटना
- विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, देवरिया: जिले के तरकुलवा क्षेत्र के एक गांव में 2011 में युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति जनजाति ) छाया नैन की अदालत ने दोषी पाए जाने पर आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौरसिया ने बताया कि 21 जनवरी 2011 को तरकुलवा थाना क्षेत्र एक गांव के रहने वाला चंद्र प्रकाश उर्फ गुड्डू मिश्रा ने एक दलित युवती के घर में रात को घुस कर दुष्कर्म किया। युवती के शोर करने पर परिवार के साथ ही अन्य लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के पिता ने इस मामले में तरकुलवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि आरोपित सबल व निर्दयी व्यक्ति है।

घटना अचानक कारित नहीं की गई है, बल्कि ठंड की रात में पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है। ऐसे में आरोपित को कठोर दंड से दंडित करते हुए सजा भुगतने को जेल भेज दिया गया।

# आज जिले में आएंगे एडीजी अखिल कुमार

जासं, देवरिया: अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार देवरिया जिले के तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को दोपहर तीन बजे देवरिया आएंगे। वह शाम चार बजे जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसको लेकर पुलिस महकमे में तैयारी की जा रही है।

दूसरे दिन गुरुवार को जन सामान्य से मुलाकात करने के बाद पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं का निरीक्षण करेंगे। दोपहर बाद 3.30 बजे थाना तरकुलवा का वार्षिक निरीक्षण करने करेंगे। इसके पश्चात चौकीदारों व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रात आठ बजे से प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों एवं राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे।

इसी तरह से शुक्रवार को सुबह 10 बजे पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे।

# जानलेवा हमला के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम जंगल इमिलहां में बिजली खराब होने की बात को लेकर मनबढ़ों ने सोमवार को तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। एक गंभीर रूप से घायल बसंत का इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर चल रहा है। पुलिस ने मामले में पांच के विरुद्ध मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम जंगल इमिलिहां के रहने वाले धर्मेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपितों लाइट की बात को लेकर मेरे पिता बसंत, पत्नी प्रमिला, भाई देवेंद्र पुत्र बसंत को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने धर्मेन्द्र प्रसाद की तहरीर पर जंगल इमिलिहां के रहने वाले श्रीकान्त, देवानंद, ममता मीना और फतेहपुर की रहने वाली रूना के पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

अमर उजाला दि. 16/11/22

# जीआरपी ने गैंगस्टर के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। जीआरपी ने मंगलवार को प्लेटफार्म संख्या एक के पूर्वी छोर से गैंगस्टर के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ विभिन्न रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में अपराध करने का केस दर्ज है। जीआरपी को आरोपियों की काफी दिनों से तलाश थी। आरोपियों में तीन बिहार तो एक खुखुंदू क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

मंगलवार की भोर में जीआरपी को मुखबिरों से सूचना मिली कि प्लेटफार्म संख्या एक के पूर्वी छोर पर गैंगस्टर के चार आरोपी किसी अपराध की साजिश रच रहे हैं। टीम ने चार आरापियों को पकड़ लिया।

उनकी पहचान अंबिका गोंड़ निवासी बीजापुर झंगतौर, थाना खुखुंदू, मुरारी राम, निवासी बेलागोला हरिनगर थाना- रामनगर, जिला बेतिया, दिनेश चौधरी निवासी पुरेन्द्रपुर, नौतन, बेतिया और बृजन चौधरी बगही निमिया टोला, बैरिया, बेतिया हुई। एसओ ने बताया कि रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में अपराध करने पर चारों पर गैंगस्टर के तहत केस दर्ज था। गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

अमर उजाला दि. 16/11/22

# पुलिस ने दो पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, केस दर्ज

## ग्रामीणों के सहयोग से दस पशुओं को मुक्त कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। बैकुंठपुर के समीप मधवापुर गांव से पुलिस ने मंगलवार सुबह दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से दो पिकअप कब्जे में लेकर दस पशुओं को मुक्त कराया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंगद मौर्य निवासी रसूलपुर, थाना बेलघाट, गोरखपुर और घर्मेंद्र कुमार चौहरा घाट, आलमनगर जिला आंबेडकर नगर के रूप में हुई है।

बरियारपुर थाने के एसओ सुभाषचंद्र पांडेय, एसआई जय प्रकाश दुबे हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। तभी मुखबिरों से सूचना मिली कि बैकुंठपुर के रास्ते दो पिकअप पशु लेकर तस्करी को जा रहे है। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मधवापुर गांव बिहार सीमा पर घेराबंदी कर दी।

कुछ देर बाद जैसे ही तस्कर पिकअप लेकर पहुंचे पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों से करीब दस पशुओं को मुक्त कराया। एसओ सुभाषचंद्र पांडेय ने बताया कि पशु तस्करी में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। केस दर्ज करने के बाद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही तस्करी में शामिल दो पिकअप भी कब्जे में ली गई है।

# स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



भारत स्काउट गाइड शिविर को संबोधित करते डीएम व एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। तीन दिन तक चलने वाले भारत स्काउट-गाइड के तत्वाधान में प्रथम, द्वितीय व दक्षता वर्ग का शिविर मंगलवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बापू इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर को दोपहर में जिलाधिकारी एवं एसपी ने संबोधित किया एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया।

प्रशिक्षण शिविर में प्रधानाचार्य संतोष चौरसिया ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसडीएम को स्मृति चिह्न हिमांशु सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया स्काउट मास्टर बलदेव यादव और राकेश कुमार राय ने अतिथियों को स्काउट स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य संतोष चौरसिया ने स्काउट ध्वज फहराकर कर किया।

शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश ने संबोधित किया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी पिंटू कुमार यादव एवं हौसला प्रसाद, मनीष कुमार, कुमारी नेहा व आदित्य सैनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रभु नाथ मिश्रा, हिमांशु सिन्हा, रवि प्रताप सिंह, दिग्विजय प्रजापति, सुधीर कुमार, अनिल सिंह, विकास द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 16/11/22

# नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

## डीएम, एसपी ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को देखते हुए सलेमपुर के बापू इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम सलेमपुर को नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के निर्धारण के बारे में निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सलेमपुर, मझौलीराज, लार तथा भटनी के नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत प्रत्याशियों के नामांकन स्थल का निर्धारण करते समय चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया।

नामांकन स्थल पर बैरिकेडिंग सीसीटीवी कैमरा तथा संबंधित वार्ड एवं नगर निकाय की सूचना देने वाला बैनर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवानी स्थल का निर्धारण करते समय बसों की पार्किंग एवं मतदान से जुड़ी सामग्रियों के भंडारण की पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखने का निर्देश दिया।



पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। संवाद

### नामांकन स्थल पर बैरिकेडिंग सीसीटीवी कैमरा तथा वार्ड संबंधी सूचना लगाने के निर्देश

इसी प्रकार मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के निर्धारण में राज्य चुनाव आयोग के मानकों के अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल के लिए उचित स्थल का चयन करके साइट प्लान बना लिया जाए। इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार, सीओ सलेमपुर, ईओ मझौलीराज समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

अमर उजाला दि. 16/11/22

# मारपीट के मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**घांटी बाजार/भटनी।** थाना क्षेत्र के साहोपार गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मंगलवार शाम आठ लोगों केस दर्ज किया। वहीं घांटी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक को घर से बाहर बगीचे में बुलाया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक का इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक भटनी के साहोपार गांव में निराला यादव और मनोज यादव में जमीन को लेकर विवाद है। मंगलवार सुबह विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मनोज यादव, वीरबहादुर यादव, बिंदु देवी, सुनीता, ज्ञान्ती देवी, संजना, सुशीला पर केस दर्ज किया है।

## घांटी गांव में पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, गंभीर

इसके अलावा घांटी खास गांव बगइचा टोला निवासी अलीम न (20) को पुरानी रंजिश में कुछ लो घर से बाहर बुलाये। आरोपी पीड़ि को लेकर गांव के बाहर बगीचे लेकर चले गए। कुछ देर बाद युव के चिल्लाने की आवाज सुनकर लो घटना स्थल पर दौड़े तो हमलाव मौके से भाग मिकले। गंभीर रूप घायल युवक को लोग सीएचसी गए जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पता रेफर कर दिया। पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने शिकायत पुलिस से की है।

एसओ संतोष कुमार सिंह बताया कि साहोपार में केस दर्ज क लिया गया है। जबकि घांटी गांव मारपीट की शिकायत मिली है। जा कर कार्रवाई की जाएगी।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोपित गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। कसया थाने की पुलिस ने मंगलवार को बीते दिनों गोबरही चौराहे के पास स्थित एक टॉवर पर विवादित झंडा लहराकर धार्मिक भावना भड़काने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के दिन इस मामले को लेकर वहां जमकर हंगामा हुआ था।

बीते रविवार की सुबह क्षेत्र के गोबरही चौराहे पर लगे एक निजी कंपनी के मोबाइल टॉवर पर लहराते झंडे को पाकिस्तानी झंडा बताकर किसी व्यक्ति ने वीडियो वायरल कर दिया। इसे लेकर गोबरही चौराहे पर जुटे ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए सड़क के बीच आग लगाकर रामकोला-कसया मार्ग जाम कर दिया। सूचना के बाद कसया व अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। उसे भी लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने झंडे को धार्मिक बताते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया मगर लोग झंडा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिद पर अड़े हुए थे। भाजपा नेता विनोद कुमार गुप्ता, अजय शर्मा, विकास राव, आदित्य त्रिपाठी, प्रदीप कुमार दुबे, विजय सिंह एवं अमरनाथ मद्धेशिया ने संयुक्त रूप से कसया एसओ डॉ. आशुतोष तिवारी को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ कसया पीयूषकांत राय ने टॉवर के गार्ड को बुलवाकर झंडा उतरवाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब तीन घंटे बाद सड़क जाम समाप्त कराया। इस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने की धारा का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

# दुष्कर्म व पॉक्सो में वांछित गिरफ्तार

पडरौना। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को थाना कुबेरस्थान पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गुड्डू पासवान पुत्र रामकुमार पासवान निवासी महुआ थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ राघवेन्द्र सिंह, एसआई प्रियांशु राय, कां. विकास यादव एवं संतोष यादव शामिल रहे।

# प्रतिबंधित पशु व चाकू के साथ एक दो गिरफ्तार

**पडरौना।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक प्रतिबंधित पशु के साथ चाकू व एक लकड़ी का ठीहा बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि पकड़े गये दोनों व्यक्ति बरामद प्रतिबंधित पशु का वध करने की तैयारी में थे। पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान बसहिया बनवीरपुर गांव निवासी मैरूद्दीन कुरैशी पुत्र स्व. दुख्खी व इशहाक कुरैशी उर्फ इस्ताक पुत्र नैमुल्लाह उर्फ अली उल्लाह के रूप में हुई।

# डेढ़ साल से लापता युवक बरामद

**पडरौना।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम होरलापुर में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति शिवनाथ पुत्र रामजी जो गांव में इधर-उधर घुम रहा था और अपना घर सिर्फ लक्ष्मीपुर बता रहा था को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# जालसाजों ने लूटे अरमान, पुलिस ने बचाया मान

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल • पडरौना

- बीते छह माह में साइबर ठगों ने उड़ाए 16 लाख रुपये
- नौ लाख वापस करा पुलिस ने चार लाख कराया फ्रीज

साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तमाम जागरूकता कार्यक्रमों के बाद भी ठगी के मामले कम नहीं हो रहे। आंकड़े बता रहे कि कुशीनगर में साइबर अपराधी औसतन हर तीसरे दिन एक व्यक्ति को अपना शिकार बना रहे हैं। बीते छह माह में यहां 78 लोगों के खाते से जालसाजों ने 16 लाख 11 हजार रुपये ठग लिए। समय पर मिली शिकायत पर साइबर सेल ने जहां नौ लाख से अधिक रुपये वापस कराया, वहीं लगभग पौने पांच लाख रुपये को फ्रीज कराया गया।

एक मई से 31 अक्टूबर 2022 तक जिले में 78 लोग साइबर फ्राड के शिकार हो अपनी गाढ़ी कमाई गवां चुके हैं। सर्वाधिक मामले नगर कोतवाली क्षेत्र में सामने आए हैं। नगर के बाद हाटा क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने लोगों को अपना शिकार बनाया। पुलिस स्कूल, कालेज तथा शहर-बाजार में लोगों को पर्चे वितरित कर जागरूक कर रही। पर लोग सावधान नहीं रहे।

**14 लोगों के वापस हुए 9 लाख 20 हजार:** विकास कुमार निवासी पडरौना तीन लाख 50 हजार, राजेश कुमार नेबुआ-नौरंगिया दो लाख, शंभू शरण गुप्ता वार्ड संख्या छह कसया लोहिया नगर 96 हजार, अनिरुद्ध चौहान मदनपुर सुकरौली 30 हजार, जरीना वीर अब्दुल हमीद नगर पडरौना 10 हजार, अनुप खरवार आधार पड़री चिरगोड़ा 19500, रामभजन प्रसाद ध्नहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार हल मुकाम पडरौना 20 हजार, मोहन वर्मा कस्बा सेवरही 11550 सहित 14 लोगों के कुल नौ लाख 20 हजार 50 रुपये वापस कराए।



साइबर सेल ने सराहनीय कार्य किया है। बीते छह माह में 920050 रुपये वापस करा 488627 रुपये फ्रीज कराया गया। रिकवरी की स्थिति बेहतर है। साइबर फ्राड से बचने के लिए नागरिक सावधानी बरतें। आनलाइन फ्राड होने पर तत्काल थाने या टोल फ्री नंबर 1930 पर सूचना दें।

**धवल जायसवाल, एसपी**

**फ्रीज कराए गए चार लाख 88 हजार :** अवधेश कुशवाहा निवासी खड्डा एक लाख, अजय कुमार कसया एक लाख 51 हजार 375, सुनील प्रसाद फाजिलनगर 5500, पवन कुमार तिवारी 10279, विवेक गोविंद राव 11700, कलावती कोकिलपट्टी दो हजार, गौरव मिश्र कैथवलिया हबीरपुर 1095, सृष्टि मिश्रा फाजिलनगर 4145, सुनील खोराबार 30 हजार, दिनेश कुशवाहा बेलवा बाबूराम 9973, चंदन मद्धेशिया गौरी इब्राहिम 2299, प्रशांत शाही कसया 10 हजार सहित 25 लोगों के चार लाख 88 हजार 627 रुपये फ्रीज कराया।

## किस थाने में दर्ज कितने मुकदमे

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोतवाली पडरौना | 13 | तम्कुहीराज | 01 |
| जटहाबाजार | 02 | पटहेरवा | 08 |
| तुर्कपट्टी | 02 | तरयासुजान | 03 |
| कुबेरस्थान | 01 | सेवरही | 03 |
| महिला थाना | 01 | विशुनपुरा | 04 |
| कसया | 09 | खड्डा | 01 |
| हाटा | 10 | नेबुआ-नौरंगिया | 07 |
| अहिरौली बाजार | 03 | हनुमानगंज | 01 |
| कप्तानगंज | 05 | रामकोला | 04 |

# गोवंश के साथ दो गिरफ्तार

**जासं,पडरौना:** सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को बसहिया बनवीरपुर में छापेमारी कर एक खेत से एक गोवंश, धारदार हथियार के साथ दो तस्करों को दबोच लिया। दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सुबह नौ बजे गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर गांव में तस्कर गोवंश काटने की तैयारी में है। टीम छानबीन में जुट गई। गांव से सटे एक गन्ने के खेत में एक गोवंश के साथ दो तस्करों को टीम ने दबोच लिया। मौके से लकड़ी का एक बड़ा टुकड़ा व धारदार हथियार बरामद हुआ। दोनों की पहचान मैरूद्दीन कुरैशी व इशहाक कुरैशी निवासी बसहिया बनवीरपुर के रूप में हुई। दोनों ने स्वीकारा कि गोवंश काटने की तैयारी में थे। मांस की गांवों में बिक्री की जानी थी। टीम में दारोगा अमित सिंह, धर्मदेव चौधरी आदि शामिल रहे।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**नेबुआ-नौरंगिया:** कोर्ट के आदेश पर नेबुआ-नौरंगिया पुलिस ने मंगलवार को मंटू, शंकुतला व रामलखन निवासी पटेरा बुजुर्ग के विरुद्ध मारपीट व लूट का मुकदमा पंजीकृत किया है। क्षेत्र के ही गांव सरपतही बुजुर्ग के बालदीश शर्मा ने सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर आरोप लगाया था कि बीते 13 अप्रैल की शाम को उनका पुत्र चंद्रप्रकाश घर से मिलन चौक जा रहा था। चौराहे के समीप बाइक सवार मंटू, शकुंतला व रामलखन ने रोक पिटाई की और जेब में रखा एक हजार रुपये लूट लिए। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के नौरंगिया तिराहे से पुलिस ने मंगलवार को दहेज हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान बलिस्टर उर्फ राजकुमार निवासी बलकुड़िया बाजार के रूप में हुई। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि बलिस्टर दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में नामजद है और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। टीम में दारोगा आलोक सिंह आदि शामिल रहे। (जासं)

# एएसपी ने ली परेड की सलामी, दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को परेड की सलामी ली। मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ लगवाई। नियमित योग, ध्यान करने को कहे। बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। लाइन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव को कहा।

आरआई रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एएसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एएसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन बनाए रखना होगा।

# सक्रिय अपराधियों का सत्यापन कर तैयार करें डोजियर : एसपी



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते बीच में एसपी धवल जायसवाल● जागरण

- अभियान चलाकर बरामद किए जाएं अवैध असलहे
- गो-तस्करी में लिप्त अपराधियों पर करें गैंगस्टर की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि सक्रिय अपराधियों का सत्यापन कर उनका डोजियर तैयार करें। आपरेशन तमंचा के तहत अभियान चलाकर अवैध असलहों को बरामद कर ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ठंड का मौसम शुरू हो गया है, चोरी-लूट आदि की घटनाओं के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाएं। लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर उनकी जवाबदेही तय होगी।

वे सोमवार देर रात को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गो-तस्करी पर हर हाल में रोक लगाई जाए। इसमें लिप्त तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई करें और उनकी संपत्ति कुर्क कराने के लिए कदम उठाएं। हत्या, लूट, दुष्कर्म, डकैती, चोरी व अपहरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए। अवैध शराब पर रोक लगाएं। कहा कि जनसुनवाई पोर्टल, आइजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं। ध्यान रहे कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर न होने पाए। लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित किया जाए। भूमि विवाद में एसडीएम से समन्वय स्थापित कराएं। कहा कि नगर पालिका व पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक कार्रवाई अभी से शुरू कर दी जाएं। अराजकतत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद करने सहित अन्य आवश्यक कदम उठाए जाएं। महिला सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो स्क्वाड को और भी सक्रिय बनाया जाए। स्कूल, कालेज, शहर बाजार आदि में स्क्वाड भ्रमण कर महिलाओं,छात्राओं को 112, 1090 आदि के बारे में बताएं। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, कसया पीयूषकांत राय सहित सभी सीओ, थानेदार, आरआई आदि मौजूद रहे।

# डेढ़ वर्ष से लापता युवक को पुलिस ने स्वजन से मिलाया

**जासं, पडरौना:** बीते डेढ़ वर्ष से लापता युवक को सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को उसके स्वजन से मिलाया। कोतवाली क्षेत्र के होरलापुर गांव में दोपहर में अपरिचित एक युवक को परेशान देख लोगों ने जब नाम, पता व कारण पूछा तो वह सिर्फ लक्ष्मीपुर कह रहा था। युवक बढ़े दाढ़ी-बाल देख गांव के युवा सुनीत प्रजापति व राजू यादव आगे आए। युवक का दाढ़ी-बाल बनवाकर नए कपड़े पहनाए फिर उसे साथ लेकर कोतवाली गए।दीवान मनोज यादव ने युवक द्वारा बताए गए लक्ष्मीपुर के आधार पर जनपद के सभी थानों से संपर्क किया तो पता चला कि विशुनपुरा थाने में लक्ष्मीपुर गांव है। वहां के प्रधान के पास युवक की फोटो भेजी गई तो प्रधान ने युवक की पहचान शिवनाथ पुत्र रामजी के रूप में की। शिवनाथ के मिलने की खबर मिलते ही घर के लोग खुश हो उठे।

चाचा रवींद्र प्रसाद व घर के दूसरे सदस्य कोतवाली आए। शिवनाथ को देख सभी फफक पड़े। रवींद्र ने बताया कि वह मानसिक रूप से कमजोर है। डेढ़ वर्ष पहले घर से निकल गया फिर उसका पता नहीं चला। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों युवकों का प्रयास सराहनीय है।

# रेंज में फिर पहले पायदान पर जिला

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** नागरिकों की नजर में कुशीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली लगातार बेहतर हुई है। पुलिस के कार्यों से लोग संतुष्ट हैं। एडीजी जोन के निर्देश पर कराए गए सर्वे में जिले की पुलिस को लोगों ने फिर से गोरखपुर रेंज में पहला स्थान दिया है। देवरिया को दूसरा, महराजगंज को तीसरा तथा गोरखपुर जिले को चौथा स्थान मिला है। बीते अक्टूबर में भी जिला रेंज में पहले स्थान पर था।

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर एसपी ने पुलिस के प्रदर्शन को लेकर एक से सात नवंबर तक पब्लिक पोल कराया था। सोमवार को नतीजे घोषित किए गए। आइजीआरएस के बारे में 84.4 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के रवैये पर संतुष्टि जताई है। ट्विटर पर पुलिस सेवा को लेकर 1061 लोगों से मिली फीडबैक में 78.3 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 4.7 प्रतिशत ने उत्तम, 06 प्रतिशत ने साधारण तथा 11 प्रतिशत ने खराब बताया है। वहीं थाने पहुंचे 2586 लोगों से ली गई राय में 96.7 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 1.2 ने उत्तम, 0.8 ने साधारण तथा 1.3 प्रतिशत लोगों ने खराब बताया है। प्राथमिकी दर्ज कराने के मामले में 461 लोगों की राय ली गई। इसमें 322 ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 136 ने साधारण तथा 03 व्यक्तियों ने खराब बताया है। डायल 112 के बारे में 822 में 687 लोग संतुष्ट और 135 असंतुष्ट मिले। इसी तरह पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन में 659 लोगों की राय प्राप्त की गई। इनमें 501 ने अति उत्तम तथा 158 लोगों ने खराब बताया है।

- **पब्लिक पोल से एडीजी जोन गोरखपुर ने जारी की जनपदवार सूची**
- **देवरिया को दूसरा तथा महराजगंज को मिला तीसरा स्थान**

**किसे कौन सा मिला स्थान**

| | |
|---|---|
| कुशीनगर | पहला |
| देवरिया | दूसरा |
| महराजगंज | तीसरा |
| गोरखपुर | चौथा |

जोन स्तर पर कराए गए पब्लिक पोल में नवंबर में जिले को गोरखपुर रेंज में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। बीते माह में भी हम रेंज में पहले स्थान पर थे। लोगों की राय से स्पष्ट है कि जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली में तेजी से सुधार हुआ है। यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयास से मिली है, जो निश्चित ही उत्साह बढ़ाने के साथ साथ पुलिसकर्मियों को और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी।

**धवल जायसवाल**, एसपी

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**कुबेरस्थान :** क्षेत्र के धूप सागर पोखरा के समीप पाक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया। वह काफी समय से फरार चल रहा था। एसओ राघवेंद्र सिंह मातहतों संग गश्त पर थे। दोपहर चार बजे धूप सागर पोखरा के समीप पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। उसकी पहचान गुड्डू पासवान निवासी महुआ थाना जोगिया उदयपुर जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। एसओ ने बताया कि आरोपित कुबेरस्थान कस्बे में एक दुकान पर काम करता था। एक माह पूर्व नाबालिग संग दुष्कर्म कर फरार हो गया। (जासं)

## दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**नेबुआ–नौरंगिया :** क्षेत्र के नौरंगिया तिराहे से पुलिस ने मंगलवार को दहेज हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान बलिस्टर उर्फ राजकुमार निवासी बलकुड़िया बाजार के रूप में हुई। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि बलिस्टर दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में नामजद है और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। टीम में दारोगा आलोक सिंह आदि शामिल रहे। (जासं)

# समउर में पुलिस चौकी के लिये भूमि पैमाइश

**जागरण संवाददाता, समउर बाजार :** पटहेरवा के बिहार बार्डर पर स्थित रकबा राजा गांव के समीप किराए के मकान में चल रहे पुलिस पिकेट को अब पुलिस चौकी में तब्दील करने की कयावद शुरू हो गई है। इसको लेकर हल्का लेखपाल ने भूमि की पैमाइश की। समउर बाजार पुलिस चौकी पूर्व में पटहेरवा थाने के अधीन था, पर नए थाने की स्थापना के बाद यह तमकुहीराज थाने में चला गया। बार्डर क्षेत्र पर ही स्थित रकबा राजा गांव पटहेरवा थाने में है। एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायनण उमराव के निर्देश पर हल्का लेखपाल नर्वदेश्वर सिंह ने भूमि की पैमाइश की। राजस्व निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट एसडीएम को भेजी गई है। राजस्व निरीक्षक गाजीपुर वेद्प्रकाश उपाध्याय, रकबा पुलिस पिकेट प्रभारी अभिषेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# एक लाख की कीमत के पेड़ काट ले गए चोर

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज क्षेत्र के बहुआस गांव में सोमवार रात एक लाख रुपये कीमत का पेड़ चोरी हो गया। मंगलवार की सुबह पेड़ कटने की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। बहुआस गांव के उपेंद्र सिंह ने अपने खेत में साखू का पेड़ लगाया था। सोमवार रात मौका देखकर चोरों ने पेड़ काटकर गायब कर दिया। कप्तानगंज पुलिस को तहरीर देकर उपेंद्र ने कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

# महिला ने पति को प्रेमिका संग पकड़ा

## हाटा क्षेत्र की घटना, घंटे भर हुआ हंगामा, पुलिस दोनों को ले गई थाने

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हाटा।** कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली में मंगलवार को एक महिला ने अपने पति को गैर महिला के साथ बंद कमरे में पकड़ लिया।

युवक की पत्नी ने आसपास के लोगों के साथ मिलकर हंगामा किया। मामले की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस, युवक और उसकी महिला मित्र को लेकर जब थाने गई, तब मामला शांत हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक महिला सुकरौली में किराए की मकान में रहती है। उसका पति विदेश रहता है। इस महिला का प्रेम संबंध क्षेत्र के एक शादीशुदा युवक संग चल रहा है। दोनों चोरी छिपे एक दूसरे मिलते जुलते रहते हैं। मंगलवार को महिला का प्रेमी उससे मिलने पहुंचा।

इसकी भनक प्रेमी की पत्नी को लग गई। कुछ लोगों संग पति की तलाश करती हुई वह महिला के कमरे पर पहुंच गई।

उसने पति और उसकी प्रेमिका को कमरे में रंगेहाथ पकड़ लिया। महिला ने इसकी सूचना डॉयल 112 नंबर दी।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस युवक को साथ कोतवाली लेकर चली गई। इस दौरान महिला ने युवती को घर में बंद कर दिया। पति की प्रेमिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। बाद दोबारा आई पुलिस प्रेमिका को कमरे से निकालकर कोतवाली ले गई।

इस दौरान करीब एक घंटे तक गहमागहमी बनी रही। पहले तो लोग कुछ समझ नहीं पाए। बाद लोगों को इसकी जानकारी हुई।

इस संबंध में चौकी इंचार्ज आशुतोष जायसवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस सभी को थाने लाई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा समउर

## चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस ने की पहल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गंगुआ बाजार।** क्षेत्र के समउर बाजार कस्बे के मुख्य तिराहे सहित अन्य जगहों पर सीसीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। व्यापार मंडल संग बैठक करके पुलिस ने इसकी रूपरेखा तैयार की है।

चौकी प्रभारी राजेश कुमार गौतम ने बताया कि समउर बाजार यूपी और बिहार बार्डर पर स्थित है। सीसीटीवी कैमरों के लग जाने से अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी।

जाड़े के मौसम में चोरी सहित अन्य घटनाएं बढ़ जाती हैं। कोहरे का फायदा उठाकर चोर दुकानों और मकानों को निशाना बनाते हैं। चोरी सहित अन्य वारदातों की रोकथाम के लिए चौराहों-तिराहों पर स्थानीय व्यापारियों की मदद से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्देश एडीजी जोन अखिल कुमार ने दिया है। इसको देखते हुए थाना और चौकी स्तर पर भी कवायद की जा रही है।

इसलिए समउर-तमकुही मार्ग के अलावा कस्बे में लगे एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाए जाने पहल पुलिस ने की है। कस्बे के व्यापारियों की मदद से एक हफ्ते के भीतर इन जगहों पर कैमरे लगा दिए जाएंगे।

सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि सभी थानेदारों और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया गया है।

### प्रमुख चौराहों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

**रामकोला।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार शाम क्षेत्र के प्रधानों के साथ बैठक हुई। इसमें गांव के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की गई। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने ग्राम प्रधानों से गांव में सुरक्षा के उपायों पर चर्चा कर प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की। इस दौरान ग्राम प्रधान बबलू यादव, अशोक कुमार, इंदरजीत सिंह, एसके कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# चार बोरी खाद के साथ एक गिरफ्तार

गड़ौरा। निचलौल थाना क्षेत्र के शीतलापुर चौकी पुलिस गश्त के दौरान एक व्यक्ति बाइक से चार बोरी खाद को नेपाल सीमा में जाते समय गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु निचलौल कस्टम को सौंप दिया।

निचलौल थाना क्षेत्र के शीतलापुर चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने बताया कि शीतलापुर खेसरहा गांव के पश्चिम 20 कड़ी के रास्ते भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे तभी भारतीय सीमा से एक बाईक पर खाद लेकर नेपाल जाने के फिराक में था। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# स्मैक बरामदगी में एक को एक वर्ष का सश्रम कारावास

- नौतनवा स्टेशन के पास स्मैक की हुई थी बरामदगी
- अपर सत्र विशेष जज ने सुनाया फैसला

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। नौतनवा रेलवे स्टेशन के पास वर्ष 2018 में 12 ग्राम अवैध चरस बरामदगी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। स्मैक बरामदगी के मामले में दोषी पाये जाने पर आरोपी पिंटू यादव को अपर सत्र-विशेष न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने एक वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन उप निरीक्षक नौतनवा प्रभुनाथ वर्मा अपने हमराहियों के साथ जनता चौक पर 25 फरवरी-18 को वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वे रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और मुखबिर के इशारे पर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पिंटू यादव निवासी गौतमबुद्ध नगर नौतनवा-महराजगंज बताया। तलाशी के दौरान उसके दाहिने जेब से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। इस मामले में नौतनवा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर विवेचना शुरू हुई। विवेचक ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई।



कोल्हुई थाने में एसओ ने पुलिस कर्मियों को हेलमेट लगाने की शपथ दिलाई।

# हेलमेट लगाने की ली शपथ

कोल्हुई। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर कोल्हुई थाने में एसओ अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मियों ने हेलमेट पहनने की शपथ ली। आये दिन हो रहीं दुर्घटनाओं में अधिकतर लोग इस वजह से असमय काल के गाल में समा जाते हैं कि वे हेलमेट नहीं पहने रहते हैं। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने आमजन के साथ साथ पुलिस वालों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया।

# नेपाल चुनाव को लेकर सोनौली सीमा पर सतर्कता के निर्देश

- 17 नवंबर से सीमा सील करने की बनी रणनीति
- घुसपैठ रोकने के लिए विशेप निगरानी पर बनी सहमति

**जागरण संवाददाता, सोनौली** : 20 नवंबर को नेपाल में प्रदेश प्रतिनिधि (विधायक ) केंद्र प्रतिनिधि (सांसद) के चुनाव के लिए मतदान होना है। इसको लेकर मंगलवार की शाम सोनौली सीमा पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने मुख्य गेट के पास स्थित एसएसबी कैंप में बैठक की और सतर्कता के निर्देश दिए। नेपाल में चुनाव को देखते हुए भारत नेपाल सीमा 17 नवंबर से सील रहेगी। आदेश का अनुपालन करने और घुसपैठ रोकने के लिए रणनीति बनाई गई।



सोनौली कैंप मे बैठक करते एसएसबी के सेनानायक एलपी उपाध्याय (दाएं से प्रथम) ● सौ. एसएसबी

एसएसबी 22 वीं वाहिनी के सेनानायक एलपी उपाध्याय ने पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को समन्वय के साथ निगरानी करने की बात कही। बैठक के पूर्व अधिकारियों ने नेपाल सीमा में बन रहे मुख्य गेट का जायजा लिया। निर्देश दिए कि नेपाल अपने क्षेत्र में ही गेट बनाए। साथ में समन्वय के साथ नशा के धंधे पर भी शिकंजा कसा जाए।

मानव तस्करी की रोकथाम के लिए और बेहतर कदम उठाने पर सहमति बनी। असिस्टेंट कमांडेंट एल एम डोभाल, थानाध्यक्ष सोनौली महेंद्र यादव, एसआई सुधीर यादव, चौकी प्रभारी मनीषा सिंह, पीजीएसएस पुष्पा चौधरी, मानव सेवा संस्थान रीता मिश्रा व अन्य खुफिया विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मैक बरामदगी के मामले में अभियुक्त को एक वर्ष का कारावास, पांच हजार अर्थदंड

**जासं, महराजगंज**: नौतनवा रेलवे स्टेशन के पास वर्ष 2018 में 12 ग्राम स्मैक बरामदगी के मामले में अभियुक्त पिन्टू यादव को अपर सत्र विशेष न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने एक वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार नौतनवा थाना पुलिस के तत्कालीन उपनिरीक्षक प्रभुनाथ वर्मा जनता चौक पर 25 फरवरी 2018 को वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान मिली सूचना पर वह रेलवे स्टेशन नौतनवा पहुंचे। एक संदिग्ध को पकड़ा, उसने अपना नाम पिन्टू यादव पुत्र सदानन्द यादव निवासी वार्ड नं. 14 गौतमबुद्धनगर, नौतनवा बताया। तलाशी में उसकी जेब से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसपर एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने सजा की मांग की। न्यायालय ने साक्ष्य व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई।

# धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जासं, महराजगंज** : कोतवाली पुलिस ने बांसपार बैजोली निवासी इंद्रावती की तहरीर पर बांसपार बैजोली कुट्टी निवासी अशोक निषाद व उनके अज्ञात स्वजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित प्राइवेट बैंक के एजेंट के रूप में उनसे सात वर्ष से रुपये जमा कराता रहा। भुगतान मांगने पर स्वजन सहित भगा दिया।

# विदेशी सामान के साथ एक हिरासत में

**जासं , बरगदवा** : पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा ने सोमवार की रात 12 बजे नेपाल से लाई जा रही भारी मात्रा में सौंदर्य प्रसाधन सामग्री से लदी पिकअप को पकड़ा। वाहन में बैठे एक युवक को भी हिरासत में ले लिया। बरामद सामान को नौतनवा कस्टम कार्यालय को कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

बरगदवा थाना क्षेत्र के चकरार गांव के सागौन की बाग के पास पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, उपनिरीक्षक सूरज कुमार ने नेपाल से आ रहे पिकअप की तलाशी ली। वाहन पर शैंपू के 44 गत्ते, एक अन्य ब्रांडेड कंपनी के शैंपू आठ गत्ते, टूथपेस्ट 17 गत्ता, टेल्कम पाउडर 42 गत्ता बरामद हुआ।

पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम नागेंद्र कुमार जायसवाल निवासी कोहरगड्डी थाना परसामलिक बताया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बरामद सामान व आरोपित कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है।

# शांति भंग की आशंका में पांच लोगों का चालान

**पनियरा।** पुलिस ने पांच लोगों को शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि राजेश पासवान सुचितपुर, विष्णु निषाद निवासी सौरहा, अग्निदेव निवासी सौरहा, दिलीप निवासी हंसखोरी महुअवा, प्रदीप हसखोरी महुअवा को शांति भंग कर चालान किया गया है। संवाद

# सीमावर्ती क्षेत्र में पाउडर बरामद

**महराजगंज।** बरगदवा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात नेपाल सीमा से सटे चकरार ग्राम के सागौन बगीचे के पास एक आरोपी के पास से शैंपू 43 गत्ता, मंजन 17 गत्ता, पाउडर 42 गत्ता एक पिकअप पर लदा बरामद किया गया। आरोपी नागेन्द्र कुमार जायसवाल निवासी कोहगड्डी को कस्टम नौतनवां को सामान के साथ सौंप दिया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# पीआरवी के कामकाज ने जनता का फिर जीता भरोसा

## पब्लिक पोल की जरिए पुलिस के कार्य प्रणाली को परखा जाता, आईजीआरएस की सेवा से कम लोग संतुष्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पब्लिक पोल के जरिए पुलिस के कार्य प्रणाली की परख की जाती है। इस बार फिर पीआरवी 112 के कामकाज पर जनता ने भरोसा जताया है। 80 प्रतिशत लोग पीआरवी के कामकाज से संतुष्टि हैं। वहीं आइजीआरएस पर महज 43 प्रतिशत लोगों ने भरोसा किया।

ट्वीटर, आईजीआरएस, एफआईआर, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन के मसले पर जनता की राय ली गई थी। सितंबर से ज्यादा अक्तूबर में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

जानकारी के अनुसार आईजीआरएस की सेवा को लेकर 385 लोगों ने फीड बैक दिया था। 218 लोगों ने सेवा से संतुष्टि प्रकट की। 167 लोग असंतुष्ट रहे। आंकड़ों पर गौर तो 56 प्रतिशत लोगों ने सेवा को संतोषजन बताया तो 43 प्रतिशत लोगों ने असंतोष जाहिर किया। ट्वीटर पोल में 508



पुलिस कार्यालय।

लोगों ने हिस्सा लिया। 73 प्रतिशत लोगों ने इसे अति उत्तम बताया तो 15 प्रतिशत लोगों ने खराब बताया। डायरेक्ट पोल में 341 लोगों ने हिस्सा लिया। 98 प्रतिशत लोगों ने इस सेवा का अति उत्तम करार दिया। एफआईआर को लेकर 258 वादियों से संपर्क किया गया। 186 ने अतिउत्तम बताया। 72 प्रतिशत लोगों ने इसे अति उत्तम माना है। डायल 112 के काम काज से ज्यादा लोग संतुष्ट है। हर बार की वोटिंग में इस सेवा पर लोग संतुष्टि जाहिर करते हैं। डायल 112 की सेवा को लेकर 628 लोगों ने फीडबैक दिया। 508 लोगों ने संतुष्टि जाहिर की। 120 लोगों ने असंतुष्टि प्रकट की। इस सेवा से 80 प्रतिशम लोग संतुष्ट हैं। पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन में 449 लोगों ने फीड दिया। 357 ने अतिउत्तम बताया तो 92 लोगों ने खराब बताया।

### अक्तूबर में 2,569 लोगों ने लिया हिस्सा

पुलिस के कामकाज को लेकर रुझान देने में लोगों की रुचि घटी है। जुलाई में 3984 लोगों ने फीड बैक दिया तो अगस्त में इनकी संख्या बढ़कर 4194 हो गई। सितंबर में घटकर 2912 हो गई। अक्तूबर में तो काफी गिरावट दर्ज हुई। महज 2569 लोगों ने पुलिस के कामकाज पर फीडबैक देने में रुचि दिखाई।



पुलिस के कामकाज के बारे में आनलाइन वोटिंग कराई जाती है। इसमें लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पुलिस लगातार अपने काम को बेहद पारदर्शी एवं बेहतर बना रही है। -**डॉ. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक

# नेपाल बॉर्डर पर 13 लाख का कॉस्मेटिक सामान बरामद

बरगदवा। बरगदवा थाना क्षेत्र के चकरार गांव के सागौन के पास सोमवार की रात करीब 12बजे गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी नौतनवां अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, उपनिक्षक सुरज कुमार ने नेपाल से आ रहे पिकअप को रोक तलाशी लिया। उसमें डब सैम्पू 44 गत्ता में 2070 पीस, क्लीनीप्लस सैम्पू 8गत्ता 240 पीस, कलोजअप टूथपेस्ट 17गत्ता 2348 पीस, पान्ड्स पाउडर 42 गत्ता 5700 पीस, पावडर समान बरामद हुआ। पकड़े गए सामान की कीमत लगभग 13 लाख रुपये आंकी जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# सुअर को मारने के विवाद में मारपीट, चार पर केस

**बस्ती ।** सुअर को मारने के विवाद में कुछ लोगो ने एक युवक को ईंट पत्थर से मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा स्थित चाई टोला मोहल्ले में सुअर को मारने के विवाद को लेकर विनोद सोनकर को आरोपी अशोक, मुन्नी देवी, सुनील व अमर ने मिलकर गालियां देते हुए ईंट फेककर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में विनोद लहू लुहान हो गये। मामले में पीड़ित विनोद सोनकर पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला चाई टोला दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अशोक पुत्र बंगाली, मुन्नी देवी पत्नी अशोक, सुनील, अमर उर्फ मोनू पुत्रगण अशोक निवासीगण चाई टोला दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गायघाट (एसएनबी)**। लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा बाजार में लगभग 20 साल से अपने निजी मकान में टेंट हाउस की दुकान चला रहे 48 वर्षीय संतराम उर्फ साधू चौधरी ने दुकान के गोदाम में छत की कुंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस ने शव को नीचे उतार कर कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कलवारी थाना क्षेत्र के छरदही गांव निवासी साधू चौधरी उर्फ संतराम रोज की तरह घर से खाना खाकर कुदरहा टेंट हाउस की दुकान पर चले गयें। दोपहर में दवा लेकर छोटा लड़का आकाश दुकान पर पहुंचा। पिता को दुकान पर न देख आकाश दुकान की गोदाम में गया तो वह भौचक्का रह गया। उसके पिता छत की कुंडी से नायलन की रस्सी के सहारे गले में फांसी लगाकर लटक रहे थे। यह नजारा देख आकाश जोर-जोर से रोने लगा। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर हमराहियों के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष लालगंज महेश सिंह रस्सी को काटकर शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाने पर दिए तहरीर में साधू चौधरी के पुत्र राज चौधरी ने बताया कि पिता को न्यूरो की बीमारी थी। वह पिछले 5 साल से दवा खा रहे थे बीमारी से आजिज आकर इस तरीके का कदम उठाया हैं। साधू चौधरी अपने पीछे दो पुत्र सोलह वर्षीय राज चौधरी, रोशनी, लक्की, आकाश और पत्नी को छोड़ गए।

# दुष्कर्मी के छूटने की अफवाह से ग्रामवासी भयाक्रान्त

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र केलकड़ा ग्राम निवासी एक युवक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्मके मामलेमें जिला कारागार मेंनिरुद्ध है। अचानक उसके जेल से रिहा होने की अफवाह गांव में पहुंची तोलोग भयाक्रान्त हो गये। सूचना थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह को हुई तो वह तत्काल गांव में पहुचे ग्रामीणोंसे वार्ताकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए पूरी सुरक्षा का भरोसा दिलाया तब जाकर ग्रामीण भयाक्रान्त से बाहर निकले और दैनिक कार्य में लग गये।

बताते चलेकि थाना लालगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लकड़ा मेंएक बार फिर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करनेवालेआरोपी भुलई यादव के जेल से छूटने की अफवाह पर पहले से ही भयभीत ग्रामीण एक बार फिरऔर अधिक भयाक्रान्त हो गयेहालात यह हुआ कि न तोवह स्वयंघर सेबाहर निकल रहेथेऔर न ही अपने परिवार की महिलाओ व बच्चियों को घर से बाहर निकलने दे रहेथेइसकी सूचना मुकामी पुलिस को हुई तोमामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर

**मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में जेल में निरुद्ध है भुलई यादव**

**दल-बल के साथ गांव में पहुंचे एसओ, ग्रामीणों से वार्ता कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा**



बस्ती : लकड़ा गांव में ग्रामीणों को समझाते थानाध्यक्ष महेश सिंह। फोटो : एसएनबी

वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराकर मामले कोसंभालने का प्रयास किया। घंटो समझाने के बाद भी लोग भय के माहौल से ऊबर नहीं पाये थे। लोगो में भय था कि भुलई यादव मनबढ़ किस्म का कामुक युवक है जो राह सेआने जाने वाली महिलाओं बच्चियों पर हमेशा गलत निगाह रखता है । अपनी इन्हीं आदतों कोलेकर वह किसी भी महिला व मासूम बच्ची केसाथ गलत हरकत करने की हमेशा फिराक में रहता रहा। इस तरह की कई घटनाएं भी वह कर चुका जिसेगांव के लोग लोकलज्जा के भय से किसी के सामने प्रकट नहीं किये जिससे कार्यवाही नहीं हो पायी। इसी सेउसका मन बढ़ता चला गया। एक गंभीर दुष्कर्म की घटना कारित करने के बाद पुलिस नेउसेहिरासत मेंलेकर जेल भेजा। इस बावत थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह नेबताया कि अभियुक्त भुलई यादव अभी भी जेल में ही है । भोलीभाली ग्रामीण जनता को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें समझाया बुझाया जा रहा है उनके भरपूर सुरक्षा का इंतजाम किये गये हैं।

# थाने में पुलिस कर्मी कर रहे योग

**बस्ती (एसएनबी)।** मंगलवार को सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक 1 घण्टे के लिए पुरानी बस्ती थाना परिसर में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी भी शामिल हुए।

योग प्रशिक्षक आदित्य ने बताया कि आज के इस व्यस्तता पूर्ण जिन्दगी में योग का बहुत ही महत्व है। हमे अपने दिन की शुरुआत योग से करनी चाहिए। उन्होंने थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह एवं थाना स्थानीय की टीम को योग के महत्व को बताते हुए विभिन्न प्रकार के योगासन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इस दौरान उपनिरीक्षक एकलाख अहमद, कमलेश गौड़, रमेश यादव , राधारमण यादव , जगन्नाथ यादव एवं मुख्य आरक्षी कमलेश राय , उमेश राय, संजीत श्रीवास्तव , आरक्षी नीरज , सतीश सिंह , विकास यादव , विंध्याचल महिला आरक्षी आरजू, अंजली , निकिता, रीनू, नेहा आदि शामिल रहे ।

**अपने दिन की शुरुआत योग से करनी चाहिए**



बस्ती : पुरानी बस्ती मेंयोग करते पुलिस कर्मी। फोटो : एसएनबी

# एसपी ने पुलिस बूथ का किया उद्घाटन

**समाज के प्रहरी चौकीदारों को शाल देकर किया सम्मानित**

**नगर बाजार (बस्ती)** (एसएनबी)। नगर थाना अन्तर्गत बस्ती फैजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फुटहिया पर नई पुलिस बूथ का उद्घाटन एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया। इस मौके पर एसपी ने वहां आए हुए लोगों से संवाद भी किया है। कहा कि यह पुलिस बूथ गोरखपुर लखनऊ हाइवे पर बस्ती जिले की कानून व्यवस्था मजबूत साबित करनेमें अहम भूमिका निभाएगी।

जिले के थाना नगर में नई पुलिस बूथ का निर्माण करवाया गया है। जिसका उदघाटन करने केलिए एसपी अशीष कुमार श्रीवास्तव पहुंचे। वहां एसपी ने फीता काटकर उदघाटन किया। साथ ही थाने व स्थानीय ग्रामीणों के साथ संवाद किया। पुलिसकर्मी जनता से बराबर करते रहे संवाद एसपी ने कहा कि बूथ में तैनात पुलिस कर्मियों के सहयोग के लिए समय-समय थाना की गाड़ी गश्ती करेगी। इससे बस पड़ाव में सफर करने वाले महिला एवं बुजुर्ग यात्रियों को सहूलियत होगी। ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस बूथ का निर्माण कराया गया है। यहां स्टाफ की तैनाती की गई है। उन्होंने समाज के प्रहरी चौकीदारों को शाल देकर सम्मानित भी किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में सीओ कलवारी विनय चौहान, सीओ हरैया, थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र तिवारी, चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता उप निरीक्षक शशि शेखर सिंह दीपक सिंह, उप निरीक्षक अर्जुन तिवारी, उप निरीक्षक प्रदीप सिंह,भाजपा नेता विनोद कुमार शुक्ल, सत्य प्रकाश सिंह, महेन्द्र चौधरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



पुलिस बूथ का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। फोटो : एसएनबी

# छात्र-छात्राओं को यातायात माह के तहत किया जागरूक

**छावनी(एसएनबी)।** थाने की पुलिस ने मंगलवार को कस्बे के अशोक इंटर कलेज में बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने तथा उनके कैरीयर के बारे सतर्क रहने लिए जागरूक किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क यातायात सुरक्षा की जानकारी देकर सड़क दुर्घटनाओं को दुर्घटना को कम करने का प्रयास किया जाता है। यातायात सुरक्षा हेतु घटनाओं को देख कर रणनीति बनाई जाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़क के आस पास के माहौल को देख कर वाहन की गति आदि तय किया जाता है। यातायात के नियम तो हर व्यक्ति के लिए बनाए गए हैं , लेकिन इसका सही ढंग से पालन बहुत कम लोग ही करते है। अगर इन नियमों का पालन करते हुए लोग सड़को में यात्रा करें तो अपने साथ कई लोगो का जीवन सुगम बना सकते हैं। बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब तक आप स्कूल में होते हैं तब तक सिर्फ बोर्ड एग्जाम अच्छे नंबरों से क्लियर करके कलेज में एडमिशन लेने की चिंता रहती है, क्योंकि जब तक आप बोर्ड एग्जाम में पास नहीं होंगे तब तक आगे कलेज में एडमिशन नहीं मिलेगा। अपना करियर बनाने के लिए आपको सही फैसला लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर आपकी रुचि बैंक से रिलेटेड है तो आपको कमर्स लेनी है और यदि आपको इंजीनियरिंग करनी है तो आपको साइंस लेनी है इसके अलावा आपकी रुचि टीचर बनने में है तो आप साइंस, आर्ट, हिस्ट्री वगैरा लेते हैं। किसी भी कार्य को करने के लिए फोकस करना बहुत ज्यादा जरूरी है।

क्योंकि बहुत से लोग ऐसे हैं कि किसी भी कोर्स को करने के लिए शुरू में तो फोकस करते हैं लेकिन कुछ दिन बाद अपनी स्ट्रीम बदल लेते हैं। जिसमें आपका साल बर्बाद हो सकता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयसेन सिंह के अलावा अन्य शिक्षक और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसपी को पत्र सौंप विवेचक बदलने की मांग

**बस्ती (एसएनबी)।** विश्व हिन्दू महासंघ ने पदाधिकारियों एवं अन्य नागरिकों ने मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक को सम्बोधित पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा। मांग किया कि सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव में गाय की हत्या किये जाने के दुर्भाग्यपूर्ण मामले में ग्राम प्रधान सहित अन्य दोषियों को बख्शा न जाय।

मामले की विवेचना किसी अन्य उच्चाधिकारी से कराकर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराया जाय। महासंघ ने चेतावनी दिया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गोहत्या मामले के दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा। एसपी को सौपे पत्र में कहा गया है कि विश्व हिन्दू महासंघ पदाधिकारियों के प्रयास से सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव में गाय की हत्या किये जाने के मामले का खुलासा हुआ। 18 ज्ञात एवं 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया किन्तु अभी तक सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उल्टे मामले में लीपापोती किये जाने, कूट रचना का प्रयास किया जा रहा है। महासंघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। पुलिस उप महानिरीक्षक को सम्बोधित पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपने वालों में महन्थ गिरजेश दास, लवकुश भट्ट, मनोज कुमार भट्ट, जमुना पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, कृपाशंकर पाण्डेय, दिलीप कुमार, विश्राम, रामकृष्ण, दिपल कुमार, भाईलाल, शिवम चौधरी, जगदम्बा, रामधीरज दूबे, अशोक कुमार तिवारी, कल्लू पाण्डेय, शारदा पाण्डेय, मनीराम, अखिलेश पटेल, बृद्धिसागर पाण्डेय, सौरभ तिवारी के साथ ही महासंघ के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# बाइक की टक्कर में दो घायल

**रुधौली (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की बस्ती-बांसी मार्ग पर स्थित पड़िया चौराहे पर मंगलवार को दोपहर में सड़क पार कर रहे बाइक चालक वृद्ध को बस्ती की तरफ आ रहे बाइक ने ठोकर मार दिया जिससे दोनों बाइक चालक गिरकर घायल हो गये ।

रुधौली थाना क्षेत्र के भितेहरा निवासी बादल पुत्र मोल्हू जो बाइक से बस्ती से मछली लेकर घर वापस लौट रहे थे कि वह पड़िया चौराहे पर पहुंचते ही परसा लालशाही निवासी परमात्मा पुत्र रामउग्रह जो बाईक से सडक पार कर अपने घर जा रहे थे कि दोनों बाईक की भिडंत हो गई। जिससे दोनों बाईक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनो बाईक चालको को निजी वाहन से जिला अस्पताल भेजवाया गया।

# नौ लोगों पर सीआरपीसी की कार्यवाई

**बस्ती ।** क्षेत्र में घूमकर अपराध करने तथा आम लोगो के अन्दर भय का माहौल बनाने के सम्बन्ध में रूधौली पुलिस ने नौ लोगो को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार रूधौली पुलिस ने अभियुक्त कल्लू उर्फ शिवकुमार पुत्र रामवरन, अनिल कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र कामता प्रसाद, कामता पुत्र फेरई निवासीगण छतरिया थाना रूधौली जनपद बस्ती जयप्रकाश सोनी उर्फ छक्कू सोनी पुत्र सावल प्रसाद साकिन कस्बा रुधौली थाना रूधौली जनपद बस्ती,राजन सोनी पुत्र सत्य मणि साकिन कस्बा रुधौली थाना रूधौली जनपद बस्ती,सत्य प्रकाश उर्फ बुठऊसोनी पुत्र सावल प्रसाद साकिन कस्बा रुधौली थाना रूधौली जनपद बस्ती कन्हैया पाल पुत्र सावल साकिन कस्बा रुधौली थाना रूधौली जनपद बस्ती अमन सोनी पुत्र क्न्हैयालाल साकिन कस्बा रुधौली थाना रुधौली जनपद बस्ती, सत्य मणि सोनी पुत्र सावल साकिन कस्बा रुधौली जनपद बस्ती चालानी रिपोर्ट भेज दी गयी है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी व मारपीट, केस

**बस्ती ।**सोनहा थाना क्षेत्र के रमवापुर बाबू गांव निवासिनी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रात्रि में उसके घर के अन्दर घुसकर झिनकान पाण्डेय ने छेड़खानी किया। विरोध करने पर उसे जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस नेआरोपी झिनकान पाण्डेय निवासी थुमवा थाना रुधौली, सत्या देवी पत्नी फुलचन्द, सर्वेन्द्र पुत्र फुलचन्द, प्रियंका, सुलेखा पुत्रीगण फुलचन्द निवासीगण रमवापुर बाबू थाना सोनहा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बिछड़े परिवार को मिलाया

**बस्ती ।** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय मय पुलिस टीम द्वारा पति-पत्नी के जोड़ों को मिलाया गया। निमती उपाध्याय पत्नी सुरेन्द्र प्रताप ग्राम परसपुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती, बबीता पत्नी रामू निवासी मरवटिया थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, सपना पत्नी कन्हैया निवासी नचनी थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के बीच पारिवारिक मनमुटाव विभिन्न कारणों से चल रहा था, जिसके चलते इनके आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से कुछ के 2 साल से खराब चल रहे थे। अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे किन्तु अब दोनों पक्षों को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व महिला हेल्प डेस्क की महिला का. आशा गौंड , म.का. ऋचा सिंह व विजयलक्ष्मी चौहान की कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों एक साथ रहने को तैयार हो गए। सुलहनामा लिखवा कर पति-पत्नी को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया।

# वांछित आरोपी को छावनी पुलिस ने पकड़ा

**बस्ती।** काफी दिनों से फरार चल रहे वांछित आरोपी को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि सिर पर प्राणघातक हमले समेत अन्य धाराओं में आरोपी अब्बास अली निवासी हियारूपुर थाना छावनी के खिलाफ न्यायालय स्तर से 82 सीआरपीसी का तामिला दो अक्टूबर 2022 हो चुका है। आरोपी अब्बास को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

# सफाईकर्मी पर दुष्कर्म और गैर इरादतन हत्या का केस

## कार्रवाई

- नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली मृतका की बेटी ने की शिकायत
- मारपीट कर पुरानी बस्ती में छोड़ गया इलाज के दौरान हुई मौत

बस्ती, निज संवाददाता। एसपी आशीष श्रीवास्तव के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एक सफाई कर्मी के खिलाफ दुष्कर्म और गैरइरातन हत्या के आरोप में मुकदमा कायम किया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि घटना करीब एक माह पुरानी है। तहरीर के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

नगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 40 वर्षीय मां को गांव का ही रहने वाला विजयपाल सोनकर सफाई कर्मी है। उसने 13 अक्टूबर 2022 को फोन करके बस्ती शहर में एक अज्ञात स्थान पर बुलाया था। आरोप है कि उसने उसी रात में उनके साथ दुष्कर्म किया और मार डालने की नीयत से मारापीटा। इसके बाद अगले दिन 14 अक्टूबर को पुरानी बस्ती क्षेत्र स्थित ननिहाल के पास गाड़ी से उतारकर भाग गया था। चोट लगने के कारण मां की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के गांव के ही रहने वाले सफाईकर्मी विजय पाल सोनकर के खिलाफ आईपीसी 376, 304 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# छात्र लाइसेंसी पिस्टल लेकर पहुंचा स्कूल

**मुंडेरवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती जिले के मुंडेरवा थान क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस पर सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पता चला कि कक्षा आठ का एक छात्र अपने बैग में पिस्टल लेकर आया है। पिस्टल हाथ में लेकर दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाई। गनीमत थी कि उसमें मैगजीन नहीं थी। सूचना पर पुलिस पिस्टल समेत छात्र को चौकी पर ले आई। पिस्टल जमा कर पुलिस की तरफ से लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है।

- पूछताछ में बड़े पिता की निकली पिस्टल, पुलिस ने कब्जे में ली
- दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाई, मैगजीन न होने से घटना टली

मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला तेरह वर्षीय किशोर पूर्व माध्यमिक स्कूल परसा डफाली में कक्षा आठ का छात्र है। बताया जा रहा है कि सोमवार को बाल दिवस समारोह के दौरान वह लाइसेंसी पिस्टल लेकर पहुंच गया। दोस्तों के साथ मोबाइल से फोटो खिंचवाने लगा। दोस्तों ने भी हाथ में पिस्टल लेकर फोटो खिंचवाई। गनीमत रही कि पिस्टल में मैगजीन नहीं थी। पहले लोगों ने खिलौना समझा, बाद में असली पिस्टल लगने पर सूचना पुलिस तक पहुंच गई। रामपुर चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार पिस्टल समेत छात्र को चौकी पर ले आए। फोन कर परिजनों को बुलाया गया तो पता चला कि पिस्टल छात्र के बड़े पिता की है। उनका मुम्बई में इलाज चल रहा है। वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल संदूक में रखकर गए थे। लेकिन कहीं से यह किशोर संदूक की चाबी पा गया और पिस्टल निकाल ली। प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि पिस्टल पिस्टल जमा कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा परमाशंकर यादव ने बताया कि पिस्टल में मैगजीन नहीं लगी थी नहीं तो घटना भी घट सकती थी। उन्होंने बताया कि लड़का नाबालिग है, उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

# ईंट फेंककर किया लहूलुहान, एफआईआर

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर चाई टोला दक्षिण दरवाजा निवासी विनोद सोनकर ने आरोप लगाया है कि सूअर मारने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। पुलिस ने मोहल्ले के अशोक, मुन्नी देवी, सुनील, अमर उर्फ मोनू के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बस्ती।** हर्रैया थाने के पूरे हासिम निवासी रीना मौर्या पुत्री रघुनाथ मौर्या ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके परिवार को विपक्षी ने अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पूरे लखई गांव निवासी कृष्ण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



फुटहिया चौराहे पर नई पुलिस चौकी का उद्घाटन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव।

# फुटहिया पुलिस बूथ का एसपी ने किया उद्घाटन

**नगर बाजार (बस्ती)।** बस्ती फैजाबाद फोरलेन पर स्थित फुटहिया चौराहे पर नई पुलिस बूथ चौकी फुटहिया का मंगलवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच उद्घाटन किया। इस दौरान चौकीदारों को शाल देकर सम्मानित भी किया गया। सीओ कलवारी विनय चौहान, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, थानेदार धर्मेंद्र कुमार तिवारी, चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक शशि शेखर सिंह, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त ब्लॉककर्मी के घर हुई चोरी का खुलासा

**कप्तानगंज (बस्ती),हिसं।** कप्तानगंज व स्वॉट की संयुक्त टीम ने करीब दो महीने पूर्व थाना क्षेत्र के खजुवा गांव में रिटायर्ड ब्लॉक कर्मी के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंअर ने धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि 25 अगस्त की रात थाना क्षेत्र के खजुहा गांव में सेवानिवृत्त ब्लाक कर्मी विश्वनाथ चौधरी के घर में चोरी हुई थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। मंगलवार को करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज की टीम व स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी की टीम ने थानाक्षेत्र के गड़हा गौतम के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में दीनानाथ चौधरी निवासी खजुहा थाना कप्तानगंज व राहुल शर्मा निवासी विश्नोहरपुर थाना कप्तानगंज शामिल हैं। दीनानाथ और राहुल शर्मा ने बताया कि अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# थाने में लगा योग शिविर

**जासं, पुरानी बस्ती :** मंगलवार की सुबह सात बजे आठ बजे तक पुरानी बस्ती थाना परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी इसमें शामिल हुए। योग प्रशिक्षक आदित्य ने बताया कि व्यस्तता पूर्ण जिंदगी में योग का बहुत महत्व है। हमें अपने दिन की शुरुआत योग से ही करनी चाहिए। उपनिरीक्षक एकलाख अहमद, कमलेश गौड़, रमेश यादव, राधारमण यादव, जगन्नाथ यादव, मुख्य आरक्षी कमलेश राय सहित सभी आरक्षी मौजूद रहे। ( जासं )

# गोवध मामले में आरोपितों की शीघ्र हो गिरफ्तारी, दिया ज्ञापन

**जासं.बस्ती:** विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में लोग मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिले। पुलिस उप महानिरीक्षक को संबोधित ज्ञापन देकर आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ विवेचक बदलने जाने की मांग की है। चेताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर गोहत्या मामले के दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा।

एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विश्व हिन्दू महासंघ पदाधिकारियों के प्रयास से सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुर चक गांव में गाय की हत्या किये जाने के मामले का खुलासा हुआ। 18 ज्ञात एवं 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया किन्तु अभी तक सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई। महंत गिरजेश दास, लवकुश भट्ट, मनोज कुमार भट्ट, जमुना पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, कृपाशंकर, दिलीप आदि थे।

# जन सहयोग से बढ़ता है पुलिस का मनोबल : एसपी



पुलिस बूथ के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी आशीष श्रीवास्तव • जागरण

**जासं, गोटवा, बस्ती :** फोरलेन पर स्थित फुटहिया ओवरब्रिज के नीचे स्थित नवनिर्मित पुलिस बूथ का उद्घाटन एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार को किया। कहा कि यह पुलिस बूथ जनसहयोग से बना है। समय-समय पर जनता के सहयोग से पुलिस का मनोबल बढ़ता है और वह अधिक ऊर्जा के साथ काम करती है। हाईवे पर फुटहिया पुलिस चौकी का यह बूथ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उपयोगी साबित होगा। भाजपा नेता विनोद कुमार शुक्ल ने सीसीटीवी से सुसज्जित नवनिर्मित पुलिस चौकी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसके बन जाने से अपराधियों व फुटहिया चौराहे पर होने वाले हादसों पर भी नजर रखी जा सकेगी। थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि लंबे समय से यहां पुलिस बूथ की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से इसका निर्माण संभव हो सका है। कार्यक्रम का संचालन मयंक श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के दौरान चौकीदारों को एसपी ने सम्मानित भी किया।

इस मौके पर सीओ कलवारी विनय कुमार चौहान, सीओ हरैया शेषमणि उपाध्याय, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय, स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी, उप निरीक्षक शशि शेखर सिंह, अर्जुन तिवारी, सत्य प्रकाश सिंह आदि थे।

# सफाईकर्मी पर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा

**जासं, बस्ती:** एसपी आशीष श्रीवास्तव के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एक सफाईकर्मी के खिलाफ दुष्कर्म व गैरइरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी 40 वर्षीय मां को गांव का ही रहने वाला विजयपाल जो सफाई कर्मी है, उसने 13 अक्टूबर 2022 को फोन करके बस्ती शहर में एक अज्ञात स्थान पर बुलाया था। आरोप लगाया कि है कि उसने उसी रात में उनके साथ दुष्कर्म किया और मार डालने की नीयत से मारापीटा। इसके बाद अगले दिन 14 अक्टूबर को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल के पास गाड़ी से उतारकर भाग गया। चोट लगने से मां की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाल शशांक शेखर ने बताया कि घटना करीब एक माह पुरानी है।

# सड़क पर शव रख ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, जाम

## हादसे में घायल की मौत के बाद स्वजन ने किया हंगामा, दो घंटे बाधित रहा लालगंज मार्ग, परेशानी

**जागरण संवाददाता, कुदरहा, बस्ती :** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा-लालगंज मार्ग के छेड़िहा मोड़ पर मंगलवार को लालगंज पुलिस द्वारा हादसे में घायल किशोरी की मौत के बाद उसके शव का पोस्टमार्टम न कराने से नाराज परिवारीजन ने सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग दो घंटे तक सड़क पर जाम लगा दिया, जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर लालगंज थानाध्यक्ष व क्षेत्राधिकारी रुधौली के पहुंचने और शव का पोस्टमार्टम कराने के आश्वासन के बाद लोग माने।



थानाध्यक्ष लालगंज से नोकझोंक करते स्वजन व ग्रामीण • जागरण

मरवटिया मोड़ पर रविवार की शाम को दो टेंपो की टक्कर हो गई थी। हादसे में एक टेंपो में बैठी 16 वर्षीय सविता पुत्री फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा से जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। परिवारीजन ने मेडिकल कालेज गोरखपुर न ले जाकर उसे बस्ती के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। सोमवार की रात में किशोरी की मौत गई। परिवार के लोग उसके शव का पोस्टमार्टम कराने और मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए लालगंज थाने पहुंचे, मगर उनकी नहीं सुनी गई। लालगंज पुलिस द्वारा न तो पोस्टमार्टम कराया गया और न ही मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। इससे नाराज परिवारीजन ने ग्रामीणों के साथ कुदरहा-लालगंज मार्ग पर छेड़िहा मोड़ के पास सड़क पर शव रखकर लालगंज पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मार्ग जाम होने की सूचना मिलते ही लालगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह व क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीति खरवार मौके पर पहुंचीं। क्षेत्राधिकारी के आश्वासन पर विरोध प्रदर्शन समाप्त कर सड़क को खाली किया गया, तब जाकर आवागमन शुरू हो सका।

### पुलिस बना रही थी दबाव

कलवारी थाना क्षेत्र के चिलवनिया निवासी दिवंगत सविता का परिवार लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हथियांव कला के राजस्व गांव नाऊडांड़ अपने ननिहाल में नेवासे पर रहता हैं। रविवार को सविता सरकारी राशन की दुकान से टेंपो द्वारा नाऊडाड़ लौट रही थी। जैसे ही वह कुदरहा-लालगंज के मरवटिया मोड़ पर पहुंची हादसे का शिकार हो गई। परिजनों का आरोप है कि लालगंज पुलिस मुकदमा पंजीकृत करने में आनाकानी कर रही थी। उल्टा पीड़ित परिवार पर पुलिस द्वारा मामले में सुलह समझौता कराने का दबाव बनाया जा रहा था। जिससे नाराज होकर परिवार के लोगों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि परिजन थाने आए थे। उनसे तहरीर लिखकर शव लाने को कहा था, लेकिन दोबारा तहरीर वे नहीं आए। जाम के हटवाने के बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# चोरी पर्दाफाश, दो आरोपित गिरफ्तार

## दो लाख रुपये कीमत के जेवर व 1.89 लाख नकद बरामद

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती :** कप्तानगंज पुलिस व स्वाट टीम ने थानाक्षेत्र के दो गांवों ढाई माह पहले हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश किया है। घटना में वांछित चल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग दो लाख रुपये कीमत के जेवर व 1.89 लाख रुपये नकद बरामद किया है।

कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर और स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी और उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर गड़हा गौतम गांव के पास से मंगलवार को दिन में 11 बजे चोरी की घटना में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें राहुल शर्मा निवासी विष्नोहरपुर व दीनानाथ



कप्तानगंज थाने में गिरफ्तार चोरी के आरोपित ● जागरण

निवासी खजुहा थाना कप्तानगंज शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि 25 अगस्त को खजुहा गांव के विश्वनाथ चौधरी तथा नकटी देई गांव अर्जुन चौधरी के घर में चोरी की घटना को इन्हीं दोनों ने अंजाम दिया था। शेष जेवरात को वे मंगलवार को बेचने के लिए निकले थे। इसी बीच पकड़ लिए गए। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो इनके पास से एक सोने का मंगलसूत्र, दो झाला, एक अंगूठी, चांदी का पायल, करधन, बिछुआ सहित चांदी के अन्य जेवरात बरामद हुए। इनकी कीमत लगभग दो लाख आंकी गई है। वहीं दोनों के जेब से 1,89,000 रुपये भी बरामद हुए। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी जितेंद्र मिश्र, कामेश्वर यादव, अवनींद्र मौर्य, यशवंत यादव, एसपी चौहान, धीरज यादव, धर्मेंद्र यादव, सुधीर शर्मा शामिल रहे।

# यातायात माह के तहत छात्रों को किया जागरूक

**जासं, छावनी, बस्ती :** अशोक इंटर कालेज छावनी में मंगलवार को यातायात माह के तहत पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जागरूक किया। इसके अलावा करियर के क्षेत्र में कैसे सफलता प्राप्त करें इस पर भी चर्चा की गई।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि यातायात माह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है। पुलिस सबसे पहले युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कहा कि कभी-कभी यातायात नियमों की अनदेखी जान पर भारी पड़ जाती है। ऐसे में सड़क पर वाहन चलाते समय जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को कैरियर बनाने के लिए विभिन्न टिप्स भी दिया। कहा कि तमाम सवालों के जवाब इंटरनेट के माध्यमों से मिल जाएंगे।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सेन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर शिक्षक रवीश कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार शुक्ला, जितेंद्र कुमार मिश्रा, महेश कुमार विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, शिवपूजन सिंह, जय प्रकाश सिंह, दीनानाथ आदि मौजूद रहे।

# पान की दुकान में चोरी, केस

बस्ती : गौर पुलिस ने पान की दुकान में चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत बभनान के हर्रैया तिराहा पर पैकोलिया थाना क्षेत्र के महुआ डाबर गांव निवासी मथुरा की पान की दुकान है।उनका आरोप है कि चोरों ने छह नवंबर को उनकी दुकान का ताला तोड़कर बैट्री, 15 डिब्बा सिगरेट और तीन हजार रुपया चुरा लिया।

# पिस्टल लेकर विद्यालय पहुंचा किशोर

**जागरण संवाददाता, मुंडेरवा, बस्ती :** मुंडेरवा थानाक्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक किशोर बाल दिवस पर विद्यालय में लाइसेंसी पिस्टल लेकर पहुंच गया। दोस्तों के साथ वह मोबाइल से फोटो खिंचवाने लगा। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना मेडिकल कालेज चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार को दिया तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर किशोर को थाने ले आए।

- **मौके पर पहुंची पुलिस किशोर को ले गई थाने**
- **पिस्टल जब्त, किशोर किया गया स्वजन के सिपुर्द**

एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय का छात्र सोमवार को वह बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय पहुंचा तो उसके पास लाइसेंसी पिस्टल था। पिस्टल निकाल कर वह दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाने लगा। उसके दोस्तों ने भी पिस्टल हाथ में लेकर फोटो खिंचवाना शुरू किया। इसी बीच किसी ने चौकी प्रभारी को इसकी सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने पिस्टल सहित किशोर को थाने ले आए। थाने से फोन कर परिवारीजन को बुलाया गया। पता चला कि पिस्टल उसके चाचा के नाम से है। वह कैंसर के इलाज के लिए मुंबई गए हैं। वह पिस्टल संदूक में रखकर गए थे, किंतु उनका भतीजा कहीं से संदूक की चाबी पा गया और पिस्टल निकाल लिया।

प्रभारी निरीक्षक परमा शंकर यादव ने बताया कि पिस्टल में मैगजीन नहीं लगा था, नहीं तो घटना भी घट सकती थी। उन्होंने बताया कि लड़का नाबालिग है ऐसे में उसे परिवारीजन को चेतावनी देते हुए सौंप दिया गया है। पिस्टल जब्त कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



# शिविर में पुलिस कर्मियों ने सीखे योग के आसन

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना परिसर में मंगलवार को सुबह सात बजे से आठ बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने योग के आसान सीखे।

थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी भी शिविर में मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक आदित्य ने बताया कि आज के इस व्यस्तता पूर्ण जिंदगी में योग का बहुत ही महत्व है। हमें अपने दिन की शुरुआत योग से करनी चाहिए। इस दौरान थानाध्यक्ष और पूरी टीम को योग के महत्व को बताया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के योगासन का प्रशिक्षण दिया गया। उपनिरीक्षक एकलाख अहमद, कमलेश गौड़, रमेश यादव, राधारमण यादव, जगन्नाथ यादव एवं मुख्य आरक्षी कमलेश राय, उमेश राय, संजीत श्रीवास्तव, आरक्षी नीरज, सतीश सिंह, विकास यादव, विंध्याचल, महिला आरक्षी आरजू, अंजली, निकिता, रीनू, नेहा आदि शामिल रहीं। संवाद

# वांछित गिरफ्तार

बस्ती। फरार वांछित को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि प्राणघातक हमले समेत अन्य मामलों में आरोपी अब्बास अली निवासी हियारूपुर के खिलाफ कोर्ट से 82 सीआरपीसी का तामिला दो हो चुका है। पुलिस ने आरोपी अब्बास को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# फुटहिया चौकी का हुआ शुभारंभ

नगर बाजार (बस्ती)। बस्ती-फैजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फुटहिया चौराहे पर नई पुलिस चौकी का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने उद्घाटन करने के बाद मौजूद लोगों से संवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि यह पुलिस चौकी गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर बस्ती जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। एसपी ने कहा कि चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों के सहयोग के लिए समय-समय थाने की गाड़ी पहुंचेगी।

इस दौरान चौकीदारों को शाल देकर सम्मानित भी किया गया। सीओ कलवारी विनय चौहान, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय, थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी, चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक शशिशेखर सिंह, दीपक सिंह, अर्जुन आदि मौजूद थे। संवाद

# यातायात सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

## छावनी के इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**छावनी।** थाने की पुलिस ने मंगलवार को कस्बे के अशोक इंटर कॉलेज में बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और भविष्य में कैरियर के प्रति जागरूक किया गया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि सड़क यातायात सुरक्षा की जानकारी देकर दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जाता है। यातायात सुरक्षा के लिए घटनाओं को देखकर रणनीति बनाई जाती है।

वर्तमान में सड़क के आसपास के माहौल को देखकर वाहन की गति आदि को तय किया जाता है। बताया कि यातायात के नियम तो हर व्यक्ति के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इसका सही ढंग से पालन बहुत कम लोग ही करते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर इन नियमों का पालन करते हुए लोग सड़कों पर यात्रा करें तो अपने साथ कई लोगों का जीवन सुगम बना सकते हैं। बच्चों से कहा कि जब तक आप स्कूल में होते हैं, तब तक सिर्फ बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर लाकर कॉलेज में प्रवेश लेने की चिंता रहती है।

समझाया कि करियर बनाने के लिए आपको सही फैसला लेना बहुत जरूरी है। अगर आपकी रुचि बैंक सेवा में है तो वाणिज्य और यदि आपको इंजीनियरिंग करनी है तो आपको गणित, विज्ञान विषय चुनना चाहिए।

इसके अलावा अगर रुचि अध्यापक बनने में है तो आप विज्ञान, कला, इतिहास वगैरह विषय चुनते हैं। किसी भी कार्य को करने के लिए उस पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है।

कोर्स के बीच में असमंजस की स्थिति ठीक नहीं है। इससे साल बर्बाद होता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयसेन सिंह के अलावा अन्य शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैमरों की निगहबानी में होंगी गांव की गलियां और चौराहे

## ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले की सौ ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गांवों में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मकसद से क्लोज सर्किट कैमरे लगाने की पहल की गई है। इससे गांवों में होने वाली अवांछनीय गतिविधियों को रोकने में ये कैमरे काफी मददगार साबित होंगे।

पहले चरण में इसके लिए जिले की सौ बड़ी ग्राम पंचायतों का चयन किया जा रहा है, जहां की गलियों, चौक-चौराहों पर चार-चार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि गांवों में होने वाली गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड होंगी। इससे अपराधियों के मन में भय उत्पन्न होगा। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने इस पहल को अमली जामा पहनने के लिए पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित किया है।

एसपी ने बताया कि जिला पंचायती राज अधिकारी के साथ ग्राम प्रधानों की बैठक की जा चुकी है। सभी ग्रामप्रधानों ने इसके लिए हामी भर दी है। जिन ग्राम पंचायतों के खाते में बजट उपलब्ध है, वहां शीघ्र ही इसे लगा दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि इसमें अग्रणी रहने वाले ग्राम प्रधानों को राष्ट्रीय पर्व पर अथवा कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा और उन्हें प्रशस्तिपत्र भी दिया जाएगा।

### पंचायती राज विभाग के समन्वय से पुलिस ने की है नई पहल

### पुलिस की ओर से चिह्नित स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे

**पुलिस तय करेगी प्वाइंट : जिन** सौ बड़ी ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, वहां स्थान का चयन पुलिस करेगी। इसके लिए उस ग्राम पंचायत में ऐसे सर्वे करके बिंदु/स्थान चिह्नित किए जाएंगे, जहां से लोगों की आमद रफ्त ज्यादा होगी।


इसमें स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, बाजार जाने वाले ग्रामीणों के रास्ते और स्थानीय चौक-चौपालों को प्राथमिकता दी जाएगी। एसपी के मुताबिक, ऐसे स्थान जहां लगने से सबसे ज्यादा फायदा होगा, वहीं इसे लगवाया जाएगा।

## खरीद और रखरखाव ग्राम पंचायतों के जिम्मे

*ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए जाने वाले इस कैमरों की खरीद और रखरखाव का जिम्मा ग्राम पंचायत का होगा। ग्राम निधि में उपलब्ध धन से इसका भुगतान किया जाएगा। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायतों को यह कैमरे उपलब्ध कराने वाले चार-पांच वेंडरों के बारे में बताया है, जो इस तरह के कैमरों को लगाने में दक्ष हैं। ग्राम प्रधान उनमें से किसी से भी आपूर्ति लेकर सिस्टम इंस्टाल करा सकते हैं। इसमें ध्यान रखा जाएगा कि उन कैमरों की गुणवत्ता अच्छी हो। ताकि उनकी फुटेज गुणवत्तापूर्ण मिल सके।*

### क्या है ऑपरेशन त्रिनेत्र

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार की पहल पर ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार की तरफ से कोई बजट नहीं दिया गया है। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों के सहयोग से इस योजना को अमली जामा पहनाया जा रहा है। शहर और नगर पंचायतों के 21 चौराहों को इस योजना के तहत कैमरों से लैस किया जा चुका है।



# कप्तानगंज क्षेत्र में हुई चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने चोरी के आभूषण और 18 हजार 900 रुपये बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/कप्तानगंज (बस्ती)।** स्वाट टीम की मदद से कप्तानगंज पुलिस ने दो माह पहले थाना क्षेत्र के खजुवा गांव में रिटायर्ड ब्लॉक कर्मी के घर हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण और 18 हजार 900 रुपये नगद बरामद किए।

वारदात में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंअर ने बताया कि 25 अगस्त की रात थाना क्षेत्र के खजुहा गांव में सेवानिवृत्त ब्लॉक कर्मी विश्वनाथ चौधरी के घर में चोरी हो गई थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। मंगलवार को 11 बजे के करीब मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक

**25 अगस्त की रात सेवानिवृत्त ब्लॉक कर्मी के घर हुई थी चोरी**

**स्वाट टीम की मदद से कप्तानगंज थाने की पुलिस को मिली कामयाबी**

कप्तानगंज की टीम और स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी की टीम ने थानाक्षेत्र के गड़हा गौतम के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उनकी निशानदेही पर सोने की चेन, बाली, मंगलसूत्र, अंगूठी सहित चांदी के कुछ आभूषण बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों में दीनानाथ चौधरी निवासी खजुहा थाना कप्तानगंज और राहुल शर्मा निवासी विश्नोहरपुर थाना कप्तानगंज शामिल हैं।

पूछताछ में दीनानाथ और राहुल शर्मा ने बताया कि अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की घटना में उसका एक साथी चंदन गौड़ भी शामिल बताया जा रहा है, जो थाना क्षेत्र के गड़हा गौतम का रहने वाला है। उसके पास भी चोरी के कुछ जेवरात और नगदी है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीमें लगी हैं। जल्द ही घटना में शामिल तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पान की दुकान में चोरी

**बस्ती।** गौर पुलिस ने पान की दुकान में चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। हर्रैया तिराहा नगर पंचायत बभनान में पैकोलिया के महुआ डाबर निवासी मथुरा चौरसिया की पान की दुकान है। उनका आरोप है कि छह नवंबर को उनकी दुकान का ताला तोड़कर एक ट्री, कई डिब्बे सिगरेट और तीन हजार रुपये किसी ने चुरा लिए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# रास्ते में बच्ची को रोककर छेड़खानी की, केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर थाने में तहरीर देकर एक महिला ने बताया है कि 14 नवंबर को उनकी आठ साल की बेटी घरेलू सामान खरीदने के लिए किराने की दुकान पर गई थी। सामान लेकर लौटते समय रास्ते में प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति फोन से बात कर रहा था। उसने उनकी बेटी को जबरन पकड़ लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर छेड़खानी की। पुलिस ने गांव के ही रहने वाले नीरज पर छेड़खानी, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। संवाद

# दुष्कर्म व गैर इरादतन हत्या के आरोप में केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने एक सफाई कर्मचारी पर दुष्कर्म और गैर इरातन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि घटना करीब एक माह पुरानी है। नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपी उनके गांव का ही सफाई कर्मी है। उसने बीते 13 अक्तूबर को कॉल करके उनकी मां को शहर में एक अज्ञात स्थान पर बुलाया। आरोप है कि उसने उसी रात में उनके साथ दुष्कर्म किया और हत्या की नीयत से पिटाई की। इसके बाद अगले दिन 14 अक्तूबर को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल के पास गाड़ी से उतारकर भाग गया था। चोट लगने के कारण उनकी मां की इलाज के दौरान मौत हो गई। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE


# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-11-2022

# एसपी के पीआरओ बने एसआई चंदन कुमार

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)**। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दो थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ 23 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया है। प्रभारी निरीक्षक पथरा बलजीत कुमार राव को उसका व उसका बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी को पथरा तैनात किया है। सदर थाने में तैनात निरीक्षक नागरिक पुलिस अपराध वीर बहादुर यादव को प्रभारी मीडिया सेल, निरीक्षक अपराध शाखा को प्रभारी मानिटरिंग सेल, विद्याधर कुशवाहा को पुलिस लाइन से प्रभारी जनसूचना सेल बनाया गया है। सदर थाने के उपनिरीक्षक रहे चंदन कुमार का बांसी कोतवाली में किये गए तबादला आदेश को निरस्त करते हुए एसपी का पीआरओ बनाया गया है। इसके अलावा चौकी प्रभारी ककरहवा रहे अजय नाथ कन्नौजिया को वहां से हटाते हुए जोगिया थाने में तैनाती दी गयी है। उपनिरीक्षक तरूण शुक्ला को प्रभारी चौकी शाहपुर को चौकी प्रभारी ककरहवा, मिश्रौलिया में तैनात अनूप मिश्रा को चौकी प्रभारी नौगढ़, सदर थाने में तैनात मनोज श्रीवास्तव को सदर थाने से चौकी प्रभारी शाहपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा 15 मुख्य आरक्षी व आरक्षियों को नई तैनाती दी गयी है।

# बुलेट, बाइक, कट्टा बरामद, चार गिरफ्तार

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** पुलिस टीम ने अन्तर्राष्टीय शातिर चार मोटर साइकिल चोरों को मोटरसाइकिल समेत अवैध देशी तमन्चा के साथ नोमैन्स लैण्ड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 53 एलक्यू 7440 बीते 3 अक्टूबर की रात्रि में लखनऊसे चोरी हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में पुलिस के ट्विटर हैण्डल पर लखनऊ निवासी एक व्यक्ति ने ट्वीट कर शिकायत की थी। इस सम्बन्ध में थाना अमीनाबाद लखनऊ में धारा 379 भादवि0 पंजीकत है। जिसका चालान जनपद सिद्धार्थनगर के थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के मोहनकोला में हुआ है और चालान में अपलोड की गयी फोटो में वाहन चालक स्पष्ट दिखाई दे रहा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में मय पुलिस टीम के साथ रात्रि चेकिंग के दौरान नोमैन्स लैण्ड ग्राम बसन्तपुर के पास से दो मोटर साइकिल पर सवार 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उक्त चोरी की बुलेट मोटर साइकिल के साथ एक अदद मुंबई से चोरी की गयी के टीएम बाइक, एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर मय 1 अदद कारतूस व एक अदद चाकू बरामद किया ।अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना शोहरतगढ़ पर हासिम, इबरार खान, अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू व तबारक और आर्म्स एक्ट बनाम इबरार खान व आर्म्स एक्ट बनाम अब्दुल कादिर पंजीत कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के बताया कि भारत के विभिन्न प्रान्तों से मोटरसाइकिलों की चोरी कर बेचते हैं ।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रमाकान्त सरोज, चौकी प्रभारी कोटिया, थाना शोहरतगढ़,उ0नि0 रामा प्रसाद यादव, थाना शोहरतगढ़,हेका0 सतेन्द्र यादव, थाना शोहरतगढ़, का0 मनोज यादव, थाना शोहरतगढ़,का0 बृजेश यादव,का0 सन्तोष यादव,का0 प्रेमचन्द शामिल रहे।



# दो थानेदारों के साथ तीन चौकी प्रभारियों का तबादला

- उस्का व पथरा बाजार के थानेदार बदले गए
- 23 पुलिस कर्मियों का एसपी ने किया तबादला

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने दो थानेदारों के साथ तीन चौकी प्रभारियों समेत 23 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

एसपी ने उस्का बाजार के थानाध्यक्ष राजेश तिवारी को पथरा का थानाध्यक्ष बनाया है जबकि पथरा के थानाध्यक्ष बलजीत कुमार राव को उस्का बाजार थाने की कमान सौंपी है। एसपी ने प्रभारी चौकी ककरहवा अजय नाथ कन्नौजिया को जोगिया सेकंड आफिसर, प्रभारी चौकी शाहपुर तरुण शुक्ल को प्रभारी चौकी ककरहवा, मिश्रौलिया थाना के एसआई अनूप मिश्र को प्रभारी चौकी नौगढ़, थाना सिद्धार्थनगर के एसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव को चौकी प्रभारी शाहपुर बना कर भेजा है। वहीं तीन इंस्पेक्टर, एक एसआई, छह हेड कांस्टेबल व नौ कांस्टेबल कार्य क्षेत्र बदला है।

# असलहा व चोरी की बाइक संग चार लिफ्टर गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ पुलिस ने चार शातिर बाइक चोरों को मंगलवार को नोमेंस लैंड के पास स्थित ग्राम बसंतपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी की दो बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू, चार मोबाइल, 580 रुपये नेपाली, 200 रुपये भारतीय बरामद की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

सीओ जयराम ने शोहरतगढ़ थाने में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि सोमवार की रात थानाध्यक्ष पंकज पाण्डेय अपनी टीम के साथ नेपाल बॉर्डर के नोमेंस लैंड के बगल स्थित बसंतपुर गांव के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार चार लोग जाते दिखे। पुलिस ने टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से चोरी दो बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू, चार मोबाइल, 580 रुपये नेपाली, 200 रुपये भारतीय बरामद हुई।

पूछताछ में चारो की पहचान तबारक निवासी औरहवा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल, इबरार खान पुत्र निवासी विशुनपुर थाना चनरौटा जिला कपिलवस्तु नेपाल, अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू व हासिम निवासी बसंतपुर थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में चारो ने बताया कि भारत के विभिन्न प्रांतों से बाइक की चोरी करते हैं। चोरी की गई बाइक का नम्बर प्लेट बदलकर नेपाल ले जाकर बेंच देते हैं और इससे प्राप्त धन को आपस में बांट लेते हैं।

## आंकड़े एक नजर में

| 187 | 111 | 119 |
|---|---|---|
| अब तक हुई मार्ग दुर्घटनाएं | मृतकों की संख्या | घायलों की संख्या |



## कुल चालान वाहन

| 2022 | 2021 | 2020 |
|---|---|---|
| 29553 | 35173 | 40533 |

## वर्ष 2022 में हुई कार्रवाई का विवरण

| 96 | 1835 | 852 | 75 | 38 | 317 |
|---|---|---|---|---|---|
| सीज वाहन | बिना हेलमेट चालान | सीटबेल्ट में चालान | फोन चलाते हुए पकड़े गए वाहन | मोडिफाइड साइलेंसर-ध्वनि प्रदूषण में चालान | ओवरलोडिंग में चालान |

## जनपद में पंजीकृत वाहनों की संख्या

| 384445 | 234765 | 104235 | 180 | 535 | 6930 |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल वाहन | बाइक | कार | प्राइवेट बस | स्कूली बस | पिकअप |

## वर्षवार आंकड़ा

| वर्ष | कुल हादसे | मृत्यु | घायल |
|---|---|---|---|
| 2021 | 220 | 151 | 123 |

## 15 वर्ष पुराने वाहनों का फिटनेस जांच शुल्क

| वाहन | निरीक्षण शुल्क | फिटनेस शुल्क | योग |
|---|---|---|---|
| बाइक | 400 | 1000 | 1400 |
| तीन पहिया | 800 | 3500 | 4300 |
| चार पहिया | 800 | 7500 | 8300 |
| मध्यम वाहन | 800 | 10000 | 10800 |
| भारी वाहन | 1000 | 12000 | 13000 |

## ऐसे बनता है फिटनेस प्रमाण पत्र

- व्यावसायिक वाहनों के लिए आठ साल तक प्रत्येक दो वर्ष के लिए फिटनेस प्रमाणपत्र।
- आठ साल बाद अधिकतम 15 वर्ष तक प्रत्येक साल फिटनेस प्रमाणपत्र बनवाना अनिवार्य।
- गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए 15 साल के लिए एक बार ही बनता है फिटनेस प्रमाणपत्र।

## यह भी जानें

- एम वाहन एप पर होती है वाहनों की आनलाइन फिटनेस जांच
- फिटनेस जांच के लिए एम वाहन एप पर आनलाइन आवेदन अनिवार्य
- 5 साल से कम आयु वाले वाहनों का अधिकतम आठ सौ शुल्क
- फिटनेस की अवधि समाप्त होने पर प्रतिदिन 50 रुपये जुर्माना

## फिटनेस के लिए इन बिंदुओं की होती है जांच

- ब्रेक, हार्न, वाइपर, इंडिकेटर, साफ-सफाई, प्रदूषण, स्टेयरिंग, लाइट, ढांचा (लंबाई व चौड़ाई), वाहन चलने लायक है कि नहीं, शाकर, चेसिस, बाडी, इंजन, स्पीडोमीटर, गेयर, टायर, शीशा, इलेक्ट्रिकल (वायरिंग), डेंट-पेंट, नंबर प्लेट, परवर्ती टेप, टैक्स और बीमा और अन्य।

# हाशिये पर सुरक्षा प्रणाली, धड़ल्ले से दौड़ रही खटारा गाड़ी

तेज प्रकाश त्रिपाठी • सिद्धार्थनगर

- इस वर्ष अब तक हो चुकी हैं 187 दुर्घटनाएं, 111 लोग गवां चुके हैं जान 119 को आई हैं चोटें
- सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत हैं 384445 वाहन
- वाहन खरीददार रख रहे सुरक्षा मानकों का ख्याल, फिर भी बढ़ रहे हादसे

जिले की सड़कों पर खटारा वाहन मृत्यु बनकर दौड़ रहे हैं। इसकी जांच करना संबंधित अधिकारी मुनासिब नहीं समझते। अब तक इसकी सघन जांच नहीं हुई। इस कारण बिना रोकटोक के ऐसे वाहनों का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यहां तक की अन्य राज्यों में अनफिट घोषित वाहनों को लोग यहां सस्ते में खरीद कर यहां चला रहे हैं। यहीं वाहन लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रोक के बावजूद सड़कों पर खटारा वाहन तेज गति से चल रहे हैं। वहीं सड़कों पर चले रहे अधिकांश वाहनों के फिटनेस की भी नियमित जांच नहीं हो रही है। दुर्घटना में मरने वालों के आश्रितों पर जहां दुखों का पहाड़ टूट रहा है, वहीं दुर्घटना में अपंग हुए लोग दुश्वारियां झेलने को मजबूर हैं, लेकिन न तो सरकार और न ही विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। नतीजा खटारा वाहन, तेज गति, यातायात नियमों का उल्लंघन और परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण आए-दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। यहां तो हासिये पर सुरक्षा प्रणाली, यहां चलती का नाम गाड़ी बनकर रह गई है। व्यावसायिक बड़े वाहनों व छोटे वाहनों, कार, बाइक, स्कूटर, आटो रिक्शा आदि की फिटनेस जांच हवाहवाई है। वाहनों के हेडलाइट, बैकलाइट, पार्किंगलाइट, कलर रिफ्लेक्टर आदि दूर से ही खराब और टूटे हुए नजर आते हैं। नियमों का सख्ती से पालन हो, इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। खटारा वाहनों पर सफर जानलेवा होने के बाद भी जोखिम लेकर लोग सफर करने को विवश हैं। बात तो दूर शहरी क्षेत्रों में भी जुगाड़ से वाहन चल रहे हैं। बताया जाता है कि इंजन के सहारे ठेला गाड़ी, ट्रैक्टर के सहारे बैलगाड़ी पर भी सवारियों को ढोया जा रहा है, लेकिन, उस पर रोक लगाने की जहमत कोई नहीं उठा रहा है।



ओवरलोड सामान लेकर जाता आटो चालक • जागरण



ट्रैक्टर- ट्राली पर बैठे लोग • जागरण

## ओवरलोडिग के कारण भी होती है दुर्घटनाएं

ओवरलोडिंग के कारण भी सड़क हादसे होते हैं, परिवहन विभाग इसपर भी रोक लगाने में असफल रहा है। ओवरलोडिंग के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं। इसकी चपेट में आकर राहगीरों की भी जान जाती है। आगे निकलने की होड़ में वाहन चालक हमेशा गलत तरीके से ओवरटेक करते हैं। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

**• जांच के नाम पर होती है खानापूरी :** प्रदूषण व फिटनेस जांच के लिए महज खानापूरी की जाती है। बताया जाता है कि वाहनों की जांच के समय विभाग व पुलिस सिर्फ कागजों की ही जांच करती है। इस दौरान उनके पास गाड़ी के फिटनेस जांच के लिए कोई यंत्र नहीं होता है। इस कारण खटारा व्यवसायिक वाहनों के पास भी फिटनेस प्रमाण पत्र है तो उनसे जुर्माना नहीं वसूला जा सकता है। फिटनेस जांच से पहले वाहनों की प्रदूषण जांच होती है। प्रदूषण जांच में वाहनों के साइलेंसर में स्मोक मीटर व गैस एनालाइजर लगाकर हाइड्रोकार्बन मोनोआक्साइड, ओ-2, की जांच सुविधा भी यहां नहीं है।

**• सुरक्षा मानक और लुक पर रहता है ध्यान :** एक कार शोरूम के प्रबंधक अजय दुबे का कहना है कि इस वक्त कार खरीदने वाले ग्राहक पैसे पर ध्यान नहीं देते हैं। उनकी प्राथमिकता सुरक्षा मानक को पूरा करने के अलावा गाड़ी के लुक पर रहता है। इन दोनों पर खरी उतरने वाली गाड़ियों की मांग अधिक है। कंपनियां स्वयं क्रैश टेस्ट रेटिंग, सीट बेल्ट, एयरबैग, टायर, एंटीफोगिंग लाइट, ब्रेकिंग सिस्टम पर विशेष ध्यान रख रही हैं। **दो दशक पुराने खटारा वाहन भी सड़क पर :** बड़े व्यवसायिक वाहनों के साथ-साथ छोटे व निजी बड़ी संख्या में खटारा वाहन सड़कों पर चल रहे हैं। बताया जाता है कि इन वाहनों के फिटनेस व प्रदूषण का प्रमाण-पत्र तो दूर उस वाहनों में अधिकांश का कोई कागज आदि भी नहीं है। इन खटारा वाहनों में सबसे अधिक ट्रैक्टर, जीप, स्कूटर व बाइक हैं। जब-जब वाहनों की जांच शुरू होती है तब-तब वाहन चालक उन्हें गैरेज में छिपाकर रख देते हैं। जांच समाप्त होने के बाद फिर से इनके वाहनों को सड़क पर दौड़ाने लगते हैं।

> वाहनों की नियमित जांच की जाती है। नियम विरूद्ध चल रहे वाहनों पर कार्रवाई होती है। इस समय यातायात माह चल रहा है, लोगों को शिविर लगाकर जागरूक किया जा रहा है।
>
> **देवी गुलाम**, सीओ यातायात

> विभाग की ओर से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिन वाहनों में खामियां मिलती हैं उसके खिलाफ चालान व सीज करने की कार्रवाई की जाती है।
>
> **रविंद्र प्रताप चौबे**, एआरटीओ, सिद्धार्थनगर

# यातायात नियमों का पालन कर चलाएं वाहन: एसपी

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को जय किसान इंटर कालेज सनई से 15वें यातायात जागरूकता रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया। यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरूकता से संबंधित मार्मिक नाटकों का मंचन भी किया। रैली रवाना करने के पूर्व एसपी ने कहा कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यदि बनाए नियमों का पालन कर दिया जाए तो होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

एसपी ने कहा कि आप सभी को सड़क पर चलते हुए सावधानी बरतनी चाहिए। यात्रा के दौरान शराब व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कदापि न करें।

बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी न चलाएं। एसपी ने कहा कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का लगाएं। वाहन चलाते समय नियमों, चिन्हों व संकेतों का पालन करें। काली फिल्म और हूटर का प्रयोग न करें। वाहन चलाते समय 10 मीटर की दूरी बनाए रखें। बच्चों को वाहन चलाने के लिए कदापि प्रेरित न करें। बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं। यातायात निरीक्षक अमरेश यादव ने कहा कि सभी को सावधानी से सड़कों को पार करना चाहिये। मार्ग के दोनों तरफ देखने के बाद ही सड़क पार करें। सदैव सड़क के बाईं ओर ही चलें। नियमों का पालन करने से जहां आप खुद सुरक्षित रहेंगे, वहीं परिवार भी सुरक्षित रहेगा। जीवन अनमोल है, इसलिए इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नबीउल्लाह, संरक्षक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, सचितानंद शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार यादव, एसपी के पीआरओ चंदन कुमार आदि मौजूद रहे।



एसपी अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में निकाली गयी यातायात जागरूकता रैली

# नोमेंसलैंड के पास से चार बाइक चोर गिरफ्तार

- चोरी की गाड़ियों को बेचते थे नेपाल
- शोहरतगढ़ पुलिस को मिली सफलता



शोहरतगढ़ थाने में आरोपितों के बारे में जानकारी देते सीओ जयराम ( बांए) ● जागरण

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर** : शोहरतगढ़ पुलिस टीम ने चार शातिर बाइक चोरों को मंगलवार को ग्राम बसन्तपुर के नो मेंस लैंड के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के दो बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू, चार मोबाइल, 580 नेपाली व 200 रुपये भारतीय रुपए बरामद की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों को न्यायालय में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीओ जयराम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि में थानाध्यक्ष पंकज पाण्डेय व कोटिया पुलिस चौकी इंचार्ज रमाकांत सरोज पुलिस जवानों के साथ नेपाल बार्डर के नो-मैन्स लैण्ड के बगल स्थित ग्राम बसन्तपुर गांव के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार चार लोग नो-मेंस लैंड की तरफ जाते हुए दिखे। पुलिस जैसे ही उनको रोकने की कोशिश किया तो वह भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर नो मैंस लैंड के समीप चारों को पकड़ लिया। चारों की पहचान तबारक निवासी औरहवा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु , इबरार खान पुत्र निवासी विशुनपुर थाना चनरौटा जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल, अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू निवासी बसन्तपुर, हासिम निवासी बसन्तपुर थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई। सीओ ने कहा कि पकड़े गए बदमाशों ने बताया है कि वह देश के विभिन्न प्रान्तों से मोटरसाइकिलों की चोरी करते हैं। चोरी की गयी बाइक के नंबर प्लेट को बदलकर नेपाल ले जाकर बेंच देते हैं और उससे प्राप्त धन को आपस में बांट लेते हैं।

चोरों को पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामा प्रसाद,आरक्षी सतेंद्र यादव,मनोज यादव,बृजेश यादव,संतोष यादव प्रेमचंद आदि शामिल रहे।

# दो थाना प्रभारी के साथ 23 पुलिसकर्मियों का तबादला

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार की देर रात पुलिसकर्मियों का तबादला किया। दो थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ 23 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया है। प्रभारी निरीक्षक पथरा बलजीत कुमार राव को उसका व उसका बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी को पथरा तैनात किया है।

एसपी ने बताया कि सदर थाने में तैनात निरीक्षक नागरिक पुलिस अपराध वीर बहादुर यादव को प्रभारी मीडिया सेल, निरीक्षक अपराध शाखा को प्रभारी मानिटरिंग सेल, विद्याधर कुशवाहा को पुलिस लाइन से प्रभारी जनसूचना सेल बनाया गया है। सदर थाने के उपनिरीक्षक रहे चंदन कुमार का बांसी कोतवाली में किये गए तबादला आदेश को निरस्त करते हुए एसपी का पीआरओ बनाया गया है। इसके अलावा चौकी प्रभारी ककरहवा रहे अजयनाथ कन्नौजिया को वहां से हटाते हुए जोगिया थाने में तैनाती दी गयी है। उपनिरीक्षक तरूण शुक्ला को प्रभारी चौकी शाहपुर को चौकी प्रभारी ककरहवा, मिश्रौलिया में तैनात अनूप मिश्रा को चौकी प्रभारी नौगढ़, सदर थाने में तैनात मनोज श्रीवास्तव को सदर थाने से चौकी प्रभारी शाहपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा 15 मुख्य आरक्षी व आरक्षियों को नई तैनाती दी गयी है।



# मारपीट के आरोप में तीन पर मुकदमा

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र के मधुबेनिया निवासी विकास मौर्या ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर मारपीट करने और दुकान में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना सोमवार को दिन में करीब दिन बजे की है। आरोपी का नाम सैफ व रियाज निवासी बर्डपुर नंबर 12 टोला रामपुर थाना चिल्हिया और इनामुद्दीन बताया गया है। संवाद

# सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

## जय किसान इंटर कॉलेज सनई से यातायात जागरुकता रैली निकाली गई, बच्चों ने नारे लगाकर किया जागरुक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**धेंसा।** यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा के प्रति लोगों को सजग करने के लिए मंगलवार को जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर सनई से जागरुकता रैली निकाली गई। इस मौके पर बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

विद्यालय के संस्थापक और पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नवीउल्ला खान, श्यामानंद श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के जरिए यातायात नियमों का पालन करने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने और सीट बेल्ट लगाने का संदेश दिया।

रैली के पश्चात 11वीं की छात्रा तनु सिंह, रूबी गुप्ता, हर्षिता, ममता आदि ने सुरक्षित ढंग से वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाने, हेल्मेट लगाने से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



शहर के सनई चौराहे पर यातायात नियमों का पलन करने के लिए जागरूकता रैली निकालतीं जय किसान इंटर कॉलेज की छात्राएं। संवाद

12वीं की छात्रा ज्योति मिश्रा, साक्षी, प्रीति मिश्रा, अंजलि ने दुर्घटना होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचाने का संदेश देने वाले नाटक का मंचन किया। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि हमेशा सुरक्षित ढंग से वाहन चलाने, नशा करके वाहन न चलाने सहित अन्य जरूरी सतर्कता के बारे में जानकारी दी।

नाटक के जरिए यातायात जागरूकता का संदेश देने वाली छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, सच्चिदानंद शुक्ल, नंदकिशोर गुप्ता, अंबुज पटेल, बाबूराम यादव, नित्यानंद, सतीश सिंह, सूर्य प्रताप, लाल आशुतोष प्रकाश मौजूद रहे।

# दो थानेदारों व तीन चौकी प्रभारियों का कार्यक्षेत्र बदला

**सिद्धार्थनगर।** एसपी अमित कुमार आनंद ने दो थानेदारों के साथ तीन चौकी प्रभारियों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। 23 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

एसपी ने उस्का बाजार के थानाध्यक्ष राजेश तिवारी को पथरा का थानाध्यक्ष बनाया है जबकि पथरा में तैनात थानाध्यक्ष बलजीत कुमार राव को उस्का बाजार थाना की कमान सौंपी है। एसपी ने प्रभारी चौकी ककरहवा अजय नाथ कन्नौजिया को जोगिया सेकंड आफिसर, प्रभारी चौकी शाहपुर तरुण शुक्ल को प्रभारी चौकी ककरहवा, मिश्रौलिया थाना के एसआई अनूप कुमार मिश्र को प्रभारी चौकी नौगढ़, थाना सिद्धार्थनगर के एसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव को चौकी प्रभारी शाहपुर बना कर भेजा है। तीन इंस्पेक्टर, एक एसआई, छह हेड कांस्टेबल व नौ कांस्टेबल के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। संवाद

# बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## पुलिस ने नेपाल सीमा से सटे बसंतपुर गांव के पास से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को बाइक चोरों के एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके चार सदस्यों को नेपाल सीमा से सटे बसंपुर के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी की दो बाइक, तमंचा, कारतूस, चार मोबाइल फोन आदि बरामद हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीओ जयराम ने बताया कि सोमवार रात में शोहरतगढ़ एसओ पंकज पांडेय व कोटिया पुलिस चौकी इंचार्ज, पुलिस कर्मियों के साथ नेपाल बार्डर से सटे बसंतपुर गांव के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार चार लोग नोमेंस लैंड की तरफ जाते दिखे। जैसे ही उन लोगों की पुलिस पर नजर पड़ी, वे लोग बाइक लेकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सीमा से पहले चारों को दबोच लिया।

पूछताछ में चारों की पहचान तबारक निवासी औरहवा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल, इबरार खान पुत्र निवासी विशुनपुर थाना चनरौटा जिला कपिलवस्तु नेपाल, अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू निवासी बसंतपुर और हासिम निवासी बसंतपुर थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे बाइकों की चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर नेपाल में बेच देते थे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# नाबालिग का अपहरण

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करके दुष्कर्म करने के आरोप में नामजद एक आरोपी युवक को मंगलवार को धनघटा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी आरोपी युवक जयहिन्द पुत्र रामलौट से पहले बीते 9 अक्टूबर को अपहरण किया और अपहरण के बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म भी किया। आरोपी द्वारा परिजनों को जानमाल की धमकी दी जाने लगी तो परेशान परिजन धनघटा थाने पहुंच गए तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को नेतवापुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रधान प्रतिनिधि जिला बदर

**हैंसर (एसएनबी)**। विकास खंड हैसर बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत धनघटा के प्रधान प्रतिनिधि हरिश्चंद्र यादव को गुंडा एक्ट का दोषी पाते हुए जिलाधिकारी ने जिला बदर का आदेश दिया है। आरोपी प्रधान प्रतिनिधि पर दबंगई के साथ-साथ लोगों को धमकाने तथा समाज में असुरक्षा पैदा करें का आरोप है। धनघटा पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में धनघटा गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिश्चंद्र यादव पुत्र रामदेव यादव पर गुंडा एक्ट की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई करने के लिए उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया था। उक्त रिपोर्ट को पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा व उप जिलाधिकारी धनघटा द्वारा पुष्टि करते हुए उसे जिलाधिकारी संतकबीरनगर को प्रेषित किया गया। प्रधान प्रतिनिधि पर पर आरोप है कि वह अपराधी प्रवृत्ति के हैं जिसके कारण लोग थाने पर उनकी शिकायत नहीं कर पाते हैं। साथ ही साथ उनके दुस्साहस के कारण समाज में भय व आतंक का माहौल बनता है। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रधान हरिश्चंद्र यादव पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके तहत उन्हें 6 माह के लिए जनपद से निष्कासित किया गया है। निष्कासन अवधि में जहां पर हरिश्चंद्र यादव निवास करेंगे उसकी सूचना उन्हें पुलिस को देनी होगी।

# पांच आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने कई मामले में अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने तीन आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

इसके साथ ही जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ ज़ारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त गोपी पुत्र हीरालाल, विजय पुत्र मीलू निबासीगण बेलदारी टोला को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# मारपीट में घायल को अस्पताल भिजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट की घटना में घायल को अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1484 को धनघटा से दो पक्षों में मारपीट में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची। मारपीट में घायल विजय निवासी सिरसी को एम्बुलेंस से सीएचसी हैंसर भिजवाया।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। यातायात नियम का उल्लंघन करने पर 92 वाहनों के चालकों से 80 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया।

# बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

राजघाट। नंदौर–रुधौली मार्ग पर सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में के मामले में परिजनों की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बेलहर थाना प्रभारी अमित कुशवाहा ने बताया कि बेलहर थाना क्षेत्र छपिया पुल पर सोमवार शाम मोटरसाइकिल और बोलोरो की भिड़ंत हो गई थी जिसमें बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र धमसा निवासी मुस्ताक की मौत हो गई थी।

# दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, दुष्कर्म व जानमाल की धमकी देने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के मामले मे वांछित आरोपित जयहिंद पुत्र रामलौट निवासी चपरा पूर्वी को नेतवापुर पेट्रोल पंप के पास से दबोचा। उक्त आरोपित वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के साथ ही उसे जानमाल की धमकी दी।

# वाहनों से 80 हजार रुपये वसूला जुर्माना

संतकबीर नगर : जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत 92 वाहनों से 80,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। (जासं)

# शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धर्मसिंह्वा थाने की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में तीन आरोपितों को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा। पिछले दिनों गांव में बवाल करने के आरोप में आरोपितों पर कार्रवाई हुई है। (जासं)

# भूमि का बैनामा करने वाले भाई को पीटा, दो पर केस

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा थाना के सिरसी गांव में भूमि का बैनामा किये जाने को लेकर मंगलवार को दो भाइयों में विवाद हुआ। इसको लेकर भाई व भतीजे ने मारा-पीटा। घायल भाई की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने वाले भाई व भतीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। धनघटा थाने पर दी गयी तहरीर में सिरसी गांव निवासी विजय कुमार पुत्र रामनरेश ने यह उल्लेख किया है कि वह अपने निजी भूमि को उपचार व जरूरी कार्य कराने के लिए कुछ माह पूर्व बैनामा कर दिये थे। इसको लेकर उनके भाई रामकुमार और भतीजे विशाल ने मंगलवार को उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर भाई और भतीजे के खिलाफ जान-माल की धमकी देने, मारने-पीटने आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**जासं, सांथा, संतकबीर नगर :** बेलहर थाना क्षेत्र के छपिया पुल के पास हुए मार्ग दुर्घटना में युवक की मृत्यु के मामले में पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने व गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार की देर शाम राशिद पुत्र खुर्शीद निवासी पसनारा व मुश्ताक पुत्र खालिम निवासी धमसा थाना रूधौली जनपद बस्ती बाइक से नंदौर की तरह जा रहे थे। इसी समय सामने से एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को छपिया पुल के करीब टक्कर मार दी, जिसमें मुश्ताक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दूसरे युवक राशिद को गंभीर चोटें आई थी।

उक्त मामले में मृतक के पिता खलील की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बेलहर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# प्रशासन की अनदेखी से सड़कों पर दौड़ रहे अनफिट वाहन

[illegible]

- वाहनों की सुरक्षा प्रणाली ठीक नहीं होने से हर वर्ष हो रही दर्जनों की मृत्यु
- लापरवाही से छीन रही हैं खुशियां, मिल रहा है जीवन भर का दर्द
- मिलीभगत से फिटनेस बनवाकर दौड़ रहे चार पहिया वाहन

सड़कों पर बड़ी संख्या में अनफिट वाहन दौड़ रहे हैं। यही कारण है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मार्ग दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोगों की मृत्यु और बड़ी संख्या में घायल हुए लोगों की संख्या बता रही है कि सड़कों पर सफर ठीक नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि कार्रवाई नहीं हो रही, उसके बावजूद हो रही दुर्घटनाएं यही बताती हैं कि इसे रोकने के प्रयास में कहीं न कहीं कमी है।

घर से निकलने के दौरान सबके परिजन को सुरक्षित वापस आने का इंतजार रहता है। सुरक्षित चलने के लिए लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए सचेत भी किया जाता है। हम खुद ठीक से चलें, परंतु सामने अथवा पीछे से आ रहे वाहन की फिटनेस ठीक नहीं होने से कब क्या अनहोनी हो जाए, कहा नहीं जा सकता। थोड़ी सी लापरवाही से खुशियों से भरे परिवार में जीवनभर का दर्द मिल रहा है। ठंड के मौसम में कोहरे के बीच इस प्रकार के वाहनों से खतरे की आशंका और भी बढ़ जाती है। खटारा वाहनों का संचालन रोकने के लिए जिम्मेदारों द्वारा दावे तो किए जाते हैं, परंतु जनपद की हर सड़कों पर प्रतिदिन इन्हें दौड़ते हुए देखा जा सकता है।

**कभी ब्रेक फेल तो कभी एयरबैग न खुलने से हो रही दुर्घटनाएं :** मार्ग दुर्घटनाओं में कभी ब्रेक फेल होने तो कभी एयरबैग नहीं खुलने के मामले सामने आते हैं। इसकी जांच के लिए जनपद में प्रशासनिक स्तर से कोई ठोस इंतजाम नहीं हैं। जांच करने वालों का ध्यान सीट बेल्ट, हेलमेट आदि तक ही सीमित रहता है।

**कागजात सही तो सब सही :** वाहन चाहे चार पहिया हो या दो पहिया अथवा भारी वाहन, इसकी जांच पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी करते हैं। इनके द्वारा वाहन चालकों से कागजात की मांग की जाती है। कागजात सही मिलने पर सब कुछ सही मान लिया जाता है। किसी को चालक की सीट पर बैठकर ब्रेक की जांच करने की फुर्सत नहीं होती है। हर कोई चालान का कोटा पूरा करके अपनी जिम्मेदारियों को पूरी कर लेता है। खास बात है कि अधिकारी बड़ी संख्या में चालान को ही मातहतों के सार्थकता का प्रमाण मानते हैं।



शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते ही होती है दुर्घटनाएं। जागरण



शहर के चौराहा पर मौजूद यातायात पुलिस। जागरण



जनपद की सड़कों पर बेतरतीब ढंग से आवागमन करते लोग। जागरण

### इन बिंदुओं की होती है जांच

एम परिवहन पर वाहनों के जांच की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। 15 वर्ष से कम आयु वाले वाहनों के लिए आठ वर्ष तक हर दो वर्ष पर जांच करानी होती है, जबकि इससे अधिक आयु के वाहनों को हर वर्ष फिटनेस बनवाना जरूरी होता है। गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए 15 वर्ष के लिए एक बार ही फिटनेस बन जाता है। जांच के दौरान ब्रेक, हॉर्न, इंडीकेटर, साफ-सफाई, प्रदूषण, स्टेयरिंग, लाइट, शाकर, चेसिस, बॉडी, इंजन, चेसिस नंबर प्लेट आदि देखा होता है।

### यह है 15 वर्ष पुराने वाहनों का फिटनेस शुल्क

| वाहन | निरीक्षण शुल्क | फिटनेस शुल्क | योग |
|---|---|---|---|
| मोटरसाइकिल | 400 | 1000 | 1400 |
| तीन पहिया | 800 | 3500 | 4300 |
| कार | 800 | 10000 | 10800 |
| भारी वाहन | 1000 | 12000 | 13000 |

## यातायात

### जनपद में वाहनों की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल वाहन | 258663 |
| इस वर्ष पंजीकृत वाहन | 7303 |
| बाइक | 230250 |
| कार | 20156 |
| व्यावसायिक वाहन | 8233 |
| व्यावसायिक वाहनों की फिट संख्या | 4960 |
| व्यावसायिक वाहनों की अनफिट संख्या | 3273 |

### इस वर्ष नियमों की अनदेखी पर हुई कार्रवाई

| वजह | चालान |
|---|---|
| हेलमेट न पहनने | 4280 |
| सीट बेल्ट न लगाने | 201 |
| मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने | 1333 |
| नो पार्किंग | 608 |
| रेड लाइन जंप | 55 |
| तीन सवारी | 2577 |
| नशे में वाहन चलाना | 555 |
| ओवर स्पीड | 17 |
| वाहनों से हुई शमन शुल्क की वसूली | 5105469 |



दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुलिस विभाग समय-समय पर अभियान चलाता है। कार में सीट बेल्ट लगाने के साथ ही बाइक सवार को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया जाता है। ठंड के मौसम में दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विभाग जनपद में जागरूकता अभियान शुरू किया है।

**संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक**



अनफिट वाहनों के खिलाफ विभाग ने अभियान शुरू किया है। हर दिन ओवरलोड और नो-पार्किंग के साथ ही समय पूरा कर चुके वाहनों को सीज किया जा रहा है। नवंबर माह में ही दर्जनों वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

**अमरजीत सिंह, उप संभागीय परिवहन अधिकारी**

### यह है वर्षवार आंकड़ा

| वर्ष/कुल हादसे/मृत्यु/घायल | | | |
|---|---|---|---|
| 2020 | 53 | 36 | 29 |
| 2021 | 62 | 27 | 32 |
| 2022 | 47 | 27 | 19 |

# बंधक बनाकर एलआइसी के अधिकारी से लूट का प्रयास

- घटना के दौरान शोर मचाने पर बाइक छोड़कर भागे आरोपित
- आरोपितों को पकड़कर कोतवाली पुलिस कर रही पूछताछ

**जासं, संतकबीर नगर :** कोतवाली खलीलाबाद के पश्चिमी बंजरिया मुहल्ले में दो युवकों ने असलहे के बल पर एलआइसी के विकास अधिकारी को उनके घर में बंधक बना लिया तथा उनसे लूटपाट का प्रयास किया। विकास अधिकारी ने जब शोर मचाया तो आरोपित मौके से अपनी बाइक छोड़कर भाग खड़े हुए।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

एलआइसी में विकास अधिकारी केसी मिश्रा का मकान हाईवे के करीब पश्चिमी बंजरिया में है। सोमवार की रात 8.30 बजे के करीब वह अपने घर पर थे, तभी बाइक से दो युवक शादी का कार्ड देने के बहाने आए।

हेलमेट लगाए उन युवकों को देखकर केसी मिश्रा को लगा कि दोनों उनके किसी परिचित के यहां से आए हैं। वह कार्ड लेकर देखने लगे तो उनमें से एक ने पानी मांगा।

वह पानी लेने के लिए अंदर गए तो उनके साथ दोनों युवक भी कमरे के अंदर घुस गए। इस दौरान एक ने उनको पकड़ लिया तथा दूसरे ने उनके पेट में असलहा सटा दिया। उनकी इस हरकत को देखकर केसी मिश्रा अवाक रह गए और चिल्लाना शुरु कर दिए। उनकी चीख-पुकार सुनकर बाहर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

इसके बाद दोनों आरोपित बाहर निकले और अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची तथा उनकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। देर रात दोनों युवकों को दबोच लिया गया तथा उनसे पूछताछ चल रही है।

> घटना की जानकारी होते ही मामला दर्ज कर लिया गया। इसी बीच दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों से पूछताछं चल रही है। आरोपित और पीड़ित एक-दूसरे के जानते हैं। एक ने बताया कि वह पीड़ित के स्कूल में डांस सिखाता था। उसका कुछ पैसा बकाया था, जिसे वह मांगने गया था। बाद में हंगामा होने पर वह दोनों डर कर भाग गए।
>
> **सर्वेश राय,** प्रभारी निरीक्षक, खलीलाबाद कोतवाली

**एक तरफ घटना तो दूसरी तरफ पेशबंदी :** आरोपित एक तरफ मौके पर बाइक छोड़कर भाग गए तो दूसरी तरफ रात करी नौ बजे दोनों ने कोतवाली में जाकर पेशबंदी करते हुए पुलिस को लिखित सूचना दी कि दो लोगों ने असलहे के बल पर उनकी बाइक हाईवे पर स्थित एक होटल के पास लूट ली है।

इसके बाद कोतवाली पुलिस ने वायरलेस किया तथा इंडस्ट्रियल एस्टेट पुलिस चौकी को इस बात की सूचना दी। दोनों को पुलिस चौकी पर भेज दिया। इधर चौकी प्रभारी प्रतिभा सिंह उनसे घटना के बारे में जानकारी ले रही थीं, तभी कोतवाल का फोन उनके पास पहुंचा कि दोनों युवक अगर उनके पास हैं तो उनको पकड़कर ले आएं।

वह बंजरिया मुहल्ले में घटना को अंजाम देकर भागे हैं। इसके बाद पुलिस ने उन दोनों को दबोच लिया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा थाने की पुलिस ने जयहिंद को नेतवापुर पेट्रोल पंप से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। आरोपित एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा लिया था व उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। (जासं)

# प्रभारी ने कार्रवाई की जगह पीड़ित को पुलिस चौकी से भगाया

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर: बीआरडी मेडिकल कालेज से उपचार करवाकर मंगलवार को पौली पुलिस चौकी पर पहुंचे पीड़ित को प्रभारी ने भगा दिया। चौकी प्रभारी ने कहा कि वह बेवजह बातें कर रहे थे। इससे वह परेशान होकर उन्हें यहां से भगाया। धनघटा थाना के अजांव गांव निवासी कमालुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन बिजली विभाग में मीटर रीडर हैं। वह छह नवंबर को शाम के करीब छह बजे बाइक से घर जा रहे थे। वह दुल्हापार गांव के राम जानकी मार्ग पर पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें ठोकर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सीएचसी हैंसर बाजार के डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। हालत गंभीर देखकर उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर रेफर कर दिया था। यहां से उपचार करवाकर वह घर पर पहुंचे। जिस दिन घटना हुई थी, उस दिन यहां के चौकी इंचार्ज को उनके भाई ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली व बाइक अपने कब्जे में ली थी, लेकिन उनके पहुंचने पर ट्रैक्टर-ट्राली गायब मिला। इसके बारे में चौकी प्रभारी से पूछताछ करने पर आक्रोशित हो गए। इस संबंध में पूछने पर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि वह बेवजह की बातें कर रहे थे। अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है, इसके कारण ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़ दिया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद इसे कब्जे में ले लिया जाएगा।

# अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज

बेलहर। क्षेत्र के छपिया पुल के पास हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि सोमवार की देर शाम 30 वर्षीय राशिद पुत्र खुर्शीद निवासी पसनारा और 25 वर्षीय मुश्ताक पुत्र खलील निवासी धमसा रुधौली, बस्ती बाइक से नंदौर की ओर जा रहे थे। छपिया पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मुश्ताक की मौत हो गई थी। जबकि राशिद घायल हो गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# खेत बेचने से नाराज भाई-भतीजे पर पीटने का आरोप

धनघटा। क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी एक युवक को खेत बेचने से नाराज उसके सगे भाई ने मारपीट कर मंगलवार की सुबह गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पीड़ित विजय कुमार राय का आरोप है कि वह अपने हिस्से का खेत बेचने के लिए जा रहे थे। जिसकी जानकारी उसके भाई को हुई तो और नाराज हो गए। भाई ने भतीजे के साथ मिलकर मारपीट कर उसे घायल कर दिए। एसओ केडी सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरु कर दी गई है। संवाद

# एसपी ने मातहतों को पहनाया नया प्रतीक चिह्न

**संतकबीरनगर।** एसपी सोनम कुमार ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी, सीओ समेत अन्य पुलिस कर्मियों को उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए जारी नए प्रतीक चिह्न को पहनाया।

एसपी ने बताया कि डीजीपी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर और राष्ट्र की 75 साल की अथक सेवा के सम्मान स्वरूप नए प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया गया।यह प्रतीक चिह्न वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर पहना जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश पुलिस में एकरुपता लाए जाने का प्रयास है।

उसी क्रम में मातहतों की वर्दी पर नया प्रतीक लगाया गया। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह,सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाल सर्वेश राय, एसओ बखिरा अनिल सिंह,एसओ बेलहर अमित कुशवाहा, पेशकार राकेश मिश्र आदि उपस्थित रहे। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी के मामले में केस

बखिरा। कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को बखिरा पुलिस ने ट्रक चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच शुरु कर दी।

पीड़ित वाहन मालिक / ड्राइवर दिनेश कुमार निवासी ऊंचगांव थाना मुंडेरवा (बस्ती) ने बताया कि वह 26 अगस्त को ट्रक लेकर नंदौर - बांसी मार्ग से होकर बांसी जा रहा था। उसी दौरान पेट में काफी तेज दर्द शुरू हुआ। जिसकी वजह से वह दवा लेने के लिए ट्रक को नेतारी चौराहे के निकट खड़ा कर दिया। उसने सीएचसी खेसरहा जाकर पेट दर्द का इलाज कराया।

दवा लेकर वापस पहुंचा तो ट्रक अपने स्थान से गायब पाया। आस-पास लोगों से जानकारी करने के बावजूद कुछ पता नहीं चला। बखिरा पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

जरिए रजिस्टर्ड एसपी को सूचना दिया,फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। संवाद

# कार्ड देने के बहाने घर में घुसकर लूट की कोशिश

संतकबीरनगर। शहर के बंजरिया पश्चिमी मोहल्ले में कार्ड देने के बहाने घर में घुसकर लूटने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी।

शहर के बंजरिया पश्चिमी निवासी कृष्णचंद्र मिश्र पुत्र स्वर्गीय भाष्कर नाथ मिश्र का आरोप है कि सोमवार की देर शाम उसके घर पर शादी का कार्ड देने के बहाने दो अज्ञात लोग बाइक से आए। आरोप है कि उससे एक गिलास पानी मांगा। जैसे ही वह पानी लेने घर में घुसे, वैसे ही दोनों लोग पीछे से आकर उसके पेट पर असलहा सटा दिए। उसे बंधक बनाया व लूटने का प्रयास किया। असलहा से उसके पेट में चोटें आई। शोर मचाने पर लोगों को आते देख दोनों भाग गए। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश, केस दर्ज करने का आदेश

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने धनघटा पुलिस को तीन दिन में आख्या प्रस्तुत करने को कहा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी को कमरे में बंद कर दुष्कर्म की कोशिश करने और जानमाल की धमकी देने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने धनघटा पुलिस से तीन दिन के भीतर आख्या भी मांगी है।

अधिवक्ता राजेश ने बताया कि धनघटा क्षेत्र के निवासी पीड़िता के पिता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें आरोप मढ़ा कि 23 मार्च 2022 की रात उसकी 13 वर्षीय बेटी अपनी मां को जगाकर घर के बाहर बने शौचालय में नित्यक्रिया के लिए गई। उसी दौरान पड़ोसी 22 वर्षीय युवक पहुंच गया और उसकी बेटी को पीछे से पकड़ लिया। बेटी के विरोध करने पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया।

**आरोप- 23 मार्च 2022 को आरोपी ने की किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश**

आरोप है कि बेटी का मुंह बंदकर घसीटते हुए बगल में स्थित अपने घर में ले गया। जहां कमरे के दरवाजे को अंदर से बंद कर कपड़े फाड़ दिया और बेटी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इधर जब बेटी काफी देर बाद भी नहीं आई तो पत्नी बाहर स्थित शौचालय की तरफ गई। वहां जाने पर बेटी को नहीं देख घबराई और रोते हुए उसे बताया। दंपती अपनी बेटी को तलाशने लगे। पड़ोसी युवक के घर जब गए तो बेटी के रोने की आवाज सुनाई दी। बंद कमरे को खुलवाने की कोशिश की। डायल 112 नंबर की पुलिस को फोन किया।

पुलिस भी आई आरोपी को पकड़ कर साथ थाने ले गई। बेटी के कपड़े फटे हुए थे और चोटें आई थी। कुछ समय बाद आरोपी स्थानीय थाने से छूटकर घर वापस आया और उसके परिवार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी दिया।

आरोपी मनबढ़ है तथा अवैध शराब बनाने बेचने का कारोबार भी करता है। स्थानीय थाने को अपने पक्ष में कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाने पर सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जरिए रजिस्टर्ड डाक एसपी को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित पिता को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश धनघटा पुलिस को दिया। कोर्ट ने तीन दिवस के अंदर आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म का आरोपी दोषमुक्त

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने छात्रा को भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित मां ने महुली थाने में तहरीर दिया। जिसमें आरोप मढ़ा कि उसकी बेटी को गांव का ही युवक सात माह पहले वर्ष 2018 को भाग ले गया। आरोप है कि उसकी बेटी को स्कूल के सामने बाइक लेकर आरोपी मिला और बेटी को घर छोड़ देने की बात कहा था।

उसकी बातों में आकर बेटी बाइक पर बैठ गई। रास्ते में आरोपी ने बेटी को पेय पदार्थ पिलाया। जिससे बेटी बेहोश हो गई और उसी हालत में किसी स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया।

वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दिया। आरोप है डरा धमका कर बेटी से बराबर दुष्कर्म करता रहा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। दौरान ट्रायल आरोपी जेल में निरुद्ध रहा। कोर्ट ने आरोपी के विरुद्ध आरोप साबित नहीं हो ने पर दोषमुक्त कर दिया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि आरोपी बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। आरोप है कि किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ किशोरी को भगाने, दुष्कर्म करने और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का केस दर्ज कराया

धानेपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने अपनी 23 वर्षीय पुत्री को एक व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है । पीड़ित ने दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि घनश्याम वर्मा उर्फ राकेश वर्मा ने उसकी 23 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप लगाया है कि उसकी बेटी 50 हजार की नकदी, शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व मोबाइल नंबर को भी ले कर चली गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत पर घनश्याम वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# गौशाला के कर्मियों को पीटा

अलावल देवरिया। रुद्रगढ़नौसी की गौशाला में काम कर रहे कर्मचारियों को पास स्थित गांव के चार लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। घायल कर्मचारियों ने थानाध्यक्ष धानेपुर से घटना की शिकायत की है । देवेन्द्र पाण्डेय ग्राम सिंहपुर व रूद्र नौसी के निवासी छोटेलाल पुलिस को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि मंगलवार को रुद्रगढ़ नौसी के चार लोग बकरियां लेकर गोशाला में घुस आए। हम लोगों ने बकरियों को बाहर कर दिया। इस पर नाराज दबंगों ने अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से बुरी तरह से मारा पीटा। पुलिस ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

गोंडा । सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय वीनस कुमारी ने बैंक के साथ धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध थानाध्यक्ष नगर कोतवाली को नियमानुसार अभियोग पंजीकृत करने का आदेश किया '

एसबीआई के अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव के अनुसार बैंक की कृषि विकास शाखा से उदय भान और त्रिवेणी प्रसाद निवासी ग्राम पिपरी मांझा ने तीन-तीन लाख रुपये कर्ज बैंकवालों को अंधकार में रखकर और धोखाधड़ी से ले लिया। आरोपियों ने बैंक को फर्जी शपथ पत्र भी इस बात का दिया था कि वह न तो दूसरे बैंक के कर्जदार हैं और न ही अपनी जमीन को बेच रखा है।

# हत्या करने के दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई

## फैसला

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश अनामिका चौहान ने दो हत्यारोपियों को उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता उदय प्रताप वर्मा व अवनीश धर दूबे ने बताया कि तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्राम गौहानी शिवलाल पुरवा निवासी ननकऊ यादव ने 11 मई 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उसका भाई जगन्नाथ शादी समारोह में खाना बनाने का काम करता था। वह सुबह सात बजे घर से निकला लेकिन वापस नहीं आया। शाम को महादेव ने आकर बताया कि उसके भाई की लाश यूकेलिप्टस के पेड़ पर गमछे से लटकी हुई है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस के जरिए गांव के ही श्रीचंद व लल्लू यादव दो हत्यारोपियों को अभियुक्त बनाया। प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की बहस व दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को हत्या करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास और पचपन हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# जागरूक किया

गोण्डा। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी अभिनव प्रताप सिंह ने बताया वाहन चेकिंग की गई। कुल 215 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## मारपीट में सात पर मुकदमा

**संसू, नवाबगंज (गोंडा):** जलालपुर के रहने वाले बृजपाल ने दी गई तहरीर में कहा रास्ते में पानी गिराने के विवाद को लेकर गांव के मनोज, अमरचेत, ऋषिकेश व काशीराम ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। जान से मार डालने की धमकी दी है। चकशिवरहा के अनंत राम ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही राजकुमार, माता व राजकुमार की पत्नी ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से मारपीटा है।

## बैंक से धोखाधड़ी करने पर मुकदमा का आदेश

**संसू, गोंडा :** सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी द्वितीय वीनस कुमारी ने बैंक से धोखाधड़ी करने वालों पर मुकदमा करने का आदेश दिया है। सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव ने बताया कि पिपरी माझा निवासी उदयभान व त्रिवेणी प्रसाद ने तीन-तीन लाख धोखाधड़ी करके ऋण प्राप्त कर लिया। दूसरे बैंक से कर्ज न लेने का फर्जी शपथ पत्र दिया। रकम न जमा होने पर बैंक अफसरों ने जांच की। इसमें धोखाधड़ी का राजफाश हुआ। नगर कोतवाली पुलिस व एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक शाखा कृषि विकास ने न्यायालय की शरण ली। सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी द्वितीय ने नगर कोतवाली को केस करने का आदेश दिया है।

## भगा ले जाने का मुकदमा

**बाबागंज:** धानेपुर थाने में एक व्यक्ति की तहरीर पर घनश्याम उर्फ राकेश वर्मा निवासी कुतुबगंज उजैनी कला पर युवती को भगा ले जाने का मुकदमा किया गया है।(संसू)

## मारपीट में तीन नामजद

**बाबागंज:** सोमरही की उर्मिला ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के आरोप लगाते हुए धानेपुर में तहरीर दी है। पुलिस ने उसके जेठ कुम्मारे, जेठानी वृंदा व जयराजी पर केस किया है।

# युवक की हत्या में मुकदमा

इटियाथोक : बेलवाकर्मडीह गांव के रहने वाले उमाशंकर चौबे का शव मिलने के मामले में मृतक के पिता राजितराम चौबे की तहरीर पर राजा चौबे के खिलाफ मुकदमा किया गया है। पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है।( संसू )

# पूर्व विधायक के बेटे समेत सात पर मुकदमा

**संसू, गोंडा :** बैनामा दस्तावेज का पेज बदल कर कूटरचना कर स्टांप पर बकाया अंकित कराने के मामले में पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे के बेटे ऋषिकेश दुबे उर्फ विजय दुबे समेत सात पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। देहात कोतवाली के तुर्काडीहा के रहने वाले अनिल कुमार मिश्र ने दी गई तहरीर में कहा कि विपक्षियों से भूमि का बैनामा कराया गया। इसमें साजिश के तहत बैनामा दस्तावेज का एक पेज बदल दिया गया। तय धनराशि विभिन्न माध्यमों से दी गई। विपक्षी अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। अनिल मिश्र की तहरीर पर अंकुर तिवारी, ऋषिकेश दुबे उर्फ विजय दुबे, लल्लू लाल शुक्ल, ओम प्रकाश तिवारी, सत्य प्रकाश तिवारी, मनोज पांडेय, कृष्ण मुरारी दुबे पर मुकदमा किया गया है।

# कानपुर में मिला अपहृत किशोर

**संसू, गोंडा :** सोमवार की देर शाम घर से साइकिल से निकला किशोर अचानक लापता हो गया। पिता की तहरीर पर नगर कोतवाली में अपहरण का मुकदमा लिखा गया। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही किशोर को कानपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है।

नगर कोतवाली के राधाकुंड मुहल्ला के रहने वाले राकेश कुमार ने दी गई तहरीर में कहा कि उनका 13 वर्षीय बेटा सोमवार की देर शाम घर से साइकिल से निकला था। कुछ देर बाद वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। उसका कहीं कुछ नहीं पता चला।

पुलिस ने अपहरण का मुकदमा कर किशोर की तलाश शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि सर्विलांस सहित अन्य टीमों को लगाया गया था। उप निरीक्षक नागेश्वरनाथ पटेल ने टीम के साथ उसे कानपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया है।

# हत्या कर साक्ष्य मिटाने में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

गोंडा। हत्या कर साक्ष्य मिटाने के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने आरोपी दो सगे भाइयों को सश्रम आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीश धर द्विवेदी ने बताया कि तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गौहानी के शिवलाल पुरवा निवासी ननकऊ यादव ने 11 मई 2015 को थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि उसका भाई शादी विवाह में खाना बनाने का काम करता था। गांव के ही महादेव ने आकर बताया कि वह गमछे से फांसी लगाकर पेड़ से लटका है। पुलिस ने केस दर्जकर विवेचना की तो गांव के ही श्रीचंद्र यादव व लल्लू यादव का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो जगन्नाथ की मोबाइल बरामद हुए। न्यायालय ने हत्या कर साक्ष्य मिटाने के अपराध का सबूत मिलने पर दोनों आरोपी अभियुक्तों को दोषसिद्ध किया।

विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने दोषसिद्ध अभियुक्त श्रीचंद्र यादव व लल्लू यादव को हत्या व साक्ष्य मिटाने के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

# दहेज के लिए विवाहिता को मार डाला, मुकदमा दर्ज

## पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजेहना (गोंडा)। दहेज में गहने और बाइक नहीं मिली तो ससुराल वालों ने विवाहिता की गला दबाकर मार डाला। साक्ष्य छिपाने के लिए उसे घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में छत के हुक से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका दिया। इस मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ थाना धानेपुर में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना मोतीगंज क्षेत्र के पिपरा ललक गांव के रहने वाले जयप्रकाश दूबे ने थाना धानेपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि अपनी बेटी रंजना की शादी दो साल पहले थाना धानेपुर क्षेत्र के बिहुरी गांव के मजरे शिवबक्स पुरवा के रहने वाले जगदीश पांडेय के बेटे शिवम पांडेय से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुराल वाले दहेज में गहने व दो लाख रुपये नकदी की मांग कर रहे थे।

बताया कि ससुराल वाले रंजना को अक्सर मारापीटा करते थे। जयप्रकाश के मुताबिक, बेटी के ससुराल के गांव के लोगों से मंगलवार की सुबह पता चला कि उसकी बेटी की ससुराल वालों ने हत्या कर दी है, जब वह बेटी के ससुराल पहुंचा तो उसका शव घर की दूसरी मंजिल पर बने एक कमरे में छत के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला।

जयप्रकाश का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर रंजना की गला दबाकर हत्या कर और शव को फंदे से लटका दिया। जयप्रकाश ने थाना धानेपुर में पति शिवम पांडेय,ससुर जगदीश पांडेय, सास, ननद पिंकी, रिंकी, सोनम व सीमा के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक धानेपुर संजय गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# राष्ट्रीय एकता के प्रतीक धार्मिक स्थल : योगी

## श्रद्धांजलि सभा

- सीएम ने कहा कि धार्मिक स्थलों से संचालित सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम राष्ट्र को बनाते हैं मजबूत
- लोकहित में सोचने वाले को परमार्थी का दर्जा मिलता है, समाज ऐसे लोगों को कभी नहीं भूल पाता है

तुलसीपुर, (बलरामपुर)। सीएम योगी ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर सभागार में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा में कहा कि सनातन धर्म में धार्मिक स्थल केवल आस्था का केन्द्र नहीं होते बल्कि राष्ट्रीय एकात्मकता का प्रतीक होते हैं। धार्मिक स्थलों से संचालित सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं।

संत कभी अपने लिए नहीं सोचता। उसकी सोच लोक कल्याण की होती है। जो व्यक्ति अपना ही सोचता है उसे स्वार्थी कहा जाता है। लोकहित में सोचने वाले को परमार्थी का दर्जा मिलता है। समाज उसे कभी भूलता नहीं है। तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर भारत नेपाल की एकता का प्रतीक है। मंदिर की ओर से संचालित कार्यक्रमों का लाभ आमजन को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को शक्तिपीठ के ब्रह्मलीन महंत महेन्द्र दास की 22वीं पुण्य तिथि पर



मंच पर उपस्थित सीएम योगी व संतजन।

आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देवीपाटन 51 शक्तिपीठों में एक है।

मंदिर के माध्यम से वनवासी बच्चों के लिए छात्रावास, गौशाला, कॉलेज व चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ समाज को मिल रहा है। ब्रह्मलीन महंत महेन्द्र नाथ के बारे में कहा कि उन्होंने सम्पूर्ण जीवन समाज का समर्पित किया था। गोरक्षनाथ पीठाधीश्वर महंत अवेद्य नाथ के निर्देशन में उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया।



श्रद्धांजलि सभा में मौजूद जनप्रतिनिधि और अन्य।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर भारत नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। चैत्र नवरात्र में नेपाल के दांग जिला से चलकर पीर रत्ननाथ की शोभा यात्रा यहां आती है। जिसमें नेपाल राष्ट्र के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं। यह परम्परा दशकों से चली आ रही है। गोरक्षनाथ मंदिर व शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को एकता की डोर में पिरोने का कार्य किया है। देवीपाटन मंदिर के माध्यम से सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का कार्य भी चल रहा है।

## सामाजिक दायित्व निभाता रहेगा पीठ

सीएम योगी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वह पिछले 35 वर्षों से किसी न किसी कार्यक्रम के जरिए शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर आते रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शक्तिपीठ के महंत मिथलेश नाथ योगी व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आस्था का प्रतीक देवी पाटन मंदिर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, धर्मदास, राजूदास, बालकराम दास, महंत कौशलेन्द्र गिरी, योगी विनोद नाथ, योगी दीनानाथ, अनंत नाथ, महंत महेन्द्र दास, डा. भगीताचार्य, संत सतीश दास, सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, पूर्व विधायक शैलेष सिंह शैलू, नेपाल के सांसद अभिषेक प्रताप शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जन्मेजय सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, प्रवीण सिंह विक्की आदि मौजूद रहे।

# समान व्यवहार का पाठ पढ़ाते मठ

## ब्रह्मलीन महंत के श्रद्धांजलि समारोह में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

**संसू, तुलसीपुर :** भारत में धार्मिक स्थल केवल आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकात्मकता का भी काम करती हैं। मठ और मंदिर बिना भेदभाव के समान आचरण और समान व्यवहार करने का पाठ पढ़ाते हैं।

यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 22वीं पुण्यतिथि पर गोरक्षमंडपम सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कहीं। कहा कि पूर्वांचल में गोरक्षनाथ मंदिर व इस क्षेत्र में शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर भारत-नेपाल में सांस्कृतिक सेतु का काम करता है। दोनों देशों की संस्कृति व पूजा पद्धति एक समान है, जो दोनों देशों में अपनेपन को और प्रगाढ़ करता है। कहा कि जो अपने लिए सोचता है, उसे स्वार्थी व जो दूसरों के लिए सोचता है, उसे परमार्थी कहा जाता है। अपने लिए सोचने वाले पूजनीय नहीं होते जो दूसरों के लिए सोचते हैं वह मरने के बाद भी अमर हो जाते हैं। ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ ने दूसरों के लिए सोचा। क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ देवीपाटन मंदिर के विकास में अपना बेहतर योगदान दिया, जिससे आज 22 साल बाद भी उन्हें याद किया जाता है। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने विकास की जो परंपरा इस मंदिर के लिए चलाई थी, उसका निर्वहन ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ ने किया।



तुलसीपुर देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मध्य में) ● जागरण

### अलौकिक क्षण के साक्षी बने संत-महंत

श्रद्धांजलि समारोह के समापन पर दिगंबर अखाड़ा के सुरेशदास, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास, धर्मदास, बलराम दास, रसड़ा पीठ के महंत कौशलेंद्र गिरि, विनोद नाथ, सर्वेश दास, विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, नेपाल के सांसद अभिषेक प्रताप शाही, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, हिसार के संत विनोद नाथ, महंत महेंद्र दास, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह मंजू, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू मौजूद रहे।

**पीठाधीश्वर महंत ने हेलीपैड पर की अगवानी :** नियत समय से आधा घंटा देर से पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने अपने अनुयायियों के साथ भवनियापुर में स्थित हेलीपैड पर किया।

# पराली जलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

बलरामपुर। खेत में फसलों के अवशेष जलाने जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसा करने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रभाकर सिंह ने बताया कि तमाम क्षेत्रों में फसलों के अवशेष खेत में जलाने की शिकायत मिल रही है। खेत में फसल का अवशेष जलाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। दो एकड़ तक कृषि क्षेत्र वाले किसानों से 2500, दो एकड़ से पांच एकड़ तक के किसानों से 5000 और पांच एकड़ से अधिक कृषि क्षेत्र वाले किसानों से 15000 रुपये आर्थिक दंड वसूला जाएगा। उप कृषि निदेशक ने किसानों से अपील की है कि खेत में फसल का अवशेष जलाने के बजाए पुआल के रूप में गोशाला को दान करें। यदि दान न करना हो तो फसल के अवशेष का कंपोस्ट बनाकर खेत में प्रयोग करें। (संवाद)

# भारत-नेपाल के बीच सांस्कृतिक सेतु देवीपाटन शक्तिपीठ : योगी

## मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि समारोह में महंत योगी महेंद्र नाथ के लोक कल्याणकारी कार्यों पर डाला प्रकाश

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। देवीपाटन शक्तिपीठ आस्था का केंद्र तो है ही, भारत व नेपाल की एकता का भी आधार है। देवीपाटन शक्तिपीठ दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम भी करता है। देश के धर्मस्थल केवल आस्था के केंद्र बिंदु ही नहीं हैं, राष्ट्रीय एकात्मता के भी महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु हैं। पूरा देश इनसे प्रेरणा लेता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवीपाटन शक्तिपीठ में आयोजित महंत योगी महेंद्र नाथ की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहीं।





देवीपाटन शक्तिपीठ में मंगलवार शाम को श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कार्यक्रम में मौजूद लोग। संवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत का स्वभाव लोक कल्याणकारी होता है। जो केवल अपने लिए सोचता है, वह संत नहीं हो सकता। मनुष्य भी अगर अपने लिए सोचता है तो वह स्वार्थी कहलाता है। जब लोक कल्याण के लिए सोचता है तो परमार्थी कहलाता है।

मुख्यमंत्री ने नेपाल से रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि चैत्र नवरात्र में नेपाल के दांग से सिद्ध रतन नाथ जी की यात्रा यहां आती है। यात्रा के साथ आने वाली सिद्ध रतन नाथ के प्रतीक स्वरूप पात्र देवता की पूजा पंचमी से लेकर नवमी तक यहां होती है। नवमी के बाद ये यात्रा वापस जाती है। ये हमारे एकात्मता का प्रतीक बनती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरक्षपीठ तो इस क्षेत्र में मां पाटेश्वरी का शक्तिपीठ आध्यात्मिक सेतु का काम करता है। कहा कि हमारे धार्मिक स्थल सिर्फ उपासना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्रीय एकात्मकता का संदेश भी देते हैं।

मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्र नाथ के लोक कल्याणकारी कार्यों का बखान किया। उनके द्वारा तुलसीपुर क्षेत्र में जनता के लिए किए गए सामाजिक कार्यों तथा मंदिर के विकास में योगदान पर प्रकाश डाला।

श्रद्धांजलि सभा में नेपाल के कृष्णा नगर से सांसद अभिषेक प्रताप शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, विधायक सुरेश्वर सिंह, डॉ. यशोवर्द्धन सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मां पाटेश्वरी के जयकारे से कार्यक्रम शुरू

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत मां पाटेश्वरी के जयकारे से की। अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास महराज, हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास, धर्मदास, स्वामी बलरामदास, बलिया से आए महंत कौशलेंद्र गिरि, हरियाणा से आए योगी विनोद दास, योगी दीनानाथ, अनंतनाथ, महंत महेंद्र दास व स्वामी विद्या चैतन्य ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर प्रबंधन से लेकर पुलिस-प्रशासन तक की नजरें टिकी रहीं। मुख्यमंत्री शाम पांच बजे शक्तिपीठ देवीपाटन पहुंचे और मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारियों से भी बातचीत की। वहीं, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल व एसपी राजेश कुमार सक्सेना लगातार सुरक्षा का जायजा लेते रहे। सुरक्षा के लिए बलरामपुर के साथ ही गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती जिले की पुलिस को भी ड्यूटी पर लगाया गया था।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# एसएसपी ने बैठक में दीं हिदायतें

बहराइच । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने सोमवार को शहर स्थित पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था के संबंध में अपराध गोष्ठी की। जिसमें थानेदारों को अपराध नियंत्रण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। एसएसपी ने थाना प्रभारियों के साथ जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा में त्यौहारों से संबंधित पुलिस प्रशासन सुचारु रूप से शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित रहे। इसके बारे में उचित दिशा निर्देश दिए गए।

# एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

बहराइच । गोरखपुर जोन एडीजी अखिल कुमार की ओर से पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में टॉप फाइव पर रहे थाना प्रभारियों को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार सिंह, मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा, थानाध्यक्ष मूर्तिहा, कैसरगंज एसएचओ दद्दन सिंह, देहात कोतवाल सत्येंद्र बहादुर सिंह, पयागपुर थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाटम फाइव में चल रहे थाना प्रभारियों को चेतावनी दी गई।

# यातायात पुलिस ने किया 46 वाहनों का चालान

बहराइच। यातायात पुलिस टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न चौराहों-तिराहों पर यातायत नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया। ट्रैक्टर -ट्रालियों, पिकअप, मैक्स व अन्य कामर्शियल गाड़ियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग अभियान के तहत 46 वाहनों से 147,500 रुपए का चालान किया गया। इसमें चार ऐसे वाहनों का चालान किया गया, जो नो एंट्री जोन में संचालन करते हुए पाए गए। अवैध टैक्सी व बस स्टैंड बना कर वाहनों का संचालन न करने की अपील की गई ।

# 14 दिन पूर्व खेत में मिले खून की गुत्थी सुलझी

महसी, संवाददाता। हरदी थाना क्षेत्र स्थित देव रायपुर के घटनिया गांव में एक नवंबर कि सुबह अपने खेत में कार्य करने गए परशुराम को एक घंटे में खून दिखाई पड़ा था उसके तीन दिन पूर्व खूंटे से बंधी परशुराम की गाय थी, खेत में खून मिलने की सूचना पर पहुंची हरदी पुलिस ने गड्ढे की मिट्टी खुदवाई तो भारी मात्रा में खून व एक कान में लगा बार कोड टैग मिला था। घटनास्थल पर गोवंश के पर्याप्त अवशेष न मिलने के कारण परशुराम की तहरीर पर गाय चोरी का मुकदमा लिख कर खेत में मिले खून की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुट गई। घटना के 14 दिन बाद सोमवार को पुलिस को सफलता हाथ लगी।

पुलिस टीम ने साजिद व मुनव्वर निवासी कपूरपुर सहित दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में प्रयुक्त चाकू व गंड़ासा भी बरामद कर लिया। शेष अभियुक्त जैद, परंतु, भूटाली निवासी कपूरपुर शहीद की तलाश जारी है। हरदी एसओ ज्ञान सिंह ने बताया कि एक नवंबर को खेत में मिले फोन के रहस्य से पर्दा उठ गया है परशुराम की चोरी गई गाय को जिन पांच लोगों ने काटा था।

# भूमि पर कब्जे के प्रयास में श्रमिक से मारपीट

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** शहर में भूमि की बढ़ती कीमतों के साथ ही अवैध रूप से कब्जे के मामले में भी बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार रात एक भूमि पर कब्जे की कोशिश में मारपीट हो गई। जिसमें एक श्रमिक घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उल्टे उस पर व उसकी पत्नी पर शांति भंग की कार्रवाई की। आपराधिक धाराओं में केस भी दर्ज कर लिया। जबकि नगर कोतवाल ने इसे बेबुनियाद करार देते हुए विवादित भूमि पर कब्जे की कोशिश पर कार्रवाई करार दिया है।

रामगांव थाने के जानीजोत नौतला निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह की नगर कोतवाली के घसियारीपुरा में भी भूमि है। उनके अनुसार उस पर टिनशेड रखा है। एक कमरा भी बना है। पीड़ित के मुताबिक 13 नवम्बर की रात हमलावरों ने इस भूमि पर कब्जे की कोशिश में टीन शेड में घुसकर श्रमिक रामगांव थाने के मल्लापुर निवासी कैलाश पुत्र दुजई के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। श्रमिक बेहोश हो गया। संतोष व उनकी पत्नी कंचन सिंह श्रमिक को बचाने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर पथराव कर दिया। पीड़ित के मुताबिक जब वह नगर कोतवाली तहरीर लेकर गया।

# बैंक से 14.40 लाख निकले, मुकदमा

**संसू,वलहा( वहराइच)** : चैतन्य इंडिया फिन केयर प्राइवेट लिमिटेड के ग्राहकों के 14 लाख 40 हजार रुपये निकल गए। शाखा प्रबंधक ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

शाखा प्रबंधक महेश कुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि मोहनपुर निवासी फील्ड आफिसर नीरज सिंह व सत्येंद्र सिंह पर वित्तीय अनियमितता का आरोप फिनो पैमेंट बैंक के संचालक आसिफ खान के साथ मिलकर शाखा के 44 उपभोक्ताओं के खाते से 14.40 लाख रुपये निकाल लिए गए। संपर्क करने पर सत्येंद्र व नीरज ने सहयोग से इन्कार कर दिया। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# खेत में मिली नवजात को पुलिस ने दिया जीवनदान

## जिला अस्पताल में बच्ची को भर्ती कराकर तैनात की महिला आरक्षी, सीडब्ल्यूसी अधिकारियों ने बच्ची का हाल जाना



अस्पताल में नवजात बच्ची का हालचाल लेने पहुंचे बाल कल्याण समिति के पदाधिकारी ● जागरण

**जासं, बहराइच :** लोकलाज के भय से मटेरा कला गांव के पास खेत में फेंकी गई बच्ची को पुलिसकर्मियों ने जीवनदान दिया। लावारिस बच्ची की सूचना को गंभीरता से लेकर थानाध्यक्ष खैरीघाट महिला आरक्षी के साथ मौके पर पहुंचे। बच्ची को साथ लाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी देखरेख में महिला आरक्षी को तैनात कर संवेदनशीलता का परिचय देकर अमिट छाप छोड़ी। जानकारी पाकर बाल कल्याण समिति की महिला मजिस्ट्रेट अस्पताल पहुंचीं और नवजात का हाल जाना।

एसओ निखिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार का मटेराकला के ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें बच्ची के रोने की आवाज सुनाई पड़ी। जब वे रोने वाले स्थान पर पहुंचे तो एक नवजात बच्ची लावारिस पड़ी थी। बच्ची को सीएचसी पर लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि महिला आरक्षी नेहा के साथ उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है। इसकी जानकारी बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव को हुई तो उन्होंने समिति के दो सदस्यों को मौके पर जाने के निर्देश दिए।

मजिस्ट्रेट दीपमाला प्रधान व अर्चना पांडेय जिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ असद अली से बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उसके स्वस्थ होने की बात चिकित्सक के बताने पर उसे डिस्चार्ज कराकर विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण गोंडा भेजे जाने का आदेश पारित किया गया। इसके लिए चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता मनीष यादव, अवधेश मिश्र को सुरक्षा के साथ नवजात को गोंडा में संरक्षित कराने का निर्देश दिया गया।

# पर्यटकों के लिए खुला कतर्नियाघाट



कतर्नियाघाट में पूजन कर पर्यटन सत्र का शुभारंभ करते विधायक सरोज सोनकर व डीएफओ आकाशदीप बधावन ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : मानसून सत्र में पांच महीने बंद रहने के बाद मंगलवार को कतर्नियाघाट के कपाट पर्यटकों के लिए खोल दिए गए। बाघ, तेंदुआ, हाथी, गैंडा, मगरमच्छ, घड़ियाल, डाल्फिन समेत दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीवों का दीदार पर्यटक कर सकेंगे।

कतर्नियाघाट के पर्यटन सत्र का आरंभ भव्य तरीके से इंटरप्रटेशन सेंटर पर 15 नवंबर को निर्धारित समय दोपहर दो बजे हवन-पूजन के साथ किया गया। पूजन के बाद मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर ने प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन के साथ फीता काटकर पर्यटन सत्र का आरंभ किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने शैक्षिक भ्रमण पर आए स्कूली बच्चों को जंगल सफारी के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नेपाल सीमा पर बसे बर्दिया गांव में आदिवासी समाज को आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए बनाए गए होम स्टे का उद्घाटन किया गया।

**विधायक ने शैक्षिक भ्रमण के लिए स्कूली बच्चों को किया रवाना, होम स्टे का किया उद्घाटन**

उद्घाटन में वन्य जीवों के थ्री डी चित्रों और पुतलों से सजा हुआ प्रकृति व्याख्या केंद्र आकर्षण का केंद्र रहा। घड़ियाल सेंटर पर बनाए गए कतर्नियाघाट आफीशियल ईंस्ट्राग्राम सेल्फी प्वाइंट पर पर्यटकों ने सेल्फी ली। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार मिश्र, वन निगम के आरएन सिंह, कतर्निया फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवानदास लखमानी, रेंजर रामकुमार, अंकुर राव, मयंक पांडे, दुधवा फाउंडेशन के आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज सारस्वत राज, अन्नू शुक्ल, हीरालाल यादव, अवधनरेश शुक्ल मौजूद रहे।







# वन कर्मियों को बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज

**संसू, वावागंज( वहराइच )** : अब्दुल्लागंज वन रेंज के समतलिया बैरियर पर वन कर्मियों को बंधक बना जबरन बैरियर खोलने वाले तस्करों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तस्कर वनकर्मी व भैसों से लदा पिकअप नेपाल बार्डर की ओर निकाल ले गए। वनकर्मी की पिटाई कर छोड़ा।

शनिवार की भोर वन कर्मी शिवनरायन व वन रक्षक मनोज कुमार तिवारी तैनात थे। भैसें लदी पिकअप पहुंची। वाहन से सात-आठ लोग उतरे और बैरियर खोलने को दबाव बनाने लगे। मना करने पर शिवनरायन को पिकअप पर बंधक बना लिया। शिवनरायन की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने रुपईडीहा के मोहनापुर निवासी दिनेश, तिगड़ी गांव के राजेश गिरि, बाराबंकी जिले के टेरा टिकरा निवासी व हाल समय नेपाल के बांके जिले के हिरमिनियां थाने के भज्जूपुरवा निवासी मंसूर के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। जांच दारोगा शैलेंद्र कुमार को सौंपी गई है।

# बदलें या बदलाव के लिए रहें तैयार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले की कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में बैठक हुई। इस दौरान एसपी ने बीते माह जारी हुई पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फिसड्डी रहे थानाध्यक्षों की जमकर क्लास लगाई।

उन्होंने कहा कि रवैया बदलें या फिर बदलाव के लिए तैयार रहें। इस दौरान रैंकिंग में टॉप पांच स्थानों पर रहे थानाध्यक्षों की तारीफ भी की। जिले के सभी 23 थानों पर फरियादियों को मिलने वाली सुविधाओं, अपराध और अपराधियों की धरपकड़ की स्थिति जानने के लिए सोमवार को एसपी केशव कुमार चौधरी ने बैठक की।

इस दौरान उन्होंने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फिसड्डी रही महिला थाना प्रभारी शीला यादव, रामगांव प्रभारी संजय सिंह, नानपारा प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह, छिरसिया प्रभारी इंद्रजीत यादव और नवाबगंज थाना प्रभारी रामसमुझ प्रभाकर को फटकार लगाई।

वहीं, रैंकिंग में टॉप रहे मोतीपुर थाना प्रभारी मुकेश सिंह, मुर्तिहा शशि कुमार राणा, कैसरगंज ददुदन सिंह, कोतवाल देहात सतेंद्र बहादुर सिंह और पयागपुर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय की एसपी ने तारीफ की। बैठक में एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी मौजूद रहे।

# संवेदनहीनता : नवजात को खेत में फेंक दिया

## पराली से ढकी मिली 24 घंटे पहले जन्मी बच्ची

### बाल कल्याण समिति ने इलाज के लिए कराया भर्ती

संवाद न्यूज एजेंसी

खैरीघाट (बहराइच)। मनावता को शर्मसार करने वाली एक घटना खैरीघाट थानाक्षेत्र में सामने आई है। किसी पत्थर दिल शख्स ने जन्म के 24 घंटे बाद ही एक नवजात बच्ची को खेत में फेंक दिया।

मांथाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा के सरलीबाग में सोमवार की रात खेत में से नवजात के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो भौचक्के रह गए।



जानकारी मिलने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्ची को देखने पहुंचे बाल कल्याण समिति के सदस्य। -संवाद

सर्द रात में खेत में उन्हें पुआल से ढकी एक दिन की नवजात बच्ची मिली जो मौत और जिंदगी के बीच झूल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में इस नवजात को गांव के ही एक दंपती को देखभाल के लिए सौंप दिया। मंगलवार सुबह पहुंची बाल कल्याण समिति की सदस्यों ने नवजात बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा के सरलीबाग में सोमवार की रात शौच को निकले ग्रामीणों को खेत से बच्चे के रोने की आवाज सुनायी दी। पास जाकर देखा तो पराली से ढकी बमुश्किल एक दिन की नवजात जिंदगी जीने की लड़ाई के लिए हाथ पैर मारती दिखी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना खैरीघाट पुलिस को दी।

मंगलवार सुबह पहुंची बाल कल्याण समिति की सदस्या अर्चना पांडेय व दीपमाला प्रधान ने नवजात को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। सदस्य अर्चना पांडेय ने बताया कि नवजात की सुरक्षा में एक महिला आरक्षी को तैनात किया गया है। नवजात के पूर्णतया स्वस्थ होने पर इसे विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण पोर्टल गोंडा भेजा जाएगा।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-11-2022

# पुलिस ने 130 वाहनों का किया चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार को 130 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 75 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

---

## कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** आबकारी निरीक्षक अरविंद्र कुमार सिंह व उमाशंकर चौधरी ने मल्हीपुर पुलिस टीम के साथ हंसापुरवा, राजपुतिया व खैरहवाकला गांव में छापेमारी कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की ।। 70 किलोग्राम लहन नष्ट कराया गया। तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।( वि.)

## 130 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 130 वाहनों का चालान किया गया।एक लाख 75 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया।( वि.)

# अभिभावक व लिपिक के बीच हाथापाई

श्रावस्ती। भिनगा स्थित एक विद्यालय में अभिभावक व विद्यालय प्रशासन के बीच हाथापाई हो गई। अभिभावक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार को भिनगा के राजेश कुमार अपने बच्चों की फीस को कार्ड पर चढ़वाने के लिए बीएस एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में गए थे।

अभिभावक राजेश कुमार ने बताया कि विद्यालय के लिपिक प्रशांत ओझा को फीस आनलाइन जमा करने की बात बताकर कार्ड पर चढ़ाने के लिए कहा। तो वह भड़क गए और गाली देने लगे। शोर सुनकर विद्यालय के प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी बिना कुछ सुने भला बुरा कहना शुरू कर दिया। तब तक लिपिक ने कुर्सी से राजेश पर हमला कर दिया। जिससे सिर में चोट आई है।

# छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की जेल

श्रावस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया। अभियोजन पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकान्त त्रिपाठी कर रहे थे।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवानी किशोरी 10 नवम्बर 2018 को दिन में करीब एक बजे अपने घर के दरवाजे के पास खेल रही थी। उसी समय समीउल्ला पुत्र इंदाज खां किशोरी को डली खिलाने के बहाने अहाते में बुला ले गया। इसके बाद किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी ने इसका विरोध किया और भागकर छिप गयी और दोषी मौके से फरार हो गया।

# 40 लीटर कच्ची शराब व लहन बरामद

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के हंसा पुरवा, राजपुतिया एवं सोनवा थाना क्षेत्र के खैरहवाकला गांव में छापा मारा। टीम ने 40 लीटर कच्ची शराब व 70 किलोग्राम लहन बरामद की। लहन को टीम ने मौके पर नष्ट करा दिया है।जबकि शराब को कब्जे में लेकर मामले में तीन लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। संवाद

# 66 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को चेकपोस्टों व बैरियर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 66 वाहनों का ई-चालान किया। 175500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# शांति भंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार रात अभियान चला कर नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद